सेंसेक्स 77,470.11 ● निफ्टी 24,187.70 ● डॉलर 96.23 ₹ ● सोना 1,39,650 ₹ ● चांदी 2,40,000 ₹

पेज 06 संसद मार्च : सीजेपी की अराजकता... पेज 08 विकास परियोजनाओं के लिए...

हिन्दी दैनिक

# झारखंड दर्शन

हर खबर पर नजर

आषाढ़ शुक्ल पक्ष नवमी संवत 2083

पेज 12



पारा आपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
| --- | --- |
| 28.00 | 24.00 |

सूर्यास्त (आज) ▸ 18.37

सूर्योदय (कल) ▸ 05.14

बोकारो से प्रकाशित

RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, बुधवार 22 जुलाई 2026 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 3/- रुपया ● वर्ष : 09 अंक : 22 Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

झारखंड दर्शन के पाठकों व शुभेच्छुओं से आग्रह है कि किसी भी प्रकार के विज्ञापन देने के लिए आप फोन नंबर 9262578999 पर सम्पर्क कर सकते हैं। साथ ही अगर आप तक हमारे अखबार की प्रति नहीं पहुंच रही है तो भी उपरोक्त नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

प्रबंधक

आवश्यकता

हमारे हिंदी दैनिक झारखंड दर्शन को अपने लेखा विभाग के लिए एक योग्य और अनुभवी अकाउंटेंट और मार्केटिंग के लिए व्यक्ति की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति अपना रिज्यूमे इस ईमेल एवं फोन नंबर पर भेज सकते हैं।

email - jharkhanddarshan405@gmail.com

Phone - 91025 69636, 92625 78999

### 14वीं झारखंड लोक सेवा आयोग की परीक्षा में हुई कथित गड़बड़ी और अनियमितताओं के मामले में कार्रवाई

# जेपीएससी कार्यालय में सीआईडी और रांची पुलिस की छापेमारी

संवाददाता

**रांची।** 14वीं झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की राज्य सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में हुई कथित गड़बड़ी और अनियमितताओं के मामले में मंगलवार को बड़ा एक्शन देखने को मिला है।

रांची स्थित आयोग के कार्यालय में सीआईडी और रांची पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए दबिश दी। पुलिस और सीआईडी की टीम ने आयोग के संबंधित अधिकारियों से पूछताछ की और परीक्षा प्रक्रिया से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेजों की पड़ताल की।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार छापेमारी के दौरान पुलिस बल ने पूरे जेपीएससी मुख्यालय परिसर को चारों तरफ से घेर लिया ताकि कोई भी बाहरी व्यक्ति अंदर न प्रवेश कर सके और न ही अंदर से कोई संदिग्ध सामग्री बाहर भेजी जा सके।

बताया गया है कि इस छापेमारी का नेतृत्व खुद रांची के सिटी एसपी ने की। इस मौके पर सुरक्षा व्यवस्था और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई वरीय पुलिस पदाधिकारियों और जवानों की तैनाती की गई थी। कार्यालय के कर्मचारियों की आवाजाही पर भी अस्थायी रोक लगा दी गई थी।

- पीटी परीक्षा रिजल्ट में गड़बड़ी की शिकायतों पर एक्शन
- पुलिसकर्मियों ने पूरे कार्यालय परिसर के चारों ओर से घेरा



### डिजिटल साक्ष्यों और मेरिट लिस्ट से जुड़े कागजातों की जांच, अधिकारी के आवास पर भी छापेमारी

जांच एजेंसी को जेपीएससी की पिछली कुछ परीक्षाओं और नियुक्तियों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी और नियमों के उल्लंघन की शिकायतें मिली थीं। बताया गया है कि जांच टीम में शामिल अधिकारी आयोग में रखे फाइलों को खंगाल रही है। इसके अलावा डिजिटल साक्ष्यों, कंप्यूटर के हार्ड डिस्क, मेरिट लिस्ट से जुड़े कागजातों और अन्य संदेहास्पद फाइलों की गहन पड़ताल की जा रही है। ऐसी भी जानकारी मिल रही है कि जेपीएससी के एक अधिकारी के आवास पर भी छापेमारी चल रही है।

### रिजल्ट जारी होने के बाद से ही गहराया था विवाद

14वीं जेपीएससी प्रारंभिक परीक्षा का परिणामजारी होने के बाद से ही आयोग की पारदर्शिता और मंशा पर लगातार गंभीर सवाल खड़े हो रहे थे। अभ्यर्थियों और विभिन्न छात्र संगठनों का आरोप था कि परीक्षा प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई है। परिणाम आने के तुरंत बाद से ही पूरे राज्य में छात्र संगठनों का उग्र विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया था। छात्रों के भारी दबाव और मिली औपचारिक शिकायतों के आधार पर पुलिस और सीआईडी ने यह बड़ा कदम उठाया है। फिलहाल जेपीएससी कार्यालय में जांच जारी है।

### परीक्षा आयोजित कराने वाली एजेंसी के ठिकाने पर भी छापेमारी, 3 हिरासत में, कार्यालय सील

झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) कार्यालय में छापेमारी के बाद सीआईडी और रांची पुलिस की कार्रवाई परीक्षा आयोजित कराने वाली एजेंसी तक पहुंच गई है। सीआईडी की टीम ने जेपीएससी की परीक्षा आयोजित कराने वाली एजेंसी टीडीपीएल से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी की है। जानकारी के अनुसार, कार्रवाई के दौरान एजेंसी से जुड़े तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। साथ ही जांच टीम ने एजेंसी के कार्यालय को सील कर दिया है। छापेमारी के दौरान टीम ने पेन ड्राइव, हार्ड डिस्क, डायरी समेत कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और कागजात बरामद किए हैं। बरामद सामान को जांच टीम ने अपने कब्जे में ले लिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड का मॉनसून सत्र 6 से 12 अगस्त तक, 5 बैठकें होगी

**रांची।** झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र आगामी 6 से 12 अगस्त तक आहूत करने के प्रस्ताव के मंजूरी दी गई है। मॉनसून सत्र में पांच कार्यदिवस होंगे। इस आशय के औपबंधिक प्रस्ताव को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को झारखंड कैबिनेट की हुई बैठक में मंजूरी दे दी गई। बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

### सीजेपी प्रदर्शन के दौरान 118 पुलिसकर्मी घायल

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में 'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) के प्रदर्शन के दौरान कई वरिष्ठ अधिकारियों सहित 118 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। दिल्ली पुलिस की ओर से मंगलवार को जारी एक बयान के अनुसार, सोमवार को झड़पों के दौरान प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया, पुलिसकर्मियों पर हमला किया, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाया और 15 से 20 सरकारी वाहनों में तोड़फोड़ की। पुलिस ने बताया कि घटना में करीब 60 प्रदर्शनकारी भी घायल हुए हैं, जबकि कुछ घायल पुलिसकर्मियों की चिकित्सा जांच अभी जारी है। बयान में कहा गया कि घायलों में विशेष आयुक्त, संयुक्त आयुक्त, अतिरिक्त आयुक्त, उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त और सहायक उपायुक्त के अधिकारियों के साथ-साथ कई महिला पुलिसकर्मी भी शामिल हैं।

### वांगचुक के स्वास्थ्य मानक स्थिर : मेडिकल बुलेटिन

**नयी दिल्ली।** सफदरजंग अस्पताल में भर्ती सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के जरूरी स्वास्थ्य मानक फिलहाल स्थिर हैं, लेकिन लंबे समय तक उपवास के कारण उन्हें डिहाइड्रेशन, कम ब्लड शुगर और पोटेशियम का स्तर कम होने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बार-बार मेडिकल सलाह के बावजूद वे अभी भी नसों के जरिए तरल पदार्थ लेने से इनकार कर रहे हैं लेकिन उन्हें ओआरएस और पोटैशियम की पूरक खुराक दी जा रही है। वह दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में कड़ी मेडिकल निगरानी में हैं। डॉक्टरों का कहना है कि उनकी हालत स्थिर है, लेकिन लंबे समय तक भूख हड़ताल के कारण सेहत से जुड़ी कई चिंताएं बनी हुई हैं। ताजा मेडिकल बुलेटिन के अनुसार श्री वांगचुक को कम ब्लड शुगर, डिहाइड्रेशन और लंबे समय तक उपवास से जुड़ी अन्य जटिलताओं का सामना करना पड़ रहा है।

### हेमंत कैबिनेट के बड़े फैसले : शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र को मिली बड़ी सौगात

# जमुआ-मांडू में डिग्री कॉलेज और हेलीकॉप्टर एंबुलेंस सेवा को मंजूरी

संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में 21 जुलाई 2026 को हुई झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, न्याय और प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में जमुआ और मांडू में डिग्री कॉलेज निर्माण, गंभीर मरीजों के लिए हेलीकॉप्टर एंबुलेंस सेवा, स्कूलों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित वर्चुअल कक्षाओं समेत कई योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई।

मंत्रिपरिषद ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के अंतर्गत गिरिडीह जिले के जमुआ विधानसभा क्षेत्र में डिग्री कॉलेज निर्माण के लिए 38 करोड़ 22 लाख 37 हजार रुपये और रामगढ़ जिले के मांडू विधानसभा क्षेत्र में डिग्री कॉलेज निर्माण के लिए 40 करोड़ 14 लाख 96 हजार 500 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी।

राज्य के माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में झारखंड ई-शिक्षा कनेक्ट कार्यक्रम के तहत कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित वर्चुअल कक्षाओं की स्थापना को भी मंजूरी दी गई। इसके तहत दो केंद्रीय स्टूडियो, पांच प्रमंडलों के डायट में क्षेत्रीय स्टूडियो और 1000 विद्यालयों में वर्चुअल कक्षाएं शुरू की जाएंगी। इस योजना पर अगले पांच वर्षों में 1 अरब 76 करोड़ 7 लाख 85 हजार 560 रुपये खर्च होंगे।

दूरदराज के क्षेत्रों से गंभीर मरीजों को जल्द चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हेलीकॉप्टर एंबुलेंस सेवा शुरू करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई। इसके लिए एक सिंगल इंजन हेलीकॉप्टर की सेवा लेने का निर्णय लिया गया।

- 1000 स्कूलों में एआई वर्चुअल क्लास को मिली मंजूरी
- कैबिनेट बैठक में कुल 49 प्रस्तावों पर लगी सरकार की मुहर




### सड़क और आधारभूत संरचना योजनाओं को मंजूरी

कैबिनेट ने राज्य में कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी। पूर्वी सिंहभूम जिले में भुईयांसिनान से सुसनी भाया हाथीखेदा मंदिर पथ के पुनर्निर्माण के लिए 102 करोड़ 40 लाख 37 हजार 300 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। दुमका जिले में खेराबनी से रानीघाघर पथ के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण कार्य के लिए 53 करोड़ 73 लाख 14 हजार 700 रुपये, गुमला जिले में घाघरा से जोकारी पथ के लिए 101 करोड़ 77 लाख 37 हजार 700 रुपये और रांची जिले में टांगरबसली मोड़ से बोबरो मोड़ पथ के लिए 63 करोड़ 77 लाख 13 हजार 300 रुपये की स्वीकृति दी गई। गुमला जिले में परवल आरसीडी पथ से करंज पथ के पुनर्निर्माण के लिए 76 करोड़ 75 लाख 18 हजार 900 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

### विश्वविद्यालयों और कर्मचारियों से जुड़े फैसले

मंत्रिपरिषद ने राज्य के विश्वविद्यालयों और अंगीभूत महाविद्यालयों में पुनर्गठित शैक्षणिक पदों के पुनर्सरेखण को मंजूरी दी। इसमें रांची विश्वविद्यालय, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, कोल्हान विश्वविद्यालय, सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय और नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय शामिल हैं। राज्य के विश्वविद्यालयों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों के एक दिसंबर 2004 से पहले नियुक्त सेवानिवृत्त शिक्षकों और पदाधिकारियों को सातवें पुनरीक्षित वेतनमान के तहत पेंशन और पारिवारिक पेंशन का लाभ एक जनवरी 2016 से देने की स्वीकृति दी गई। इसके अलावा कई न्यायालयों के आदेशों के अनुपालन में कर्मचारियों की सेवा नियमित करने, पेंशन लाभ देने और विभागीय दंड आदेशों को निरस्त करने संबंधी प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई।

### कैबिनेट में लिए गये अन्य प्रमुख फैसले

- आदित्यपुर नगर निगम के नए भवन निर्माण के लिए 39 करोड़ 67 लाख 9 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।
- झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 6 अगस्त से 12 अगस्त 2026 तक आयोजित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।
- आदर्श विद्यालय योजना का कार्यकाल वर्ष 2029-30 तक बढ़ाने की स्वीकृति दी गई।
- सिकल सेल रोग, थैलेसीमिया, हीमोफीलिया, टाइप-1 मधुमेह और अन्य गंभीर बीमारियों से प्रभावित विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए 75 प्रतिशत उपस्थिति की अनिवार्यता में छूट देने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया को मंजूरी दी गई।
- गिरिडीह पूर्वी वन प्रमंडल और दुमका वन प्रमंडल में प्रस्तावित नए चिड़ियाघरों समेत भविष्य के वन्यजीव केंद्रों को झारखंड चिड़ियाघर प्राधिकरण के क्षेत्राधिकार में शामिल करने की स्वीकृति दी गई।
- धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के विस्तार और उन्नयन के लिए 194 करोड़ 73 लाख 42 हजार 600 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।
- राज्य में न्यायिक सेवा भर्ती नियमावली 2026 के गठन और वरीय न्यायिक सेवा में दो जिला न्यायाधीशों की सीधी नियुक्ति को मंजूरी दी गई।

### कांग्रेस का प्रधानमंत्री आवास के बाहर धरना

# प्रधानमंत्री मोदी बिना जवाब दिए बच नहीं सकते : राहुल



एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को छात्रों के खिलाफ कथित लाठीचार्ज और बल प्रयोग के विरोध में प्रधानमंत्री आवास की ओर मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी इसमें शामिल हुए और उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री आवास पर आकर प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की।

राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि छात्रों पर हमला हर भारतीय परिवार पर हमला है। प्रधानमंत्री मोदी को लगता है कि वो बिना जवाब दिए, बिना किसी नतीजे का सामना किए बच निकलेंगे- नहीं कर पाएंगे, इस बार तो बिल्कुल नहीं। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'मैं हर उस देशभक्त भारतीय से अपील करता हूं जो मानता है कि हमारे छात्रों को न्याय मिलना चाहिए - प्रधानमंत्री आवास के सामने हमारे धरने में शामिल हों। भारत के छात्रों की आवाज को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।'

इस दौरान केन्द्रीय मंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह सरकार की ओर से बातचीत के लिए प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से बात की। इस दौरान केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन भी उनके साथ थे।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा अन्य नेताओं ने लोक कल्याण मार्ग पर धरना दिया। प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की गई। इस दौरान पुलिस ने कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया।

### लाठीचार्ज तथा बल प्रयोग का जवाब देना होगा : खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि कांग्रेस पार्टी छात्रों के अधिकारों और उनकी जायज मांगों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रधानमंत्री आवास के बाहर धरने पर बैठी है और सरकार को छात्रों पर कथित लाठीचार्ज तथा बल प्रयोग का जवाब देना होगा। खरगे ने आरोप लगाया कि सरकार ने युवाओं के साथ अन्याय किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग दोहराई।

### प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए : राहुल

राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से छात्रों के साथ हुई कथित बर्बरता पर जवाब मांगने के लिए उनके आवास की ओर मार्च कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इस मामले में कोई जवाबदेही नहीं लेना चाहती और न ही संसद में इस विषय पर चर्चा कराना चाहती है। राहुल गांधी ने कहा कि देश के युवाओं का भविष्य नष्ट करने के लिए प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री को अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए और गृह मंत्री को बयान देना चाहिए।

### मानसून सत्र › दूसरे दिन भी विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ी सदन की कार्यवाही

# हंगामे के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र का दूसरा दिन भी विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ गया। दोनों सदनों में मंगलवार को कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) पेपर लीक और अन्य मुद्दों को लेकर हंगामा जारी रखा जिससे सदन की कार्यवाही कई बार बाधित होने के बाद बुधवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी।



लोकसभा की कार्यवाही आज पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होने पर विपक्षी सदस्यों का हंगामा जारी रहा जिसके कारण कार्यवाही पहले दोपहर 12 बजे तक और फिर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। लोकसभा की कार्यवाही दो बजे फिर शुरू हुई तो पीठासीन अधिकारी दिलीप सैकिया ने सदस्यों से सदन की मर्यादा बनाए रखने और अपने-अपने स्थान पर बैठने की अपील की। उन्होंने कहा कि नियम 377 के तहत सदस्यों को जनहित के मुद्दे सदन के पटल पर रखने दिया जाए। इसके लिए करीब 20 मिनट का समय भी दिया गया। इसके बावजूद विपक्षी सदस्य लगातार नारेबाजी करते हुए वेल में पहुंच गए। पीठासीन अधिकारी ने कई बार शांति बनाए रखने और सदन चलने देने का आग्रह किया, लेकिन हंगामा नहीं थमा। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

राज्यसभा की कार्यवाही भी विपक्ष के हंगामे के कारण पहले 12 बजे तक और फिर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। कार्यवाही जब 02 बजे फिर शुरू हुई तो उपसभापति हरिवंश ने विपक्षी सदस्यों से कार्यसूची के अनुसार सदन चलने देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सदन में चर्चा के लिए निर्धारित नियमों का पालन किया जाना चाहिए और जो सदस्य अपनी बात रखना चाहते हैं, वे क्रमवार बोलें। उन्होंने सभी सदस्यों से शोर-शराबा नहीं करने और सदन की कार्यवाही में सहयोग देने की अपील की।

इसके बावजूद विपक्षी सदस्य नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक और जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में लगातार नारेबाजी करते रहे। हंगामा जारी रहने पर उपसभापति ने कार्यवाही शुरू होने के लगभग एक मिनट बाद ही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

# यूक्रेन से रवाना वाणिज्यिक पोत पर हमले में चार भारतीयों की मौत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** यूक्रेन के ओडेसा बंदरगाह से रवाना हुए वाणिज्यिक पोत एमवी गोल्डन लियो पर हुए हमले में चार भारतीय नागरिकों की मौत के बाद भारत ने मंगलवार को रूस के प्रभारी राजदूत (चार्जे डी'अफेयर्स) व्लादिमीर लादानोव को विदेश मंत्रालय तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया। विदेश मंत्रालय ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाना और निर्दोष नागरिकों की जान जाना पूरी तरह अस्वीकार्य है।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि 19 जुलाई को एमवी गोल्डन लियो पर हुए हमले में चार भारतीय नागरिकों की मौत हुई। मंत्रालय ने रूस के प्रभारी राजदूत को भारत की गंभीर चिंता से अवगत कराते हुए कहा कि ऐसे हमले अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार की सुरक्षा, संरक्षा और स्थिरता को कमजोर करते हैं। उनसे भारत की इस चिंता से रूसी अधिकारियों को अवगत कराने का भी आग्रह किया गया।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि वाणिज्यिक जहाजों पर हमले और निर्दोष नागरिकों की मौत जैसी घटनाओं से हर हाल में बचा जाना चाहिए। भारत ने दोहराया कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार की सुरक्षित और निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करना सभी पक्षों की साझा जिम्मेदारी है।

उल्लेखनीय है कि एमवी गोल्डन लियो रविवार को यूक्रेन के दक्षिणी शहर ओडेसा से रवाना हुआ था। यात्रा के दौरान जहाज पर मिसाइल हमला हुआ, जिससे उसमें आग लग गई। जहाज पर कुल 17 चालक दल के सदस्य सवार थे, जिनमें पांच भारतीय नागरिक शामिल थे। हमले में जहाज के नौ चालक दल के सदस्यों और बंदरगाह के एक यूक्रेनी पायलट की मौत हो गई। विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की है कि मृतकों में चार भारतीय नागरिक शामिल हैं, जबकि एक अन्य भारतीय गंभीर रूप से घायल है।

### भारत ने रूस के प्रभारी राजदूत को किया तलब

## संक्षिप्त खबरें

### पीएलएफआई के पूर्व सदस्य राजन राम हत्याकांड मामले में 1 अगस्त को फैसला

**रांची।** पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के पूर्व सदस्य राजन राम हत्याकांड मामले में अपर न्यायुक्त अखिलेश कुमार तिवारी की कोर्ट 1 अगस्त को फैसला सुनाएगी। मामले में ट्रायल पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। इससे पहले मामले में आरोपी उग्रवादी याकूब केरकेट्टा का सीआरपीसी 313 के तहत बयान दर्ज हुआ था। केवल याकूब केरकेट्टा ही ट्रायल फेस कर रहे थे। बाकी पांच आरोपी साक्ष्य और गवाह के अभाव में कोर्ट से पहले ही बरी हो चुके हैं। बताया जाता है कि खूंटी जिले के कर्रा थाना क्षेत्र स्थित छोटका रेगड़े निवासी राजन राम पीएलएफआई उग्रवादी संगठन से जुड़कर काम करता था। इसको लेकर वह दो बार जेल भी जा चुका है जेल से निकलने के बाद वह घर पर ही रहकर काम धंधा करता था। दो बच्चे होने के बाद राजन पीएलएफआई संगठन को छोड़ शांति सेना में शामिल हो गया था, जिसको लेकर दस्ता के सदस्य नाराज थे। 17 मार्च 2018 को राजन अपनी पत्नी को बड़काकुरा गांव जाने की बात कहकर घर से निकला था।इसी दिन शाम करीब सात बजे पीएलएफआई के तिलकेश्वर गोप और याकूब केरकेट्टा के दस्ते ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना को लेकर राजन की पत्नी सुनीता देवी के बयान पर लापुंग थाना में कांड संख्या 12/2018 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

### सीसीएल महाप्रबंधक ने किया कथारा क्षेत्र का निरीक्षण



**रांची।** सीसीएल के महाप्रबंधक ए मधुसूदन कालांबी ने कथारा क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्र के महाप्रबंधक एकेबी सिंह जी, श्रमिक प्रतिनिधि विजय कुमार सिंह, प्रभारी विभागाध्यक्ष कुणाल कुमार भी शामिल रहे। इस दौरान उन्होंने कथारा के सीसीएल रिजनल विधुत सबस्टेशन, जारंगडीह के वे-ब्रिज का मुआयना कर कई दिशा निदेश दिया। इसके पूर्व कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय कक्ष में क्षेत्रीय प्रबंधन के साथ कई अन्य मुद्दो पर विचार विमर्श किया। बीते करीब एक पखवाड़े में सीसीएल मुख्यालय से विभिन्न विभाग से चार महाप्रबंधक का कथारा क्षेत्र में निरीक्षण का कार्यक्रम हुआ है। इसमें जीएम (सिविल) राजेश मोहन ने पानी, सड़क व श्रमिकों के आवास के जमीनी परिस्थिति का अवलोकन किया। जीएम (एक्सवेशन) प्रवीण कुमार ने आरआर शाप परियोजना व मशीनों के संदर्भ में निरीक्षण किया। जीएम (सेफ्टी) विनोद कुमार ने माइंस रेसक्यू स्टेशन, जारंगडीह खुली खदान, स्वांग -गोविंदपूर फेज दो के मोंटीको नाला और कथारा कोलियरी परियोजना का निरीक्षण करने का कार्य किए थे।

### श्री श्याम मंदिर में 213वां सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ संपन्न



**रांची।** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में 213वें श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। मंदिर परिसर राम सिया राम के भजनों और बजरंगबली के जयघोष से भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल के निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया द्वारा आशा मोदी से अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित कराकर किया गया। यजमान ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ का पूजन कर पाठ वाचकों का सम्मान किया। मनीष सारस्वत, ओम शर्मा एवं सहयोगियों ने संगीतमय सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ कराया। महाआरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष गोपाल मुरारका, महामंत्री गौरव अग्रवाल, विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढानढनिया, अशोक लड़ियां, मनोज खेतान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### बिना वर्दी छात्रों पर हमला करने वालों की पहचान सार्वजनिक करे सरकार : आलोक दूबे

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने छात्र आंदोलन के दौरान हुई हिंसा और कथित तौर पर बिना वर्दी में मौजूद लोगों की भूमिका पर सवाल उठाते हुए सरकार से उनकी पहचान सार्वजनिक करने की मांग की है। दूबे ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग उचित नहीं है। उनका आरोप है कि यदि घटनास्थल पर बिना वर्दी के कुछ लोगों ने छात्रों पर लाठियां चलाईं और वाहनों में तोड़फोड़ की, तो सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि वे कौन थे, किसके निर्देश पर वहां पहुंचे और पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए क्या कदम उठाए। उन्होंने पूरे मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि दोषी चाहे किसी भी पद या प्रभाव में हों, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सरकार की जवाबदेही सर्वोपरि है और छात्रों की आवाज दबाने के बजाय उनकी समस्याओं का समाधान किया जाना चाहिए। आलोक कुमार दूबे ने सभी विपक्षी दलों से इस मुद्दे पर एकजुट होकर सरकार से जवाब मांगने और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित कराने की अपील की।

# एसआईआर को लेकर डीसी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

वरीय संवाददाता



**रांची।** विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 अंतर्गत 22 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाली बीएलओ एवं बीएलए-2 की तीसरी बैठक एवं चुनाव पाठशाला के सफल आयोजन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक समाहर्त्ता, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में 22 जुलाई को सभी मतदान केन्द्रों पर आयोजित होने वाली चुनाव पाठशाला के उद्देश्यों एवं कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि चुनाव पाठशाला का उद्देश्य एएसडीडी सूची को अंतिम रूप देना, एसआईआर फार्म प्राप्त का संग्रहण एवं सत्यापन सुनिश्चित करना, एक परिवार के सभी पात्र मतदाताओं को एक ही मतदान केंद्र से जोड़ना तथा विदेशी नागरिकों से संबंधित प्राप्त सूचनाओं पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करना है, ताकि कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो और कोई पात्र मतदाता छूटने न पाए।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह उपायुक्त ने कहा कि 22 जुलाई को आयोजित होने वाली बीएलओ एवं बीएलए -2 एवं चुनाव पाठशाला की तीसरी बैठक विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की। साथ ही सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने-अपने बीएलए -2 के माध्यम से संबंधित बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर 29 जुलाई से पूर्व एसआईआर के शत-प्रतिशत संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन में सक्रिय सहयोग करें। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों की सहभागिता से मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाया जा सकता है।

बैठक के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने विगत विशेष गहन पुनरीक्षण में मतदाताओं के नाम खोजने में आने वाली कठिनाइयों का उल्लेख किया।

## जगन्नाथपुर मेला में संतोष कॉलेज ने चलाया नशा मुक्ति जागरूकता अभियान



संवाददाता

**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन, रांची की ओर से सोमवार को जगन्नाथपुर मेला परिसर में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य युवाओं और आम लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति, परिवार और समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को प्रभावशाली ढंग से दशार्या। कलाकारों ने संदेश दिया कि नशा स्वास्थ्य के साथ-साथ भविष्य और सामाजिक जीवन को भी गंभीर नुकसान पहुंचाता है।

इसके बाद विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकालकर नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो, नशामुक्त युवा, सशक्त भारत, स्वस्थ युवा, समृद्ध राष्ट्र के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

महाविद्यालय प्रबंधन ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना भी है। कार्यक्रम में शिक्षक एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही।

मेले में मौजूद लोगों ने इस पहल की सराहना की।

## अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन ने किया अल्बर्ट एक्का चौक पर प्रदर्शन



वरीय संवाददाता

**रांची।** अल्बर्ट एक्का चौक पर अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन के राष्ट्रीय आह्वान पर अपनी मांगों को लेकर अल्बर्ट एक्का चौक पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन मौके पर महिलाओ ने मानसून सत्र में महिला आरक्षण बिल बिना देरी लागू करो की मांग,परिसीमन बिल के बहाने महिला आरक्षण बिल में देरी और महिला आरक्षण बिल को ना लागू करने खिलाफ नारे बाजी कर अपना विरोध प्रकट किया। विरोध प्रदर्शन में रांची के महिला आंदोलन की नेत्रियां जुटी और महिलाओं ने आरक्षण बिल को तुरंत लागू करने को लेकर एकजुटता दिखाई और कहा कि इस मॉनसून सत्र में 33% महिला आरक्षण केंद्र एवं राज्य स्तर पर वर्तमान लोकसभा एवं राज्य सभा सीटों पर लागू किया जाए। महिला आरक्षण बिल को परिसीमन एवं जनगणना से जोड़कर पेश करने की कोशिश न की जाए। बल्कि, इसे बेशर्त लागू किया जाए।

कल छात्रों पर हुए बर्बर दमन की कड़ी निंदा भी की गई । ऐपवा नेत्री नंदिता ने कहा कि भाजपा सरकार 33% प्रतिशत महिला आरक्षण को परिसीमन से जोड़कर अपनी सांप्रदायिक राजनीति को आगे बढ़ाना चाहती है।

# रांची में बनेंगे आधुनिक वेंडिंग जोन, स्ट्रीट वेंडरों को मिलेगा सम्मानजनक ठिकाना

वरीय संवाददाता



**रांची।** शहर के स्ट्रीट वेंडरों को सुरक्षित और सम्मानजनक आजीविका उपलब्ध कराने की दिशा में रांची नगर निगम ने आधुनिक वेंडिंग जोन विकसित करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। मंगलवार को नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने मोराबादी और पंडरा क्षेत्र में प्रस्तावित एवं निमार्णाधीन वेंडिंग जोन का निरीक्षण कर अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

मोराबादी रजिस्ट्री कार्यालय के सामने करीब 3.26 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक वेंडिंग जोन बनाया जा रहा है, जहां लगभग 205 स्ट्रीट वेंडरों के लिए स्थायी दुकानें विकसित की जाएंगी। परिसर में पेयजल, आधुनिक शौचालय, चौड़े पाथवे, बेहतर ड्रेनेज, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, विद्युत व्यवस्था, गार्ड रूम और हरित क्षेत्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। नगर आयुक्त ने कहा कि यह केवल बाजार नहीं, बल्कि शहर की नई पहचान बनेगा।

निरीक्षण के दौरान आसपास की सरकारी भूमि को भी परियोजना में शामिल कर मॉडल कॉरिडोर विकसित करने के निर्देश दिए गए। इसके बाद टैगोर हिल के समीप अस्थायी वेंडिंग स्थल का निरीक्षण किया गया, जहां वर्तमान में करीब 250 वेंडर व्यवसाय कर रहे हैं। अधिकारियों को नियमित सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पंडरा पुल के सामने प्रस्तावित वेंडिंग जोन का भी निरीक्षण किया गया। यहां हजारों स्ट्रीट वेंडरों के पुनर्वास की योजना तैयार की जा रही है। नगर आयुक्त ने कहा कि चरणबद्ध तरीके से शहर के सभी पात्र वेंडरों को आधुनिक वेंडिंग जोन उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे एक ओर वेंडरों को स्थायी रोजगार मिलेगा और दूसरी ओर शहर अतिक्रमण मुक्त, स्वच्छ और व्यवस्थित बनेगा।

### 27 वां तीन दिवसीय सावन महोत्सव मेले का हुआ शुभारंभ

# सावन मेला अद्वितीय महिलाओं की अद्वितीय शक्ति का प्रतीक : मंत्री दीपिका पांडेय सिंह

वरीय संवाददाता



**रांची।** अग्रवाल सभा रांची की महिला समिति शाखा के तत्वाधान में मंगलवार को 27वां तीन दिवसीय सावन महोत्सव मेला का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन भवन मे हुआ। सावन मेले का उद्घाटन मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने फीता काटकर किया। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन गाड़ोदिया ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा पुष्पा अग्रवाल ने गणेश वंदना की। सावन मेले में आए सभी आगंतुक अतिथियों का अभिनंदन एवं स्वागत अग्रवाल सभा के अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने किया मंत्री निर्मल बुधिया ने अग्रवाल सभा के कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। अध्यक्ष मनोज चौधरी, मंत्री निर्मल बुधिया ने विशिष्ट अतिथि को पुष्प गुच्छ स्मृति चिन्ह एवं दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया। अग्रवाल महिला समिति की संयोजिका रूपा अग्रवाल ने मेले के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

#### मेला में लगे एक सौ से ज्यादा स्टोल

मेले की संयोजिका अनुसूया नेवटिया ने कहा कि सावन मेला मे 100 से भी अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। तथा मेले में दूसरे दिन महिलाओं द्वारा सावन सिंघारा का भव्य आयोजन किया जाएगा। मेले के समापन में समिति द्वारा बेस्ट स्टॉल को पुरस्कृत किया जाएगा।

#### मेले के उद्घाटन के साथ स्टोल हुए ग्राहकों से गुलजार

महिलाओं ने खूब खरीदारी की एवं लजीज व्यंजनों का लुफ्त उठाया।

## श्री डोरंडा बालिका उच्च विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह का समापन



वरीय संवाददाता

**रांची।** श्री डोरंडा बालिका उच्च विद्यालय में वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2025-26 की मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस मौके छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती आरती झा के स्वागत भाषण से हुआ। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव घेवर चंद नाहटा ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समिति द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को नगद पुरस्कार प्रदान किए गए। सुभाष चंद्र बोथरा द्वारा सभी सफल छात्राओं को स्मृति-चिह्न, मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र तथा पूनम चंद भंसाली द्वारा 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

अंग्रेजी विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा को मीनू दास गुप्ता स्मृति पुरस्कार के अंतर्गत नगद राशि प्रदान की गई। वहीं मध्य विद्यालय के शिक्षक अविनाश कुमार द्वारा गणित विषय में पूर्णांक (100 अंक) प्राप्त करने वाली दोनों छात्राओं को पच्चीस-पच्चीस सौ नगद पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

#### ये रहे कार्यक्रम में शामिल

समारोह में विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष सुभाष चंद बोथरा, सचिव घेवर चंद नाहटा, उपाध्यक्ष संपत लाल रामपुरिया, सुनील तिवारी, ए.सी. विजय लाल जैन, सुरेशचंद्र बोथरा, अमर चंद बेगानी, अजय जैन, विद्यालय की पूर्व प्रधानाध्यापिका श्रीमती उपमा पाल, सुरेश प्रसाद, धनंजय कुमार सहित समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति, पूर्व शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी एवं छात्राएं उपस्थित थे।

## कुराश एसोसिएशन ऑफ झारखंड की आमसभा संपन्न



रांची। कुराश एसोसिएशन ऑफ झारखंड की आमसभा मंगलवार को अशोक नगर स्थित होटल ब्लू रीज में आयोजित हुई। बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों ने कुराश खेल के प्रचार-प्रसार, खिलाड़ियों के विकास तथा आगामी प्रतियोगिताओं की तैयारियों पर चर्चा की।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 16 अगस्त को अरगोड़ा विवाह भवन, रांची में राज्य स्तरीय कुराश ट्रेनिंग कैंप एवं नेशनल सब जूनियर कुराश चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा। इसमें राज्यभर के खिलाड़ी भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। वक्ताओं ने कहा कि कुराश उज्बेकिस्तान का पारंपरिक खेल है, जिसे 130 से अधिक देशों में खेला जाता है। भारत में भी इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। यह आत्मरक्षा के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रतिस्पर्धी खेल है। बैठक में खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार करने पर जोर दिया गया। बैठक में अध्यक्ष रामस्वरूप कुमार, सचिव विनीत कुमार यादव, कोषाध्यक्ष प्रकाश रविदास, टेक्निकल डायरेक्टर संदीप कुमार सहित विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# झारखण्ड पूर्वी क्षेत्रीय परिषद समन्वय समिति की बैठक में शामिल हुई डीजीपी तदाशा मिश्र

वरीय संवाददाता



**रांची।** राज्य की पुलिस कप्तान तदाशा मिश्र मंगलवार को बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा एवं छत्तीसगढ़ के डीजीपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक में शामिल हुई। बैठक में अंतर्राज्यीय अपराधों की रोकथाम, नक्सल उन्मूलन, मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण, साइबर अपराध की रोकथाम, रेलवे सुरक्षा तथा जीरो एफआईआर व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए व्यापक रूप से विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में डीजीपी द्वारा राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों की वर्तमान सुरक्षा स्थिति एवं विभिन्न चुनौतियों से अवगत कराते हुए बताया गया कि झारखंड ओडिशा, झारखंड-पश्चिम बंगाल, झारखंड-छत्तीसगढ़ एवं झारखंड-बिहार सीमावर्ती क्षेत्रों में नक्सल गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए संयुक्त अभियान, सतत सूचना आदान-प्रदान तथा सभी स्तरों पर नियमित समन्वय बैठकें आवश्यक हैं, ताकि माओवादी गतिविधियों के पुर्नसंगठन की किसी भी संभावना को प्रभावी ढंग से रोका जा सके।

मादक पदार्थ के नियंत्रण के संबंध में सीमावर्ती राज्यों के बीच संयुक्त चेकपोस्ट एवं नाकाबंदी, रियल-टाइम सूचना साझा करने, तस्करी नेटवर्क की बैकवर्ड एवं फॉरवर्ड लिंकिंग की जांच, एनसीओआरडी पोर्टल का प्रभावी उपयोग तथा सिंथेटिक ड्रग्स नेटवर्क के विरुद्ध कार्रवाई पर विशेष बल दिया गया। साइबर अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में रियल टाइम डेटा शेयरिंग, अंतर्राज्यीय अनुसंधान एवं जांच में सहयोग, फर्जी सिम कार्ड एवं म्यूल अकाउंट्स के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई, त्वरित लॉजिस्टिक एवं फील्ड सपोर्ट तथा संयुक्त क्षमता निर्माण कार्यक्रमों को नियमित रूप से संचालित करने पर सहमति व्यक्त की गई।

बैठक में राज्यों के बीच साइबर अपराधियों के साझा डेटाबेस के निर्माण, प्रत्येक राज्य में नोडल पदाधिकारी नामित करने, सिम विक्रेताओं के संयुक्त सत्यापन तथा विभिन्न राज्यों के बीच सत्यापन रिपोर्ट के समयबद्ध आदान-प्रदान की आवश्यकता पर भी बल दिया गया साथ ही जीरो एफआईआर के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा भी की गई। जीरो एफ०आई०आर० के पंजीकरण एवं अंतर्राज्यीय आदान-प्रदान में आ रही व्यावहारिक समस्याओं, विशेषकर पोर्टल की तकनीकी चुनौतियों के साथ उसके समुचित एकीकरण जीरो एफआईआर की ऑनलाइन ट्रैकिंग व्यवस्था तथा न्यायालय में मूल आवेदन एवं हस्ताक्षर संबंधी प्रक्रियाओं के सरलीकरण की आवश्यकता पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के अंत में झारखण्ड, बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा एवं छत्तीसगढ़ राज्यों के पुलिस महानिदेशकों द्वारा अंतर्राज्यीय समन्वय को और अधिक प्रभावी बनाते हुए संगठित अपराध, नक्सलवाद, मादक पदार्थों की तस्करी, रेल सुरक्षा तथा साइबर अपराध के विरुद्ध संयुक्त एवं समन्वित कार्रवाई जारी रखने पर सहमति व्यक्त किया गया।

बैठक में पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड के अतिरिक्त असीम विक्रांत मिंज, नरेन्द्र कुमार सिंह, कार्तिक एस०, नौशाद आलम, पुलिस उप-महानिरीक्षक, हरविंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक, दीपक कुमार शर्मा, पुलिस अधीक्षक, अभियान, सौरव, पुलिस अधीक्षक, उपस्थित रहे।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, बुधवार 22 जुलाई 2026



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### डीवीसी सप्लाई मजदूर संयुक्त मोर्चा 22 जुलाई को करेगा प्रदर्शन, सौंपेगा ज्ञापन

बोकारो। डीवीसी के सप्लाई मजदूर यूनियनों के संयुक्त मोर्चा की बैठक मंगलवार शाम बोकारो क्लब स्थित स्वामी विवेकानंद मैदान में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त मोर्चा के संयोजक ब्रजकिशोर सिंह ने की। बैठक में सप्लाई मजदूरों की लंबित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 22 जुलाई को डीवीसी के मुख्य महाप्रबंधक सह परियोजना प्रमुख (चीफ जीएम सह एचओपी) सुशील कुमार अरजरिया के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा और उनकी समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में मजदूरों की प्रमुख मांगों में सप्लाई कर्मियों को ऊर्जा भत्ता प्रदान करना तथा स्मार्ट मीटर के कारण बढ़े बिजली बिल की राशि मासिक वेतन से काटे जाने की व्यवस्था समाप्त करना शामिल है। वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से इन मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे सप्लाई मजदूर आर्थिक और मानसिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। रघुवर सिंह, गणेश राम और नवीन कुमार पाठक ने मजदूरों से अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट रहने और आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो संयुक्त मोर्चा आगे भी चरणबद्ध आंदोलन करेगा। बैठक में असीम तिवारी, नागेश्वर महतो, आरपी केडिया, अमरनाथ सिंह, मिथिलेश सिन्हा, अनिल सिंह, अलीमुद्दीन, तरुण गुप्ता सहित बड़ी संख्या में सप्लाई मजदूर उपस्थित रहे और आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### पांच जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

रांची। झारखंड में मानसून सक्रिय बना हुआ है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आज और कल राज्य के मध्य भाग के रांची, खूंटी, गुमला और लोहरदगा जिलों के अलावा दक्षिणी झारखंड के सिमडेगा जिले के कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही कई स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की भी आशंका जताई गई है। लोगों को खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने की सलाह दी गई है। आज 22 जुलाई बुधवार को राज्य के अधिकांश हिस्सों में आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है। मौसम के मिजाज को देखते हुए मध्य झारखंड के रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, लोहरदगा, कोडरमा और चतरा जिलों के साथ-साथ दक्षिणी झारखंड के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला-खरसावां जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। वहीं उत्तर-पश्चिमी और उत्तर-पूर्वी झारखंड के जिलों में भी छिटपुट वर्षा और मेघगर्जन की स्थिति बनी रह सकती है। हालांकि भारी बारिश का अलग अलर्ट जारी नहीं किया गया है। लेकिन गरज-चमक और तेज हवाओं की संभावना बनी रहेगी। कल यानी 23 जुलाई गुरुवार को भी मौसम में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। राज्य के अनेक हिस्सों में बादल छाए रहेंगे और हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रह सकता है। उत्तर-पूर्वी झारखंड के देवघर, दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज जिलों के अलावा मध्य झारखंड के जिलों तथा दक्षिणी क्षेत्र के सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला में भी वर्षा गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। मौसम विभाग ने इस दिन भी कई स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की आशंका जताई है।

### रांची रेलवे स्टेशन से 6 लाख का 12 किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार



रांची। आरपीएफ फ्लाईंग की टीम ने यात्रियों की सुरक्षा और नशीली पदार्थों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के दौरान रांची स्टेशन के प्लेटफार्म से 19 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास के बैग से 12 किलो गांजा बरामद किया है, जिसकी बाजार कीमत 6 लाख रुपये बताये गये हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि थाना प्रभारी इंस्पेक्टर शिशुपाल अपनी टीम के साथ प्लेटफार्मों में गस्त लगा रहे थे उसी दौरान एक नम्बर में वीआईपी गेट के पास भारी बैग के साथ बैठे एक युवक पर नजर पड़ी संदेह होने पर उससे पूछताछ की गयी जिसमें वह घबरा गया, बाद में उसने बताया कि वह उड़िसा से मेहेंदी अंसारी के कहने पर 1000 रुपये की लालच में गांजा लेकर गोरखपुर यूपी जा रहा था। जिसकी सूचना इंस्पेक्टर शिशुपाल ने आरपीएफ के सुरक्षा आयुक्त प्रताप सिंह नेगी को दी, कुछ ही देर में श्री नेगी के मौके पर पहुंने के बाद बैग से 12 पैकेट गांजा बरामद किया गया,जिसकी बाजार कीमत 6 लाख बतायी गयी। आरपीएफ द्वारा पूछताछ में आरोपी ने खुद को यूपी के मटियारवा का रहने वाला बृजराज यादव बताया । उसने यह भी बताया कि इस गांजा को उसे उड़िसा से गोरखपुर पहुंचाने के लिए मेहेंदी अंसारी के द्वारा एक हजार रुपये देने का वादा किया गया था जो स्टेशन में पुलिस को देखते ही फरार हो गया। बाद रेलवे अधिकारी के निर्देश पर जब्त गांजा के साथ आरोपी को आगे की कारवाई के लिए जीआरपी के हवाले कर दिया गया।

### रिम्स जीबी की 65वीं बैठक डॉ.इरफान अंसारी की अध्यक्षता में 26 एजेंडो पर चर्चा




रांची। झारखंडके स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी की अध्यक्षता में मंगलवार को रिम्स परिसर में जीबी की 65वीं बैठक हुई। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री के अलावे कांके विधायक सुरेश बैठा, रिम्स के निदेशक सहित जीबी के लगभग सभी सदस्य मौजूद रहे। बैठक में कुल 26 एजेंडे पर चर्चा कर फैसला लिया गया। जिसमें से कई अहम प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने, मेडिकल शिक्षा को मजबूत करने, नए मेडिकल उपकरण खरीदने, अस्पताल की सुविधाएं बढ़ाने और कर्मचारियों से जुड़े प्रस्तावों पर फोकस रहा। रिम्स को नई व्यवस्था के साथ चलाने पर चर्चा की गई। रिम्स के सभी हॉस्टल को पीपीपी मोड पर संचालित किया जाएगा। रिम्स में नए वार्ड और ओपीडी ब्लॉक भी बनेंगे.एयरपोर्ट के तर्ज पर हाईटेक शौचालय का निर्माण रिम्स के प्रवेश द्वार पर होगा। ऑर्थोपेडिक वार्ड को नए सिरे से डेवलप करने पर भी चर्चा की गई। रिम्स के टूटे हुए फ्लोर का भी मरम्मती करने पर निर्णय लिया गया। वार्ड की सुरक्षा बढ़ाने के लिए वार्ड बॉय की नियुक्ति की जाएगी। 250 एमबीबीएस सीट होने पर

# एसआईआर-2026 : बोकारो में एक लाख से अधिक शहरी मतदाताओं ने अब तक नहीं जमा किया गणना प्रपत्र

झारखंड दर्शन संवाददाता



बोकारो। जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण - 2026 अभियान को गति देने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। मंगलवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त अजय नाथ झा ने बताया कि 36 - बोकारो विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बोकारो स्टील सिटी और चास नगर निगम क्षेत्र के एक लाख से अधिक मतदाताओं ने अब तक अपना गणना प्रपत्र जमा नहीं किया है। उन्होंने शहरी मतदाताओं से 24 जुलाई तक अनिवार्य रूप से गणना प्रपत्र जमा करने की अपील करते हुए कहा कि यह दस्तावेज लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने बताया कि अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए 22 जुलाई को जिले के सभी 1,581 मतदान केंद्रों पर 'चुनाव पाठशाला' आयोजित की जाएगी। इस दौरान बूथ स्तरीय अधिकारियों एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों की तृतीय चरण की बैठक होगी तथा एएसडीडीएफ सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा।

उपायुक्त ने अभियान की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि जिले के कुल 15,35,267 मतदाताओं में से 14,17,164 मतदाताओं (92.31 प्रतिशत) को गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। वहीं 10,72,538 प्रपत्रों (69.86 प्रतिशत) का डिजिटाइजेशन भी पूरा हो चुका है। ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य लगभग पूर्णता की ओर है, जबकि बोकारो स्टील सिटी और चास नगर निगम क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर प्रपत्र संग्रहण और डिजिटाइजेशन में तेजी लाई जा रही है। मतदाताओं की सुविधा के लिए ईसीआई नेट ऐप, निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट तथा टोल-फ्री नंबर 1950 के साथ जिला हेल्पलाइन के मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराए गए हैं। प्रेसवार्ता में ईआरओ-सह-एसडीओ चास प्रांजल ढांडा, प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इससे पूर्व उपायुक्त ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अभियान की रणनीति पर चर्चा की।

## भाकपा ने अगस्त की जन-जागरण पदयात्रा और दिल्ली चलो अभियान की बनाई रणनीति



झारखंड दर्शन संवाददाता

बोकारो। डीवीसी मजदूर यूनियन कार्यालय में मंगलवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) बोकारो थर्मल शाखा की महत्वपूर्ण बैठक जानकी महतो की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक की शुरूआत दिवंगत मोहन रात्रे को एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इसके बाद बेरमो अंचल मंत्री ब्रजकिशोर सिंह ने अंचल की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। शाखा सचिव रामेश्वर साव ने 6 से 14 अगस्त तक प्रस्तावित जन-जागरण पदयात्रा तथा 1 सितंबर को आयोजित होने वाले दिल्ली चलो कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 8 एवं 10 अगस्त को गोविंदपुर बस्ती, जरवा बस्ती, राजाबाजार, बाजारटांड़ और लहरियाटांड़ में पदयात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान बिजली, पेयजल, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और स्मार्ट मीटर जैसी जनसमस्याओं को लेकर आम लोगों से संवाद स्थापित किया जाएगा।

## बीएसएल और डीवीसी ने शुरू की तीसरी 220 केवी ट्रांसमिशन लाइन, ऊर्जा सुरक्षा होगी और मजबूत

झारखंड दर्शन संवाददाता



बोकारो। बोकारो इस्पात संयंत्र और दामोदर घाटी निगम ने संयंत्र की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मंगलवार को डीएनडब्ल्यू स्थित मेन रिसीविंग सब-स्टेशन परिसर में आयोजित समारोह में बीएसएल के निदेशक-प्रभारी प्रिय रंजन तथा डीवीसी के सदस्य ने संयुक्त रूप से तीसरी 220 केवी सीटीपीएस-एमआरएस ट्रांसमिशन लाइन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी, अभियंता एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

लगभग 8.6 किलोमीटर लंबी यह ट्रांसमिशन लाइन चंद्रपुरा ताप विद्युत स्टेशन और बीएसएल के मेन रिसीविंग सब-स्टेशन के बीच स्थापित की गई है। इस परियोजना की विशेषता यह है कि इसमें पारंपरिक लैटिस टावरों के स्थान पर 29 आधुनिक मोनो पोल लगाए गए हैं। डीवीसी के इतिहास में पहली बार अपनाई गई इस तकनीक से कम भूमि की आवश्यकता हुई तथा निर्माण कार्य कम समय में बेहतर तरीके से पूरा किया गया।

10 जुलाई को लाइन को चार्ज करने के बाद सभी तकनीकी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे किए गए और 21 जुलाई को इसे औपचारिक रूप से राष्ट्र को समर्पित कर दिया गया। नई ट्रांसमिशन लाइन शुरू होने से बोकारो इस्पात संयंत्र की उत्पादन इकाइयों को अधिक स्थिर और निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिलेगी। इससे बिजली आपूर्ति में बाधा और वोल्टेज उतार-चढ़ाव जैसी समस्याओं में कमी आएगी तथा संयंत्र की परिचालन क्षमता और उत्पादन दक्षता में वृद्धि होगी। समारोह को संबोधित करते हुए निदेशक-प्रभारी प्रिय रंजन ने कहा कि किसी भी एकीकृत इस्पात संयंत्र के लिए विश्वसनीय विद्युत अवसंरचना उसकी आधारशिला होती है। वहीं डीवीसी के सदस्य ने कहा कि गुणवत्ता, सुरक्षा और समयबद्धता के साथ पूरा किया गया यह प्रकल्प दोनों संस्थानों के तकनीकी सहयोग को नई ऊंचाई देगा तथा भविष्य में बीएसएल की ऊर्जा सुरक्षा और उत्पादन क्षमता को और मजबूत करेगा।

## एसओएफ ने चिन्मय विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा को बेस्ट जोनल प्रिंसिपल अवार्ड से किया सम्मानित

झारखंड दर्शन संवाददाता




बोकारो। चिन्मय विद्यालय, बोकारो के प्राचार्य सूरज शर्मा को साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रतिष्ठित बेस्ट जोनल प्रिंसिपल अवार्ड से सम्मानित किया है।

यह सम्मान उन्हें झारखंड जोन में उत्कृष्ट शैक्षणिक नेतृत्व, विद्यार्थियों की उल्लेखनीय उपलब्धियों तथा विद्यालय के समग्र विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रदान किया गया। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल है।

सम्मान मिलने पर चिन्मय मिशन बोकारो की आवासीय आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंदा सरस्वती, अध्यक्ष बिस्वरूप मुखोपाध्याय तथा सचिव महेश त्रिपाठी सहित विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने प्राचार्य को बधाई दी। सचिव महेश त्रिपाठी ने कहा कि सूरज शर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व में विद्यालय ने बोर्ड परीक्षाओं, जेईई, नीट और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उनके मार्गदर्शन में विद्यालय में अनुशासन, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को नई दिशा मिली है।

पुरस्कार प्राप्त करने के बाद प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि पूरे चिन्मय विद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की निष्ठा, अभिभावकों के विश्वास और विद्यालय प्रबंधन के सहयोग को इस सफलता का आधार बताया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करता रहेगा तथा इस उपलब्धि को विद्यालय के प्रत्येक सदस्य को समर्पित किया।

## प्रतिध्वनि 4.0 में डीपीएस चास की छात्राओं ने जीता सर्वश्रेष्ठ सामूहिक प्रस्तुति पुरस्कार



झारखंड दर्शन संवाददाता

बोकारो। सरला बिड़ला पब्लिक स्कूल, रांची की ओर से आयोजित अंतरविद्यालयी सांस्कृतिक एवं साहित्यिक महोत्सव प्रतिध्वनि 4.0 में डीपीएस चास की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

विद्यालय की छात्राएं शरण्या शाही और आराध्या पटवारी ने कहानी कहने की कला - एक कथात्मक यात्रा प्रतियोगिता में प्रभावशाली प्रस्तुति देकर निर्णायकों का मन मोह लिया। दोनों छात्राओं ने अपनी सशक्त अभिव्यक्ति, प्रभावी मंच संचालन और शानदार टीमवर्क के बल पर प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ सामूहिक प्रस्तुति का प्रतिष्ठित पुरस्कार अपने नाम किया।

उनकी प्रस्तुति को रचनात्मकता, आत्मविश्वास और विषय की प्रभावी अभिव्यक्ति के लिए विशेष रूप से सराहा गया। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। छात्राओं की सफलता पर डीपीएस चास के प्रो वाइस चेयरमैन राजेश अग्रवाल, निदेशिका एवं प्राचार्या डॉ. मनीषा तिवारी तथा डीएस मेमोरियल सोसायटी, चास के सचिव सुरेश अग्रवाल ने उन्हें, उनके अभिभावकों और मार्गदर्शक शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की रचनात्मक सोच, निरंतर अभ्यास और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

उन्होंने विश्वास जताया कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी अपनी प्रतिभा निखारने के लिए प्रेरित करेगी।

## पत्नी पर आपत्तिजनक टिप्पणी बनी हत्या की वजह, तीन दिन से लापता युवक का शव कुएं से बरामद, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

झारखंड दर्शन संवाददाता

बोकारो। बरमसिया ओपी क्षेत्र से बीते तीन दिनों से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता 19 वर्षीय युवक सागर कुमार की हत्या का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुख्य आरोपी मानिक मांझी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने सिद्धा टांड़ जंगल स्थित एक सुनसान कुएं से सागर कुमार का शव बरामद किया।

पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल तथा खून से सना डंडा भी जब्त कर लिया है। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। मामले का खुलासा करते हुए चास के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एएसपी) वेदांत शंकर ने बताया कि हत्या के पीछे आपसी रंजिश और मृतक द्वारा आरोपी की पत्नी के संबंध में की गई अमर्यादित टिप्पणी मुख्य कारण थी। उन्होंने बताया कि आरोपी मानिक मांझी और मृतक सागर कुमार की पहचान लगभग पाँच माह पूर्व राज्य से बाहर एक साथ काम करने के दौरान हुई थी।

दोनों के बीच अच्छी मित्रता थी, लेकिन आरोपी के अनुसार सागर ने उसकी पत्नी के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसी बात से आक्रोशित होकर उसने सागर की हत्या की साजिश रच डाली।

एएसपी ने बताया कि 18 जुलाई से लापता सागर कुमार की तलाश के लिए पुलिस की विशेष टीम लगातार जांच में जुटी थी। अनुसंधान के दौरान पुलिस को कई महत्वपूर्ण तकनीकी एवं वैज्ञानिक साक्ष्य मिले। कॉल डिटेल रिकॉर्ड और मोबाइल लोकेशन के विश्लेषण के आधार पर पुलिस का संदेह मानिक मांझी पर गया। इसके बाद उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और हत्या की पूरी घटना का खुलासा किया। उसकी निशानदेही पर कुएं से शव बरामद किया गया तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और खून से सना डंडा भी जब्त कर लिया गया। पुलिस ने मामले का सफलतापूर्वक उद्भेदन करते हुए आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## सोनू शुक्ला हत्याकांड में दोषी को उम्रकैद, 50 हजार का जुर्माना भी

झारखंड दर्शन संवाददाता

बोकारो। बोकारो के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-प्रथम दीपक वर्णवाल की अदालत ने मंगलवार को वर्ष 2013 के बहुचर्चित सोनू शुक्ला हत्याकांड में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए बालीडीह थाना क्षेत्र के पेट्रोल पंप शिवपुरी निवासी बिनोद तिवारी को हत्या का दोषी करार दिया। न्यायालय ने अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाने के साथ उस पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अभियोजन के अनुसार, बालीडीह थाना कांड संख्या-177/2013 (जीआर-1985/2013) के तहत 24 नवंबर 2013 की रात लगभग 10:15 बजे बिनोद तिवारी और सोनू शुक्ला बालीडीह क्षेत्र में आयोजित एक बारात में शामिल होने पहुंचे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। विवाद बढ़ने पर अभियुक्त बिनोद तिवारी ने भुजाली और लोहे की रॉड से सोनू शुक्ला पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में सोनू शुक्ला गंभीर रूप से घायल होकर घटनास्थल पर गिर पड़े। उन्हें तत्काल इलाज के लिए बोकारो जनरल अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद बालीडीह थाना में दर्ज लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने बिनोद तिवारी के विरुद्ध भारतीय दंड विधान की धारा 323, 324, 307, 302 एवं 34 के तहत प्राथमिकी दर्ज की। अनुसंधान पूरा कर न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया। लगभग 13 वर्षों तक चली सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के बयानों का गहन परीक्षण करने के बाद न्यायालय ने अभियुक्त को हत्या का दोषी पाया। इसके उपरांत अदालत ने उसे आजीवन कारावास तथा 50 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। न्यायालय के आदेश के बाद दोषी को जेल भेज दिया गया।

## मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल में अंतर-सदन समूह गायन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

झारखंड दर्शन संवाददाता



बोकारो। नगर के सेक्टर-4 ई स्थित मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल में अंतर-सदन समूह गायन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रसिद्ध गायक रमेन्द्र नारायण दुबे, विद्यालय के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार, संयुक्त सचिव सुनील मोहन ठाकुर, शिक्षा सचिव यू.सी. झा, प्राचार्य अमर प्रसाद तथा उप-प्राचार्य देव दुलाल मित्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों भारती, बिरसा, वाचस्पति और विद्यापति के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक क्षेत्रीय लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर अपनी गायन प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनकी सुरमयी प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का मन मोह लिया तथा पूरे वातावरण को संगीतमय बना दिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि रमेन्द्र नारायण दुबे ने कहा कि संगीत आत्मा की अभिव्यक्ति है। ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास का विकास होता है और अपनी संस्कृति एवं लोक परंपराओं के प्रति प्रेम और सम्मान की भावना जागृत होती है।

विद्यालय के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार ने कहा कि प्रत्येक बच्चे में कोई न कोई प्रतिभा निहित होती है। उस प्रतिभा को पहचानकर उसे उचित मंच प्रदान करना शिक्षकों और अभिभावकों का दायित्व है। प्राचार्य अमर प्रसाद एवं उप-प्राचार्य देव दुलाल मित्रा ने भी विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ उनकी रचनात्मक क्षमता को भी निखारती हैं।

कार्यक्रम का प्रभावी एवं आकर्षक संचालन कक्षा दसवीं की छात्राएं नीतिका भारती और नैना सिंह ने किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, बुधवार 22 जुलाई 2026



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### पिपरवार में अवैध बालू भंडारण पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 100 ट्रैक्टर बालू जब्त



**चतरा।** अवैध बालू कारोबार के खिलाफ टंडवा अंचल प्रशासन और पिपरवार थाना पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की। टंडवा अंचलाधिकारी गौरव कुमार के नेतृत्व में पिपरवार क्षेत्र में अवैध रूप से भंडारित करीब 100 ट्रैक्टर बालू जब्त किया गया। इस कार्रवाई से अवैध बालू कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। अभियान में टंडवा अंचल की टीम और पिपरवार थाना पुलिस सक्रिय रूप से शामिल रही। अधिकारियों ने कहा कि जिले में अवैध खनन और बालू के अवैध भंडारण के खिलाफ आगे भी लगातार अभियान चलाया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सरकार के निदेशानुसार अवैध खनन पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए सतत निगरानी रखी जा रही है और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अभियान में पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा भी मौजूद रहे।

### वरिष्ठ पत्रकार अरविंद शर्मा के निधन पर पत्रकारों ने जताया शोक, परिजनों को दी सांत्वना



**चंद्रपुरा।** वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय अरविंद शर्मा के निधन पर बोकारो और चंद्रपुरा के पत्रकारों ने उनके आवास पहुंचकर शोक व्यक्त किया तथा शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। इस दौरान पत्रकारों ने उनके पुत्र राहुल शर्मा एवं अन्य परिजनों से मुलाकात कर दुख की इस घड़ी में हिम्मत बनाए रखने का आग्रह किया और दिवंगत पत्रकार को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट, बोकारो जिला इकाई के अध्यक्ष कृष्णा चौधरी के नेतृत्व में पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल दिवंगत के आवास पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में कौस्तुभ कुमार, मृत्युंजय मिश्रा, मनोज कुमार शर्मा, राकेश कुमार सिंह, शैलेश सुमन, धर्मेंद्र सिंह सहित अनेक पत्रकार शामिल थे। सभी ने स्वर्गीय अरविंद शर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपने लंबे पत्रकारिता जीवन में निष्पक्षता, ईमानदारी और जनसरोकार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उपस्थित सभी पत्रकारों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। अंत में सभी ने स्वर्गीय शर्मा के प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों को सदैव स्मरण रखने का संकल्प लिया।

### पूर्व पार्षद आजाद चौहान को नम आंखों से अंतिम विदाई, ढोरी खास में हुआ अंतिम संस्कार

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद के पूर्व वार्ड पार्षद आजाद चौहान का मंगलवार को ढोरी खास स्थित दामोदर नदी तट पर पूरे विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, शुभचिंतक एवं स्थानीय लोग शामिल हुए और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। मकोली नीचे धौड़ा निवासी आजाद चौहान का सोमवार को धनबाद स्थित अशरफी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया था। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन से फुसरो एवं आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।आजाद चौहान लगातार तीन कार्यकाल 2008, 2013 और 2018 तक फुसरो नगर परिषद के वार्ड पार्षद रहे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने क्षेत्र के विकास, जनसुविधाओं के विस्तार और आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय एवं समर्पित भूमिका निभाई। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति उनके प्रति जनस्नेह और सम्मान का प्रतीक रही।

### टावर लाइट पर अपराधियों की गिद्ध दृष्टि



**बेरमो।** फुसरो बाजार में लगे अधिकांश टावर लाइट या स्ट्रीट लाइट खराब होने से शाम होते ही अंधेरा छा जाता है, जिससे लोगों और दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सुरक्षा का खतरा और दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है। अक्सर दुकानों में चोरी होते रहती है। फुसरो के रानीबाग स्थित कुलदीप इन्जीनियरिंग वर्कर्स के समीप 6 महीना से खराब पड़े टावर लाइट से लोगो को हो रही परेशानी।

बहुत जल्द सभी टावर लाइट मे नये लाइट लगाए जायेगे। राजीव रंजन ईओ फुसरो नगर परिषद।

### चतरा में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिलने से बवाल, हत्या की आशंका पर एनएच -22 जाम



**चतरा।** जिले के वशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्र के घंघरी गांव के समीप चतरा-डोभी मुख्य मार्ग एनएच-22 किनारे मंगलवार को एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान घंघरी निवासी मुकेश यादव, पिता- महाबीर यादव के रूप में हुई है। घटनास्थल से पुलिस ने युवक की मोटरसाइकिल भी बरामद की है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताते हुए एनएच-22 जाम कर दिया, जिससे चतरा से गया सहित अन्य मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात बाधित हो गया। प्रदर्शनकारियों ने दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी, निष्पक्ष जांच तथा आश्रितों को उचित मुआवजा देने की मांग की।

### चतरा में प्राइवेट गार्ड की गोली लगने से मौत

चतरा। शहर में एसपी आवास के समीप मंगलवार दोपहर हुई गोलीबारी की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। इस घटना में एक निजी सुरक्षा गार्ड की गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई। प्रारंभिक अफरातफरी के बीच बिहार पुलिस के एक जवान पर फायरिंग का संदेह जताया गया था, लेकिन पुलिस जांच में मामला बाईपास निर्माण कार्य से जुड़ी रमिया कंस्ट्रक्शन के दो निजी सुरक्षा गार्डों के बीच हुए विवाद का निकला। बताया गया कि कहासुनी के दौरान एक गार्ड ने दो राउंड फायरिंग की। पहली गोली कार की छत में लगी, जबकि दूसरी गोली दूसरे गार्ड की आंख में लगने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

# इनामी नक्सली 'टाइगर' की पत्नी अनीता किस्कू उर्फ बबीता ने किया आत्मसमर्पण



झारखंड दर्शन संवाददाता

**गिरिडीह।** प्रतिबंधित भाकपा के स्पेशल एरिया कमेटी सदस्य और 25 लाख रुपये के इनामी नक्सली अजय महतो उर्फ टाइगर की गिरफ्तारी के बाद उसकी पत्नी अनीता किस्कू उर्फ बबीता ने भी सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति नई दिशा से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण कर दिया। बबीता संगठन की हार्डकोर सदस्य मानी जाती थी और पारसनाथ व झुमरा पहाड़ क्षेत्र में महिला दस्ते का नेतृत्व करती थी।

पुलिस के अनुसार, वह वर्ष 2009 में माओवादी संगठन से जुड़ी थी और वर्ष 2017 में उसे एरिया कमेटी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। संगठन में उसकी भूमिका ग्रामीण महिलाओं को माओवादी संगठन से जोड़ना, उन्हें प्रशिक्षण देना तथा महिला दस्ते को मजबूत करना था। उसके खिलाफ धनबाद, गिरिडीह, बोकारो और पश्चिमी सिंहभूम सहित कई जिलों में नक्सली गतिविधियों से जुड़े मामले दर्ज हैं। आत्मसमर्पण के बाद बबीता ने पत्रकारों से बातचीत में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लोगों से हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटने की अपील की। गिरिडीह के पुलिस अधीक्षक डॉ. विमल कुमार ने बताया कि सरकार की नीति के तहत उसे सभी निर्धारित सुविधाएं और प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि बबीता के आत्मसमर्पण से संगठन के नेटवर्क और शीर्ष नेतृत्व से जुड़े कई अहम खुलासे होने की संभावना है। इस दौरान नक्सल अभियान के एएसपी सुरजीत कुमार सहित कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## वेंकटेश्वर प्लांट में हाईवा की चपेट में आने से कर्मी की मौत



झारखंड दर्शन संवाददाता

**गिरिडीह।** चाइना मोड़ स्थित वेंकटेश्वर प्लांट में सोमवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में प्लांट कर्मी राज किशोर सिन्हा की मौत हो गई। मृतक धनबाद जिले के निरसा के रहने वाले थे और पिछले लगभग 20 वर्षों से प्लांट में कार्यरत थे। वह प्लांट परिसर स्थित कुटिया मंदिर के गेस्ट हाउस में रहते थे। परिजनों के अनुसार, रेलवे रेक से माल खाली कराने के दौरान राज किशोर सिन्हा टॉर्च की रोशनी से हाईवा चालक को वाहन साइड करने का संकेत दे रहे थे। इसी दौरान वह हाईवा की चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना थाना से मिलने के बाद परिजन गिरिडीह पहुंचे। मृतक के परिजनों ने प्लांट प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कार्यस्थल पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं थी, जिससे यह दुर्घटना हुई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि हादसे के बाद शव को बोरे में भरकर सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जो बेहद अमानवीय व्यवहार है। घटना की जानकारी मिलते ही बार एसोसिएशन के महासचिव एवं भाजपा नेता चुन्नू कांत तथा माले नेता राजेश सिन्हा सदर अस्पताल पहुंचे। दोनों नेताओं ने परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुगदा कोल वाशरी में विद्यार्थियों के बीच कॉपी का वितरण



झारखंड दर्शन संवाददाता

**चंद्रपुरा।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय, दुगदा कोल वाशरी में मंगलवार को सादगीपूर्ण समारोह आयोजित कर कक्षा सातवीं एवं आठवीं के छात्र-छात्राओं के बीच अध्ययन सामग्री के रूप में कॉपियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में दुगदा उत्तरी पंचायत के मुखिया चंदन कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य धनपाल तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार ने संयुक्त रूप से विद्यार्थियों को कॉपियां प्रदान कीं। अध्ययन सामग्री प्राप्त कर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। मुखिया चंदन कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। सरकार और पंचायत का उद्देश्य है कि आर्थिक अभाव के कारण कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि सरकार विद्यार्थियों को पुस्तकें, कॉपियां, विद्यालयी पोशाक एवं छात्रवृत्ति जैसी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है, जिससे बच्चों की पढ़ाई में रुचि बढ़े और अभिभावकों पर आर्थिक बोझ भी कम हो। उन्होंने बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन करने का आह्वान किया।प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने, अनुशासन का पालन करने तथा पूरी लगन के साथ अध्ययन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता की कुंजी है और परिश्रम से ही बेहतर भविष्य का निर्माण संभव है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक अनिल कुमार, अशोक कुमार महतो, मंटू पाल सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर अध्ययन के लिए प्रेरित किया।

## पूर्व सांसद कॉमरेड ए.के. राय की सातवीं पुण्यतिथि पर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



झारखंड दर्शन संवाददाता

**चंद्रपुरा।** कोयलांचल की राजनीति के संत तथा धनबाद के पूर्व सांसद कॉमरेड ए.के. राय की सातवीं पुण्यतिथि मंगलवार को दुगदा स्थित सीटू कार्यालय में सादगीपूर्ण समारोह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष धानेश्वर सोरेन ने की, जबकि संचालन सत्यनारायण महतो ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए सीटू के वरिष्ठ नेता दौलत महतो ने कहा कि कॉमरेड ए.के. राय तीन बार विधायक तथा दो बार धनबाद लोकसभा क्षेत्र से सांसद रहे, लेकिन उन्होंने कभी सरकारी सुविधाओं या पेंशन का लाभ नहीं लिया। उन्होंने अपना पूरा जीवन कोयला, इस्पात और रेल मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई को समर्पित कर दिया। उन्होंने इंजीनियर की नौकरी छोड़कर मजदूरों के हितों की रक्षा का मार्ग चुना और आजीवन शोषण के विरुद्ध संघर्ष करते रहे। उनकी ईमानदारी, सादगी, साहस और संघर्षशीलता आज भी समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

बीसीकेयू के शाखा अध्यक्ष धानेश्वर सोरेन ने कहा कि कॉमरेड ए.के. राय केवल मजदूर नेता ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी एवं सिद्धांतवादी राजनेता भी थे। उनका पूरा जीवन सादगी, ईमानदारी और जनसेवा का उदाहरण रहा। उन्होंने कहा कि उनके विचारों और सिद्धांतों पर चलकर ही मजदूरों को न्याय दिलाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकताओं ने स्वावलंबन, समाजवाद और जनक्रांति के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## भाजपा प्रवासी कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक में बूथ सशक्तिकरण पर जोर



झारखंड दर्शन संवाददाता

**गिरिडीह।** भारतीय जनता पार्टी के गिरिडीह महानगर जिला कार्यालय, हरिचक में धनबाद प्रमंडल के अंतर्गत गिरिडीह महानगर और गिरिडीह ग्रामीण जिलों के प्रवासी कार्यकताओं की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने की, जबकि संचालन प्रदेश मंत्री एवं गिरिडीह ग्रामीण जिला प्रभारी सरोज सिंह ने किया। बैठक में प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा, प्रदेश मंत्री एवं महानगर प्रभारी डॉ० संजय सिंह, बगोदर विधायक नागेंद्र महतो, पूर्व विधायक लक्ष्मण स्वर्णकार, प्रो. जय प्रकाश वर्मा, जिला परिषद अध्यक्षा मुनिया देवी और महानगर जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार राय सहित कई पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा, शक्ति केंद्र और बूथ समितियों के सत्यापन तथा संगठन को और मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। कर्मवीर सिंह ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका मजबूत संगठन और समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने प्रत्येक बूथ और शक्ति केंद्र को सक्रिय बनाकर जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। वहीं सरोज सिंह ने कहा कि संगठन संवाद, अनुशासन और सक्रिय कार्यशैली से मजबूत होता है। उन्होंने कार्यकताओं से बूथ स्तर पर नियमित संपर्क और संगठन विस्तार पर विशेष ध्यान देने की अपील की। बैठक में दोनों जिलों के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीण जिलाध्यक्ष महेंद्र वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया।

# एसआईआर को लेकर पेटरवार बीडीओ ने पिछरी के विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण



झारखंड दर्शन संवाददाता

**बेरमो।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मंगलवार को पेटरवार के प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार महतो ने पिछरी क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथों पर चल रही मतदाता सत्यापन एवं प्रपत्र संग्रहण की प्रक्रिया का जायजा लिया तथा संबंधित बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान बीडीओ संतोष कुमार महतो ने ग्रामीण मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत गणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30 जुलाई निर्धारित है। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं ने अभी तक अपना प्रपत्र नहीं भरा है, वे अविलंब उसे भरकर संबंधित बीएलओ के पास जमा कर दें। समय पर प्रपत्र जमा नहीं करने पर मतदाता का नाम मतदाता सूची से हट सकता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी मतदाता का नाम सूची से हट जाता है, तो उसे दोबारा मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए निर्धारित प्रक्रिया से गुजरना होगा, जिसमें अधिक समय लग सकता है। इसलिए सभी पात्र मतदाता समय सीमा के भीतर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करें। बीडीओ ने बताया कि 22 जुलाई को बीएलओ एवं बीएलए-2 की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित सभी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी तथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए जाएंगे। इस अवसर पर बीएलओ दिलीप शर्मा, मिथिलेश महतो, ग्रामीण संतोष दिगार, रितिका देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एसआईआर डिजिटाइजेशन कार्य की बीडीओ ने की समीक्षा, समय पर कार्य पूरा करने के दिए निर्देश



बेरमो। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण -2026 के तहत मंगलवार को बेरमो प्रखंड में चल रहे डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। अतिरिक्त सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश कुमार ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर कार्य की स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों और कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने मतदान केंद्र संख्या-100 के अलावा कारीपानी एवं मकोली क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा किया। उन्होंने डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके। बीडीओ मुकेश कुमार ने स्पष्ट कहा कि डिजिटाइजेशन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित कर्मियों को आपसी समन्वय के साथ पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता से कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि मतदाता सूची का पुनरीक्षण पूरी सटीकता एवं गुणवत्ता के साथ संपन्न हो सके। समीक्षा एवं निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान सुनील

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनीं लोगों की समस्याएं, रीता देवी को मिला सर्वजन पेंशन योजना का स्वीकृति पत्र



झारखंड दर्शन संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त रवि आनंद ने आम लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में आवास योजना, सर्वजन पेंशन, भूमि विवाद, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, स्वास्थ्य, राशन कार्ड, शिक्षा समेत विभिन्न विभागों से जुड़े मामलों पर लोगों ने अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने जनशिकायत कोषांग के नोडल पदाधिकारी रितेश कुमार को निर्देश दिया कि जनता दरबार में प्राप्त सभी आवेदनों की ई-जनसमाधान पोर्टल पर समयबद्ध प्रविष्टि सुनिश्चित की जाए तथा सभी मामलों की नियमित समीक्षा एवं अनुश्रवण कर निर्धारित समय सीमा के भीतर उनका निष्पादन कराया जाए। इस दौरान उन्होंने 14 जुलाई को आयोजित जनता दरबार में ग्राम कटैया, प्रखंड हंटरगंज निवासी रीता देवी के आवेदन पर हुई कार्रवाई की समीक्षा की और सर्वजन पेंशन योजना के अंतर्गत उन्हें स्वीकृति पत्र प्रदान किया। उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार आम लोगों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक समाहरणालय परिसर में नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन करता है।

## करगली में सुजीत साव के घर हुई चोरी का 11 दिन बाद भी नहीं हुआ खुलासा



झारखंड दर्शन संवाददाता

**बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र के करगली रेलवे गेट निवासी सुजीत साव के आवास में 10 जुलाई की रात हुई चोरी की घटना का 11 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस अब तक खुलासा नहीं कर सकी है। मामले की जांच के क्रम में मंगलवार को बेरमो थाना पुलिस एक बार फिर पीड़ित के घर पहुंची और परिवार के सदस्यों से पूछताछ की। भुक्तभोगी सुजीत साव ने बताया कि 10 जुलाई की रात परिवार के सभी सदस्य अपने-अपने कमरों में सो रहे थे। 11 जुलाई की सुबह जब वे जागे तो देखा कि घर के एक बंद कमरे का ताला टूटा हुआ है। कमरे में रखी अलमारी का सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि अलमारी में रखे लगभग 30 ग्राम सोने के आभूषण, 40 ग्राम चांदी के आभूषण तथा 40 हजार रुपये नकद चोरी हो चुके थे। उन्होंने बताया कि चोरी गई संपत्ति की कुल कीमत लगभग पांच लाख रुपये है। घटना की सूचना तत्काल बेरमो थाना पुलिस को दी गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और प्रारंभिक जांच की थी। सुजीत साव के अनुसार, चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुआ और बंद कमरे का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। उन्होंने बताया कि वह करगली रेलवे गेट के समीप किराना दुकान संचालित करते हैं। इधर, राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के जिलाध्यक्ष अनिल गुप्ता ने बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह से मुलाकात कर चोरी की घटना का शीघ्र खुलासा करने तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की।

E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### सिनीडीह तालाब में युवक का शव मिलने से सनसनी, पुलिस सभी पहलुओं से कर रही जांच



**धनबाद।** मधुबन थाना क्षेत्र के सिनीडीह वर्कशॉप के पीछे स्थित बिशू तालाब में सोमवार शाम लगभग 25 वर्षीय युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सिनीडीह पंचमंदिर कॉलोनी निवासी अभिषेक कुमार गुप्ता के रूप में हुई है। वह मूल रूप से गिरिडीह जिले के राजधनवार का निवासी था और वर्तमान में सिनीडीह में रहकर एक आइसक्रीम दुकान में कार्य करता था। घटना की सूचना मिलते ही मधुबन थाना पुलिस मौके पर पहुंची।जांच के दौरान पुलिस को तालाब के घाट पर एक प्लास्टिक की बाल्टी, कपड़े तथा चप्पल बरामद हुए। प्रारंभिक आशंका है कि युवक नहाने के लिए तालाब में उतरा था, लेकिन उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका स्पष्ट खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस दुर्घटना, डूबने तथा अन्य सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलने पर मुखिया प्रतिनिधि बिट्टू चौहान, राकेश ग्याली, टुन्नू वर्णवाल, संजय रवानी, आदित्यराज ग्याली सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर मौजूद रहे।

### पूर्व सांसद ए.के. राय की पुण्यतिथि पर बलियापुर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**बलियापुर।** महान जननेता, मजदूर-किसानों के हितैषी तथा पूर्व सांसद स्वर्गीय कॉमरेड ए.के. राय की पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को बलियापुर प्रखंड स्थित किसान संग्राम समिति कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बलियापुर प्रखंड कमेटी के सक्रिय कॉमरेड साथियों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने स्वर्गीय ए.के. राय के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके संघर्षपूर्ण जीवन और जनसेवा को स्मरण किया। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी, प्रखंड सचिव गणेश महतो, विधायक प्रतिनिधि देवाशीष पांडे, विधायक प्रतिनिधि सह मीडिया प्रभारी शीतल दत्ता, पंचायत समिति सदस्य भोलानाथ महतो, प्रमुख प्रतिनिधि विजय रजक, आरवाईए नेता कृष्णा दा, सपन महतो, उमेश महतो, अंकुर महतो तथा मोहम्मद शमीम सहित बड़ी संख्या में कॉमरेड साथियों एवं कार्यकताओं ने भाग लिया।।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया कि स्वर्गीय कॉ० ए.के. राय के विचारों, सिद्धांतों और जनसंघर्ष की विरासत को आगे बढ़ाया जाएगा तथा मजदूरों, किसानों और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई को पूरी प्रतिबद्धता के साथ जारी रखा जाएगा।

### दिव्यांश कुमार का बीसीसीआई की नेशनल क्रिकेट अकादमी लीग के लिए चयन



**धनबाद।** राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, धनबाद के कक्षा 11 के छात्र दिव्यांश कुमार का चयन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा संचालित नेशनल क्रिकेट अकादमी लीग के लिए किया गया है। उन्हें आगामी 25 अगस्त 2026 को बेंगलुरु स्थित एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम परिसर में नेशनल क्रिकेट अकादमी में उपस्थित होने के लिए ई-मेल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ने बताया कि विद्यालय के छात्र का राष्ट्रीय स्तर की क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयन होना पूरे विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गर्व और सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि दिव्यांश कुमार प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और भविष्य में भारतीय क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व करने की पूरी क्षमता रखते हैं। उन्होंने दिव्यांश के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि दिव्यांश कुमार विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में दिल्ली, उत्तराखंड और पंजाब जैसी टीमों के विरुद्ध शतक जड़ चुके हैं। इसके अलावा उन्हें सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज तथा सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर के पुरस्कार भी प्राप्त हो चुके हैं। विद्यालय परिवार को विश्वास है कि दिव्यांश भविष्य में अपनी प्रतिभा के दम पर भारतीय क्रिकेट में नई पहचान स्थापित करेंगे।

### कतरास में अवैध कोयला खनन पर सीआईएसएफ की बड़ी कार्रवाई, 13 टन कोयला जब्त

**बाघमारा।** धनबाद कोयलांचल में अवैध कोयला खनन एवं कोयला चोरी पर अंकुश लगाने के लिए मंगलवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने कतरास क्षेत्र के सिजुआ क्षेत्र-4 अंतर्गत कांटापहाड़ी चौहान बस्ती में व्यापक अभियान चलाया। अभियान के दौरान टीम ने अवैध रूप से निकाले गए लगभग 13 टन कोयले को जब्त किया। जानकारी के अनुसार, सीआईएसएफ को उक्त क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध कोयला खनन की सूचना मिली थी। अभियान के दौरान अवैध रूप से खनन कर एकत्र किए गए कोयले को जब्त करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। सीआईएसएफ अधिकारियों ने बताया कि अवैध खनन और कोयला चोरी के मामलों में खनिज एवं खनिज विकास और विनियमन अधिनियम एमएमडीआर अधिनियम के तहत दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कि राष्ट्रीय संपत्ति की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा अवैध खनन और कोयला चोरी के विरुद्ध शून्य सहिष्णुता नीति के तहत लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## उप विकास आयुक्त ने आजीविका योजनाओं की समीक्षा की

# लंबित लाइसेंस शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

**झारखंड दर्शन संवाददाता**



**धनबाद।** उप विकास आयुक्त सन्नी राज की अध्यक्षता में मंगलवार को आजीविका क्षेत्र से संबंधित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की योजनाओं की प्रगति, उपलब्धियों तथा लंबित कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की। समीक्षा के दौरान योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और समयबद्ध लक्ष्य प्राप्ति पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में बजट की उपलब्धता एवं व्यय, बीज लाइसेंस, उर्वरक लाइसेंस तथा कीटनाशक लाइसेंस से जुड़े मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने पाया कि कई मामलों में लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया लंबित है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी अपूर्ण मामलों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि किसानों और लाभुकों को समय पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। समीक्षा के दौरान स्वयं सहायता समूहों से जुड़े पलाश एवं अन्नपूर्णिका ब्रांड के अंतर्गत संचालित गतिविधियों का भी आकलन किया गया। इन उत्पादों के बेहतर प्रचार-प्रसार, गुणवत्ता सुधार, प्रभावी विपणन तथा महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों की आय बढ़ाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा हुई। उप विकास आयुक्त ने कहा कि स्थानीय उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने के लिए सभी विभाग समन्वित प्रयास करें। बैठक में आजीविका संवर्धन से संबंधित अन्य योजनाओं की भी समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी लक्ष्यों को पूरा करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रमुख, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल एवं लघु सिंचाई प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य पदाधिकारी, जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जलछाजन प्रकोष्ठ के तकनीकी विशेषज्ञ, रूर्बन मिशन के जिला समन्वयक, जेआरडीए तथा मनरेगा के परियोजना पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## पूर्व सांसद ए.के. राय की पुण्यतिथि पर सिंदरी में आदमकद प्रतिमा का अनावरण, उमड़ा जनसैलाब

**झारखंड दर्शन संवाददाता**



**सिंदरी।** महान क्रांतिकारी, मजदूर-किसानों के मसीहा, सादगी और ईमानदारी के प्रतीक तथा पूर्व सांसद स्वर्गीय कॉमरेड ए.के. राय की पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को सिंदरी स्थित पीडीआईएल गेट के समीप उनकी आदमकद प्रतिमा का भव्य अनावरण किया गया। प्रतिमा का अनावरण सिंदरी के पूर्व विधायक कॉमरेड आनंद महतो ने किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर सिंदरी एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, मजदूर संगठनों के प्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर स्वर्गीय ए.के. राय को भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके संघर्षमय जीवन और जनसेवा को याद किया। कार्यक्रम की शुरूआत सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो के नेतृत्व में जय हिंद मोड़ बिरसा समिति से निकाले गए विशाल बाइक जुलूस के साथ हुई। यह जुलूस पीडीआईएल गेट स्थित प्रतिमा स्थल तक पहुंचा। जुलूस के माध्यम से ए.के. राय के विचारों, उनके संघर्षों तथा शोषित, वंचित और पीड़ित वर्ग के अधिकारों की लड़ाई को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया। प्रतिमा अनावरण के बाद आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि ए.के. राय ने इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद मजदूरों, किसानों और समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए अपनी नौकरी का त्याग कर दिया था। चार बार सांसद और विधायक रहने के बावजूद उन्होंने कभी पेंशन स्वीकार नहीं की और न ही किसी प्रकार की सरकारी सुख-सुविधा या वाहनों का काफिला लिया। उनका मानना था कि जनप्रतिनिधि जनता का सेवक होता है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन सादगी, ईमानदारी और संघर्ष के साथ बिताया। वक्ताओं ने कहा कि ए.के. राय के विचार आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं और उनके बताए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम का संचालन कॉमरेड राजीव मुखर्जी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक कॉमरेड आनंद महतो, विशिष्ट अतिथि के रूप में निरसा विधायक कॉमरेड अरूप चटर्जी तथा सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो उपस्थित रहे। मंच पर राजद नेता तारकेश्वर यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद दिनेश सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष दीपक कुमार 'दीपू', कांग्रेस जिला समिति के सदस्य अजय कुमार, झामुमो नगर अध्यक्ष परशुराम सिंह उपप्रमुख आशा देवी सहित विभिन्न दलों के अनेक जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## किसानों के हित में सांसद ढुलू महतो की पहल, निरसा-चंदनकियारी में कृषि विज्ञान केंद्र की मांग

**झारखंड दर्शन संवाददाता**



**धनबाद।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद ढुलू महतो ने क्षेत्र के किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र सौंपकर धनबाद के निरसा एवं बोकारो के सीमावर्ती चंदनकियारी क्षेत्र में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के मानकों के अनुरूप कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना की मांग की है। सांसद ढुलू महतो ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि धनबाद को सामान्यतः औद्योगिक एवं खनन क्षेत्र के रूप में जाना जाता है, लेकिन निरसा और चंदनक्यारी का बड़ा भू-भाग कृषि आधारित है। उपजाऊ भूमि तथा बराकर एवं दामोदर नदियों की उपलब्धता के बावजूद यहां के किसानों को वैज्ञानिक खेती, आधुनिक तकनीक, उन्नत बीज, मृदा परीक्षण तथा कृषि विशेषज्ञों का मार्गदर्शन समय पर उपलब्ध नहीं हो पाता। उन्होंने बताया कि वर्तमान में धनबाद जिले का एकमात्र कृषि विज्ञान केंद्र बलियापुर में संचालित है, जो निरसा और चंदनकियारी के किसानों के लिए काफी दूर है। दूरी के कारण किसानों को कृषि संबंधी आवश्यक सेवाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पाता, जिससे वे आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती की तकनीकों से वंचित रह जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए सांसद ने मांग की है कि निरसा अथवा सीमावर्ती चंदनकियारी क्षेत्र में शीघ्र नया कृषि विज्ञान केंद्र स्थापित किया जाए। साथ ही, मुख्य केंद्र के निर्माण तक एक कृषि विज्ञान उपकेंद्र प्रारंभ किया जाए तथा स्थानीय स्तर पर मिट्टी एवं जल परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना भी सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को अपने क्षेत्र में ही वैज्ञानिक कृषि सेवाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने अपने पत्र में यह भी कहा है कि मैथन एवं पंचेत बांध के तटीय क्षेत्रों में कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना से सब्जी उत्पादन, डेयरी, मत्स्य पालन, बागवानी तथा खाद्य प्रसंस्करण जैसी कृषि आधारित गतिविधियों को नई गति मिलेगी। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी, ग्रामीण युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा क्षेत्र से पलायन पर भी प्रभावी रोक लग सकेगी। सांसद ढुलू महतो ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस महत्वपूर्ण मांग पर सकारात्मक निर्णय लेगी। कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना से धनबाद एवं बोकारो के सीमावर्ती क्षेत्रों के हजारों किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, वैज्ञानिक परामर्श और अनुसंधान आधारित खेती का प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

## नन्हे सहर्ष के आगमन पर सिंह परिवार में भव्य सुंदरकांड पाठ



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**धनबाद ।** सिंह परिवार के आवास संजय सदन धैया, धनबाद में नन्हे शिशु सहर्ष के शुभ आगमन के उपलक्ष्य में सोमवार को भव्य एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंदौर से पधारे प्रख्यात कथावाचक पंकज मिश्रा ने सुंदरकांड का सुमधुर पाठ किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस मांगलिक अवसर पर प्रख्यात संत राजन जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही। महाराजश्री ने हर्ष सिंह के पुत्र सहर्ष को स्नेह, आशीर्वाद एवं दीर्घायु होने की मंगलकामनाएं दीं। उन्होंने सिंह परिवार के साथ सुंदरकांड पाठ में सहभागिता कर उपस्थित श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद का अनुभव कराया। कार्यक्रम में अतिथियों के स्वागत की व्यवस्था झरिया की पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, अभिषेक सिंह, एकलव्य सिंह, हर्ष सिंह एवं आदर्श सिंह ने सपरिवार संभाली। इस दौरान बीसीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज अग्रवाल भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने संत राजन जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा नन्हे सहर्ष के जन्म पर पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह एवं समस्त सिंह परिवार को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील सिंह अपने परिवार सहित उपस्थित रहे। इसके अलावा सुरेंद्र जिंदल, रितेश शर्मा, पवन सिंह, राहुल सिंह, प्रदीप देवरालिया, सुरेंद्र जैन, विजय अग्रवाल एवं रवि सिंह सहित अनेक गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम में भाग लेकर नवजात शिशु को आशीर्वाद दिया तथा सिंह परिवार के सुखद भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर सिंह परिवार के सदस्यों ने संत राजन जी महाराज का अभिनंदन करते हुए उनके स्नेहपूर्ण आशीर्वाद एवं पावन उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया।

## बिलासपुर को पछाड़कर फिर नंबर वन बना धनबाद रेल मंडल

**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद रेल मंडल एक बार फिर माल लदान और राजस्व अर्जन के मामले में देश का शीर्ष रेल मंडल बन गया है। वित्तीय वर्ष के शुरूआती तीन माह तक बिलासपुर रेल मंडल से पीछे चलने के बाद धनबाद ने जुलाई में शानदार वापसी करते हुए उसे पीछे छोड़ दिया। 18 जुलाई तक के आंकड़ों के अनुसार धनबाद रेल मंडल लोडिंग के मामले में बिलासपुर से 0.75 मिलियन टन आगे है, जबकि राजस्व अर्जन में 175 करोड़ रुपये की बढ़त बना चुका है। धनबाद रेल मंडल लगातार तीन वर्षों से भारतीय रेलवे का सर्वश्रेष्ठ रेल मंडल बना हुआ है, हालांकि इस वित्तीय वर्ष की शुरूआत में यह बिलासपुर से पीछे चल रहा था। अब तक चालू वित्तीय वर्ष में धनबाद रेल मंडल ने 59.17 मिलियन टन माल लदान कर 7,405 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है। मानसून के बावजूद मंडल का प्रदर्शन लगातार बेहतर बना हुआ है। पिछले वर्ष इसी अवधि में मंडल ने 56.81 मिलियन टन लोडिंग की थी। इस प्रकार वर्ष 2025-26 की तुलना में वर्ष 2026-27 में अब तक 2.36 मिलियन टन अधिक माल लदान किया गया है। वहीं, राजस्व के मामले में भी पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में लगभग 200 करोड़ रुपये अधिक आय दर्ज की गई है। धनबाद रेल मंडल पांच राज्यों में फैला हुआ है। यहां की विभिन्न कोलियरियों से पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, गुजरात और आंध्र प्रदेश के ताप विद्युत संयंत्रों तथा औद्योगिक इकाइयों तक कोयले की आपूर्ति की जाती है। बीसीसीएल के झरिया और कतरास क्षेत्र, इस्को के चासनाला क्षेत्र, सीसीएल तथा एनसीएल की कोयला ढुलाई के साथ-साथ बॉक्साइट, चूना पत्थर, स्टोन चिप्स, सीमेंट क्लिंकर और फ्लाई ऐश की ढुलाई से भी मंडल को उल्लेखनीय राजस्व प्राप्त होता है। पिछले वित्तीय वर्ष में धनबाद रेल मंडल ने 24,946 करोड़ रुपये की आय अर्जित की थी। हालांकि देश का सबसे अधिक राजस्व अर्जित करने वाला रेल मंडल होने के बावजूद धनबाद से अब तक एक भी वंदे भारत एक्सप्रेस या बुलेट ट्रेन का परिचालन शुरू नहीं हो सका है।

## केंद्रीय रेल मंत्री से मिले सांसद ढुलू महतो, यात्री सुविधाओं और आधारभूत संरचना से जुड़ी मांगें उठाईं

**झारखंड दर्शन संवाददाता**



**धनबाद।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद ढुलू महतो ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर धनबाद संसदीय क्षेत्र तथा धनबाद रेल मंडल से जुड़ी जनहित की विभिन्न समस्याओं और विकास संबंधी मांगों को विस्तार से रखा। इस दौरान उन्होंने रेल मंत्री को अलग-अलग विषयों पर तैयार विस्तृत ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई का आग्रह किया।

सांसद ने सबसे पहले सेतु भारतम योजना के अंतर्गत धनबाद शहर को जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए नौ प्रमुख रेलवे फाटकों पर रोड ओवरब्रिज अथवा रोड अंडरब्रिज के निर्माण की मांग की। उन्होंने कहा कि धनबाद देश के सबसे महत्वपूर्ण रेल मंडलों में शामिल है, जहां बड़ी संख्या में मालगाड़ियों का परिचालन होने के कारण फाटक लंबे समय तक बंद रहते हैं। इससे आम नागरिकों, मरीजों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और श्रमिकों को भारी परेशानी होती है। उन्होंने केंदुआ रोड, फुलारीटांड़, गोविंदपुर, धनबाद-बराकर आउटर लिंक, भूली, तिलाटांड़, सोनारडीह, सिजुआ और तेलमच्चो रेलवे फाटकों पर आरओबी या आरयूबी निर्माण का आग्रह किया। जहां यह संभव न हो, वहां फाटकों का चौड़ीकरण और डिवाइडर लगाने का सुझाव दिया। बैठक में सांसद ने धनबाद-अलेप्पी एक्सप्रेस के लिए क्लोन ट्रेन चलाने, धनबाद-दिल्ली एवं चंडीगढ़ स्पेशल ट्रेनों को नियमित करने, जम्मू तक विस्तार देने तथा धनबाद से सहरसा और न्यू जलपाईगुड़ी के लिए नई साप्ताहिक ट्रेनों के संचालन की मांग भी रखी। उन्होंने गंभीर मरीजों और आपातकालीन यात्रियों की सुविधा के लिए कई महत्वपूर्ण ट्रेनों में हेड ऑफिस कोटा बढ़ाने अथवा नया कोटा निर्धारित करने का अनुरोध किया।

**सफलता** दिहाड़ी मजदूर की बेटी पूनम ने नीट में रचा इतिहास

# जिला प्रशासन उठाएगा डॉक्टर बनने तक की पढ़ाई का पूरा खर्च

**झारखंड दर्शन संवाददाता**



**धनबाद।** आर्थिक अभाव यदि संकल्प के सामने आ जाए तो सफलता स्वयं रास्ता बना लेती है। धनबाद के भूदा बस्ती की रहने वाली दिहाड़ी मजदूर की बेटी पूनम कुमारी ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर यह साबित कर दिया है। एसएसएलएनटी सीएम उत्कृष्ट बालिका विद्यालय सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की पूर्व छात्रा पूनम ने 582 अंक, 99.1375 परसेंटाइल तथा अखिल भारतीय रैंक 16,972 प्राप्त कर अपने परिवार, विद्यालय और पूरे धनबाद जिले का नाम गौरवान्वित किया है। पूनम के पिता धरमू गोराई दिहाड़ी मजदूर हैं, जबकि उनकी माता पीपू देवी गृहिणी हैं। सीमित आर्थिक संसाधनों के बावजूद पूनम ने कठिन परिश्रम के बल पर यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। इससे पहले उन्होंने सीबीएसई कक्षा 12 वीं की परीक्षा में 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर धनबाद जिला टॉपर बनने का गौरव भी हासिल किया था। नीट में सफलता प्राप्त करने पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में पूनम को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए जिला प्रशासन पूनम के मेडिकल कॉलेज में प्रवेश से लेकर डॉक्टर बनने तक की पूरी पढ़ाई का खर्च वहन करेगा, ताकि आर्थिक तंगी किसी भी प्रतिभाशाली छात्र-छात्रा की शिक्षा में बाधा न बन सके। उन्होंने पूनम को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूनम का सपना भविष्य में हृदय रोग विशेषज्ञ बनकर जरूरतमंद लोगों की सेवा करना है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों तथा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दिया।

पूनम ने बताया कि परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उनका नामांकन सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में कराया गया था। विद्यालय में शिक्षकों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन, सीबीएसई पाठ्यक्रम आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा झारखंड सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के कारण ही वह नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सकीं। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना से उनके जैसे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के नए द्वार खुले हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच और शिक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के कारण आज राज्य के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बच्चों को उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा सुलभ हो रही है। इससे उन परिवारों में भी नई उम्मीद जगी है, जो आर्थिक तंगी के कारण अपने बच्चों को महंगे निजी विद्यालयों में पढ़ाने में सक्षम नहीं थे। राज्य सरकार की यह पहल केवल शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े बच्चों में आत्मविश्वास जगाने और उन्हें भविष्य की वैश्विक चुनौतियों के लिए तैयार करने का प्रभावी माध्यम भी बन रही है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक आधारभूत सुविधाओं और योग्य शिक्षकों की उपलब्धता के माध्यम से झारखंड का शिक्षा मॉडल आज देश के लिए एक प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उभर रहा है।

## सूर्यदेव सिंह पर बन रही वेब सीरीज की टीम ने बेनीडीह भूमिगत खदान का किया भ्रमण

**झारखंड दर्शन संवाददाता**



**धनबाद।** जनता मजदूर संघ के महामंत्री एवं जेबीसीसीआई सदस्य सिद्धार्थ गौतम, उनकी पत्नी मिनी सिद्धार्थ गौतम, बीसीसीएल सेफ्टी कमेटी के सदस्य संजीत सिंह तथा फिल्मी कलाकारों की टीम ने सोमवार को बीसीसीएल के बरोरा एरिया स्थित एएमपी कोलियरी की बेनीडीह भूमिगत खदान का भ्रमण किया। इस दौरान बरोरा एवं ब्लॉक-दो क्षेत्र के कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में टीम करीब दो घंटे तक भूमिगत खदान में रही और कोयला श्रमिकों के कार्य को नजदीक से देखा। बताया गया कि मजदूर नेता स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह के जीवन पर आधारित वेब सीरीज के निर्माण के सिलसिले में निर्देशक और कलाकार खदान की वास्तविक कार्यप्रणाली तथा कार्य परिस्थितियों का अध्ययन करने पहुंचे थे। इसी दौरान एएमपी कोलियरी में कार्यरत कोयला कर्मी एतवारी साव ने अन्य यूनियन छोड़कर जनता मजदूर संघ की सदस्यता ग्रहण की। संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम ने उनका स्वागत करते हुए संगठन की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर संघ के नेता गोपाल मिश्रा, बरोरा एरिया सचिव मंगल हेंब्रम, लखन बेलदार, ओमप्रकाश बेलदार, प्रताप सिंह, माथुरा पासवान, सोनू कुमार सिंह, मुकेश कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सुभाषितम्

**देश की रक्षा राजा की सेना नहीं करती, देश की प्रजा करती है। - लक्ष्मीनारायण मिश्र**

## कैंसर की महंगी दवाएं–जीवन का अधिकार बनाम इलाज की कीमत

कैंसर आज केवल एक गंभीर बीमारी नहीं, बल्कि देश की स्वास्थ्य व्यवस्था के सामने खड़ी सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। चिकित्सा विज्ञान ने कैंसर के उपचार में उल्लेखनीय प्रगति की है और नई जीवनरक्षक दवाओं ने लाखों मरीजों को नई उम्मीद दी है। किंतु विडंबना यह है कि इन आधुनिक दवाओं की अत्यधिक कीमतें गरीब और मध्यम वर्ग के लिए इलाज को लगभग असंभव बना देती हैं। ऐसे में प्रश्न केवल चिकित्सा का नहीं, बल्कि जीवन के संवैधानिक अधिकार का बन जाता है।

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने कैंसर की महंगी दवाओं के मुद्दे पर केंद्र सरकार से जवाब तलब करते हुए महत्वपूर्ण टिप्पणी की। अदालत ने उस कैंसर मरीज की मृत्यु पर गहरी चिंता व्यक्त की, जो जीवनरक्षक दवाओं को किफायती बनाने से संबंधित मामले के निर्णय की प्रतीक्षा करते-करते दुनिया से विदा हो गया। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यह केवल दवाओं की कीमत का विवाद नहीं है, बल्कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत प्रत्येक नागरिक को प्राप्त जीवन और गरिमा के अधिकार का प्रश्न है। यह टिप्पणी देश की स्वास्थ्य नीति के लिए एक गंभीर संदेश है कि न्याय में देरी कई बार जीवन की हानि का कारण बन जाती है।

वास्तविकता यह है कि भारत में हर वर्ष लाखों लोग कैंसर से प्रभावित होते हैं। आधुनिक लक्षित और इम्यूनोथेरेपी दवाओं की कीमत कई बार लाखों रुपये प्रति माह तक पहुंच जाती है। अधिकांश परिवार इतनी बड़ी राशि वहन करने में सक्षम नहीं होते। परिणामस्वरूप अनेक लोग अपनी वर्षों की जमा-पूंजी खर्च कर देते हैं, कर्ज लेने पर मजबूर हो जाते हैं, जमीन-जायदाद बेच देते हैं या फिर आर्थिक तंगी के कारण बीच में ही इलाज छोड़ने को विवश हो जाते हैं। ऐसे अनेक मामलों में बीमारी से पहले आर्थिक संकट परिवार को तोड़ देता है।

दूसरी ओर यह भी सत्य है कि नई दवाओं के अनुसंधान, परीक्षण और विकास में दवा कंपनियां अरबों रुपये का निवेश करती हैं। पेटेंट व्यवस्था उन्हें सीमित अवधि तक अपने आविष्कार का आर्थिक लाभ प्राप्त करने का अधिकार देती है, जिससे भविष्य के अनुसंधान को भी प्रोत्साहन मिलता है। इसलिए नवाचार और अनुसंधान की रक्षा आवश्यक है। किंतु जब जीवनरक्षक दवाएं आम नागरिक की पहुंच से बाहर हो जाएं, तब सरकार का दायित्व और भी बढ़ जाता है कि वह जनहित और व्यावसायिक हितों के बीच संतुलन स्थापित करे। इस दिशा में सरकार को बहुआयामी कदम उठाने होंगे। आवश्यक कैंसर रोधी दवाओं को मूल्य नियंत्रण के दायरे में लाना, गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं को बढ़ावा देना, सरकारी अस्पतालों में इन दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना, आयुष्मान भारत जैसी स्वास्थ्य बीमा योजनाओं का दायरा बढ़ाना तथा जरूरत पड़ने पर सार्वजनिक हित में पेटेंट कानूनों के अंतर्गत उपलब्ध प्रावधानों का विवेकपूर्ण उपयोग करना समय की मांग है। साथ ही, देश में दवा अनुसंधान और घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित कर आयात पर निर्भरता कम करना भी दीर्घकालिक समाधान का महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकता है।

सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उसने एक बार फिर यह स्पष्ट किया है कि न्यायपालिका केवल कानून की व्याख्या करने वाली संस्था नहीं, बल्कि नागरिकों के मौलिक अधिकारों की संरक्षक भी है। स्वास्थ्य से जुड़े मामलों में समय पर निर्णय अत्यंत आवश्यक हैं, क्योंकि यहां विलंब का अर्थ कई बार किसी व्यक्ति का जीवन समाप्त हो जाना होता है। इसलिए ऐसे मामलों के त्वरित निपटारे के लिए विशेष व्यवस्था की आवश्यकता है। एक लोकतांत्रिक और कल्याणकारी राष्ट्र की पहचान केवल आर्थिक विकास से नहीं होती, बल्कि इस बात से होती है कि वह अपने सबसे कमजोर और गंभीर बीमारी से जूझ रहे नागरिकों को कितना सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन प्रदान कर पाता है। कैंसर की दवाएं कोई विलासिता की वस्तु नहीं, बल्कि जीवन बचाने का अनिवार्य साधन हैं। इसलिए सरकार, दवा उद्योग, चिकित्सा समुदाय और न्यायपालिका–सभी को मिलकर ऐसा संतुलित और मानवीय समाधान विकसित करना होगा, जिसमें अनुसंधान और नवाचार भी सुरक्षित रहें तथा कोई भी मरीज केवल आर्थिक अभाव के कारण जीवनरक्षक उपचार से वंचित न रह जाए। आज आवश्यकता इस बात की है कि स्वास्थ्य को खर्च नहीं, बल्कि निवेश माना जाए। जब जीवन बचाने वाली दवाएं हर जरूरतमंद तक किफायती कीमत पर पहुंचेंगी, तभी संविधान में निहित जीवन के अधिकार की वास्तविक भावना साकार होगी और भारत एक संवेदनशील, समावेशी एवं उत्तरदायी स्वास्थ्य व्यवस्था की दिशा में सशक्त कदम बढ़ा सकेगा।

**– सौरभ वार्ष्णेय**

# संसद का मानसून सत्र, सड़कों का संघर्ष और लोकतांत्रिक असहमति की अग्निपरीक्षा बैरिकेडों में घिरा लोकतंत्र या सुरक्षा की अनिवार्यता?



विनोद कुमार सिंह

भारत का लोकतंत्र केवल संसद भवन की चारदीवारी तक सीमित नहीं है। उसकी वास्तविक शक्ति संसद के भीतर होने वाली बहस और संसद के बाहर जनता की आवाज-दोनों के संतुलन में निहित है।संसद कानून बनाती है, जबकि जनता समय-समय पर आंदोलनों के माध्यम से सत्ता को आईना दिखाती है। किंतु जब संसद की ओर बढ़ते कदमों को बैरिकेड, लाठी, आँसू गैस और अभूतपूर्व सुरक्षा घेरे का सामना करना पड़े, तब प्रश्न केवल कानून-व्यवस्था का नहीं रह जाता; वह लोकतंत्र की आत्मा से जुड़ा प्रश्न बन जाता है। संसद के वर्तमान मानसून सत्र ने एक बार फिर यह बहस छेड़ दी है कि क्या भारत में लोकतांत्रिक असहमति का दायरा सिमट रहा है, अथवा सुरक्षा चुनौतियों के कारण प्रशासन पहले से अधिक सतर्क और कठोर हो गया है। यह प्रश्न इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि संसद केवल जनप्रतिनिधियों का भवन नहीं, बल्कि देश की 140 करोड़ जनता की लोकतांत्रिक आकांक्षाओं का सर्वोच्च प्रतीक है। भारतीय लोकतंत्र का इतिहास बताता है कि बड़े राजनीतिक परिवर्तन केवल संसद के भीतर नहीं हुए। सन 1974 का लोकनायक जयप्रकाश नारायण का आंदोलन सत्ता परिवर्तन का कारण बना। 1975 का आपातकाल लोकतांत्रिक अधिकारों पर सबसे बड़ा प्रहार माना गया।

2011 में अन्ना हजारे के जनलोकपाल आंदोलन ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध देशव्यापी जनमत तैयार किया और राजनीति की दिशा बदल दी। 2020-21के किसान आंदोलन ने अंततः केंद्र सरकार को तीन कृषि कानून वापस लेने पर विवश किया। इन घटनाओं ने सिद्ध किया कि लोकतंत्र में संसद और सड़क कभी विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे को दिशा देने वाली संस्थाएँ रही हैं। इसी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में वर्तमान मानसून सत्र के दौरान राजधानी दिल्ली का दृश्य अनेक प्रश्न छोड़ जाता है। संसद मार्ग और उसके आसपास का इलाका अभूतपूर्व सुरक्षा घेरे में बदल गया। बहुस्तरीय बैरिकेडिंग, बड़ी संख्या में दिल्ली पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती, संवेदनशील क्षेत्रों में प्रवेश नियंत्रण तथा प्रदर्शनकारियों को संसद तक पहुँचने से रोकने के लिए व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए। प्रशासन ने इसे संसद की सुरक्षा के लिए आवश्यक बताया, जबकि विपक्षी दलों और प्रदर्शनकारियों ने इसे लोकतांत्रिक विरोध पर कठोर अंकुश बताया। लोकतंत्र में सुरक्षा और स्वतंत्रता दोनों समान रूप से आवश्यक हैं।


संसद की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। 13 दिसंबर 2001 को संसद पर हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षा व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन किए गए थे। इसके बाद संसद परिसर को देश के सबसे सुरक्षित क्षेत्रों में विकसित किया गया। इसलिए सुरक्षा एजेंसियों की अतिरिक्त सतर्कता असामान्य नहीं कही जा सकती। किंतु दूसरी ओर यह भी उतना ही सत्य है कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19 नागरिकों को शांतिपूर्ण और अहिंसक ढंग से अपनी बात रखने का अधिकार भी देता है। लोकतंत्र की कसौटी यही है कि सुरक्षा और स्वतंत्रता के बीच संतुलन कैसे बनाया जाए। वर्तमान घटनाक्रम में सबसे अधिक चिंता का विषय संवाद का अभाव दिखाई देता है। जब सरकार और आंदोलनकारी दोनों स्वयं को सही साबित करने में लग जाएँ और संवाद की जगह टकराव ले ले, तब लोकतंत्र का नैतिक बल कमजोर पड़ने लगता है। संसद के भीतर यदि बहस बाधित हो और बाहर विरोध को केवल कानून- व्यवस्था का विषय मान लिया जाए, तो लोकतांत्रिक प्रक्रिया अधूरी रह जाती है। विपक्ष ने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारियों के साथ आवश्यकता से अधिक कठोरता बरती गई, जबकि प्रशासन का कहना है कि संसद की सुरक्षा सर्वोपरि थी और निषेधाज्ञा का उल्लंघन स्वीकार नहीं किया जा सकता। दोनों पक्षों के अपने-अपने तर्क हैं। किंतु सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या ऐसी परिस्थितियों से बचा जा सकता था? क्या संवाद, समन्वय और बेहतर भीड़-प्रबंधन से टकराव टाला जा सकता था? राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आँकड़े बताते हैं कि देश में सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पर लगातार दबाव बढ़ा है।

दूसरी ओर विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय लोकतांत्रिक सूचकांकों में भारत में नागरिक स्वतंत्रताओं और विरोध प्रदर्शनों को लेकर समय-समय पर बहस होती रही है। यही कारण है कि संसद मार्ग पर होने वाली प्रत्येक घटना केवल दिल्ली तक सीमित नहीं रहती,बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी लोकतांत्रिक विमर्श का हिस्सा बन जाती है। इतिहास बताता है कि किसी भी लोकतंत्र की शक्ति उसके विरोध को सुनने की क्षमता में होती है। ब्रिटेन, अमेरिका, फ्रांस और अन्य लोकतांत्रिक देशों में भी संसदों के बाहर बड़े प्रदर्शन होते रहे हैं। कई बार पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ता है, किंतु अंततः समाधान संवाद और राजनीतिक सहमति से ही निकलता है। भारत भी इसी लोकतांत्रिक परंपरा का उत्तराधिकारी है। आज आवश्यकता किसी राजनीतिक विजय की नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक विश्वास की पुनर्स्थापना की है। सरकार को यह विश्वास दिलाना होगा कि असहमति को राष्ट्र-विरोध नहीं माना जाएगा। विपक्ष को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि लोकतांत्रिक विरोध हिंसा, अव्यवस्था या सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान में परिवर्तित न हो। पुलिस की भूमिका भी पूरी तरह निष्पक्ष, संयमित और कानून सम्मत होनी चाहिए, क्योंकि लोकतंत्र में पुलिस किसी सरकार की नहीं, बल्कि संविधान की प्रहरी होती है। घायल कितने हुए, कितनों को हिरासत में लिया गया और किसने पहले बैरिकेड तोड़ा- इतिहास अंततः इन प्रश्नों को पीछे छोड़ देता है।

इतिहास केवल इतना याद रखता है कि उस समय लोकतंत्र ने संवाद चुना था या टकराव। संसद का सम्मान तभी सुरक्षित रहेगा जब जनता को भी यह विश्वास होगा कि उसकी आवाज संसद तक पहुँच सकती है। संसद का वर्तमान मानसून सत्र समाप्त हो जाएगा। राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप भी बदल जाएँगे, लेकिन यह प्रश्न बना रहेगा कि क्या भारत का लोकतंत्र असहमति को अपने भीतर समाहित करने की क्षमता और अधिक मजबूत करेगा या बैरिकेडों के दोनों ओर खड़े लोग एक-दूसरे को केवल प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखते रहेंगे। लोकतंत्र की सबसे बड़ी विजय किसी एक दल की जीत में नहीं, बल्कि उस व्यवस्था में होती है जहाँ संसद की गरिमा भी सुरक्षित रहे और नागरिक की आवाज भी सम्मानपूर्वक सुनी जाए। यही भारतीय गणराज्य की आत्मा है, यही संविधान की भावना है और यही लोकतंत्र का स्थायी मार्ग भी।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)**

# संसद मार्च : सीजेपी की अराजकता, ये भारत के युवा नहीं हो सकते?



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

दिल्ली में संसद मार्च के दौरान सामने आए दृश्य आज प्रत्येक देशभक्त भारतवासी को चिंता में डाल रहे हैं। जिसने भी इन्हें देखा, प्रतिक्रिया एक ही सामने आ रही थी, ये अराजकता भारत के युवा चरित्र पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है। यदि लोकतांत्रिक विरोध के नाम पर बैरिकेड तोड़े जाएं, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जाए, पुलिस पर पथराव हो, संसद तक बलपूर्वक पहुंचने का प्रयास किया जाए और सोशल मीडिया पर भड़काऊ भाषणों तथा अपुष्ट सूचनाओं के माध्यम से वातावरण को और उग्र बनाया जाए, तब स्वाभाविक रूप से यही कहा जाएगा कि क्या यही वह युवा है, जिसकी कल्पना स्वामी विवेकानन्द, महर्षि अरविन्द, महात्मा गांधी और डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जैसे भारत के महान देशभक्तों ने की थी?

स्वामी विवेकानन्द ने भारत के युवाओं के लिए ऊर्जावान के साथ चरित्रवान होने का स्वप्न देखा था। उनका प्रसिद्ध कथन है, 'हमें ऐसी शिक्षा चाहिए जिससे चरित्र का निर्माण हो, मन की शक्ति बढ़े, बुद्धि का विकास हो और मनुष्य अपने पैरों पर खड़ा हो सके।' उन्होंने युवाओं से 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए' का आह्वान अवश्य किया, किंतु कहीं भी यह नहीं कहा कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए कानून तोड़ो, हिंसा करो या समाज में अराजकता फैलाओ। विवेकानन्द के लिए युवा वह था, जो अपने आत्मबल, संयम और राष्ट्रभक्ति से समाज का नेतृत्व करे।

महर्षि अरविन्द भी भारत के युवाओं को राष्ट्र की आध्यात्मिक और नैतिक शक्ति मानते हैं। उनका विश्वास है कि भारत का पुनर्जागरण राजनीतिक के स्थान पर चरित्रवान युवाओं से होगा, क्योंकि राष्ट्र निर्माण का आधार आत्मानुशासन है। यही कारण है कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में जितने भी महान युवा सामने आए, उन्होंने संघर्ष अवश्य किया, परंतु राष्ट्र की संपत्ति को नष्ट करना, समाज में भय का वातावरण बनाना अथवा भीड़ के उन्माद को नेतृत्व मानना कभी स्वीकार नहीं किया।



यहां महात्मा गांधी के विचारों को भी समझना उपर्युक्त होगा, वे कहते हैं, 'अहिंसा निर्बलों का नहीं, वीरों का अस्त्र है।' लोकतंत्र में असहमति का अधिकार मौलिक है, किंतु हिंसा किसी भी आंदोलन की नैतिक शक्ति को समाप्त कर देती है। यदि किसी आंदोलन का परिणाम आम नागरिकों की पीड़ा, सार्वजनिक संपत्ति की क्षति और कानून-व्यवस्था का संकट बन जाए, तो वह जनांदोलन कैसे कहला सकता है? वह तो लोकतांत्रिक मयार्दाओं को तोड़ने का कार्य है। विरोध और विध्वंस में यही मूल अंतर है, जिसे कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) को अपने प्रदर्शन के दौरान समझना चाहिए था।

क्या आज हम इस तथ्य को नजरअंदाज कर सकते हैं कि भारत विश्व का सबसे युवा राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के अनुसार देश की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है। यही युवा भारत की सबसे बड़ी शक्ति है, किंतु यदि यह शक्ति राष्ट्र निर्माण के स्थान पर अराजकता की दिशा में मुड़ जाए, तब फिर क्या कहा जाएगा, सच पूछिए तो यही स्थिति एक सफल देश के लिए उसकी सबसे बड़ी त्रासदी बन जाती है, जैसा कि दृश्य दिल्ली में दिखा है।

संसद मार्च के दौरान जो घटनाएं सामने आईं, वस्तुतः उनमें प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान, यातायात का ठप हो जाना तथा सोशल मीडिया पर उग्र और विवादित वीडियो का प्रसार, इन सबने लोकतांत्रिक विरोध और भीड़तंत्र के बीच की रेखा को आज पुनः चर्चा के केंद्र में ला दिया है। कई वायरल वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं होने के बाद भी जिस तरह से उनका प्रसार किया जा रहा था, उससे यही समझ आता है कि भारत को कैसे अराजक बनाया जा सकता है, इसके लिए लगता है, देश में कई शक्तियां कार्य कर रही हैं जोकि इस शांति मार्च के नाम पर एक साथ आती हुई दिखीं।

एक दूसरा दृश्य भी भारत में दिखता है, जिसमें स्टार्टअप, डिजिटल अर्थव्यवस्था, अंतरिक्ष विज्ञान, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर, रक्षा उत्पादन और वैश्विक नेतृत्व की ओर तेजी से बढ़ना शामिल। चंद्रयान, आदित्य-एल1, डिजिटल भुगतान, नवाचार और विश्वस्तरीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी ने यह सिद्ध किया है कि जब भारतीय युवा अपनी प्रतिभा का उपयोग निर्माण में करता है, तो वह पूरी दुनिया को चकित कर देता है। दूसरी ओर जब इन्हीं युवाओं का एक वर्ग अपनी ऊर्जा हिंसा, तोड़फोड़ और भीड़ के उन्माद में व्यर्थ करता दिखता है, तो यह राष्ट्रीय क्षमता की हानि के रूप में दिखाई देता है।

इस पूरे घटनाक्रम का एक और चिंताजनक पक्ष सोशल मीडिया की भूमिका है। आज कुछ सेकंड का वीडियो लाखों लोगों की भावनाओं को प्रभावित कर देता है। बिना सत्यापन के प्रसारित दावे, उत्तेजक भाषण और आधी-अधूरी सूचनाएं भीड़ को भड़काने का माध्यम बन जाती हैं। उन राजनीतिक दलों को भी आत्ममंथन करना चाहिए, जोकि अपने हित में देश की युवा शक्ति का गलत इस्तेमाल करते हैं। युवा शक्ति को राजनीतिक प्रदर्शन का औजार बनाना किसी भी लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत कभी नहीं हो सकता। ध्यान रहे, लोकतंत्र में सत्ता बदल सकती है, सरकारें बदल सकती हैं, लेकिन यदि युवा पीढ़ी का चरित्र बदल गया तो उसकी भरपाई किसी राजनीतिक परिवर्तन से नहीं हो सकेगी।

डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम कहा करते थे, 'सपने वे नहीं होते जो हम सोते समय देखते हैं, बल्कि सपने वे होते हैं जो हमें सोने नहीं देते।' उनका सपना ऐसा भारत था, जहाँ युवा प्रयोगशालाओं में शोध करें, उद्योग स्थापित करें, विज्ञान और तकनीक में दुनिया का नेतृत्व करें तथा समाज को नई दिशा दें। वास्तव में इस परिभाषा से वही भारत का वास्तविक युवा है जो निर्माण करता है, विनाश नहीं; जो समाधान खोजता है, संकट नहीं बढ़ाता; जो राष्ट्र को जोड़ता है, तोड़ता नहीं और न ही दिल्ली जैसी अराजकता बिल्डिंगों में घुसकर एवं खड़े वाहनों में तोड़-फोड़ करके फैलाता है!

आज जो भी देश में अराजकता व्याप्ति में लगे हैं, वे समझ लें कि पत्थर कभी विचार का स्थान नहीं ले सकते और भीड़ कभी चरित्र का विकल्प नहीं बन सकती। स्वामी विवेकानन्द का युवा हाथ में पुस्तक लेकर चलता है; वह किसी पर पत्थर फैककर सार्वजनिक संपत्ति को नष्ट नहीं करता है, वह तो राष्ट्र की संपत्ति बढ़ाता है और समाज को संगठित करता है, इसलिए संसद मार्च की घटनाओं के बाद सबसे बड़ा प्रश्न 'कॉकरोच जनता पार्टी'(सीजेपी) यही है कि वे अपने आन्दोलन से भारत के युवाओं को किस दिशा में ले जा रही है?

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# समान नागरिक संहिता : संविधान के अधूरे संकल्प से सामाजिक समरसता की ओर



कृष्णमोहन झा

भारत का संविधान केवल शासन संचालन का दस्तावेज नहीं है, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का भी घोषणापत्र है। संविधान निमार्ताओं ने एक ऐसे राष्ट्र की कल्पना की थी, जहाँ नागरिकों के अधिकार उनके धर्म, जाति या पंथ से नहीं, बल्कि उनकी नागरिकता से निर्धारित हों। इसी सोच का प्रतिबिंब संविधान के नीति-निर्देशक तत्वों में शामिल अनुच्छेद 44 में दिखाई देता है, जिसमें राज्य से अपेक्षा की गई है कि वह नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता लागू करने का प्रयास करेगा। स्वतंत्रता के लगभग आठ दशक बाद मध्यप्रदेश इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ा रहा है। राज्य मंत्रिमंडल द्वारा समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक को स्वीकृति दिए जाने और उसे विधानसभा में प्रस्तुत किए जाने के साथ यह विषय एक बार फिर राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में है।

समान नागरिक संहिता का विचार नया नहीं है। संविधान सभा में इस विषय पर व्यापक चर्चा हुई थी। डॉ. भीमराव आंबेडकर का मत था कि आधुनिक लोकतांत्रिक राष्ट्र में नागरिक अधिकारों का आधार समानता होना चाहिए। वहीं के.एम. मुंशी और अल्लादी कृष्णास्वामी अय्यर जैसे सदस्यों ने भी नागरिक जीवन से जुड़े मामलों में समान कानूनी व्यवस्था का समर्थन किया। हालांकि तत्कालीन सामाजिक परिस्थितियों और देश की विविधता को देखते हुए इसे मौलिक अधिकारों में शामिल करने के बजाय नीति-निर्देशक तत्वों में रखा गया, ताकि समय के साथ सामाजिक सहमति बनने पर इसे लागू किया जा सके।

पिछले सात दशकों में यह विषय समय-समय पर न्यायपालिका, विधि आयोग, सामाजिक संगठनों और राजनीतिक दलों के बीच चर्चा का विषय रहा। शाह बानो प्रकरण, सरला मुद्गल जैसे मामलों में सर्वोच्च न्यायालय ने भी यह टिप्पणी की कि समान नागरिक संहिता पर गंभीर विचार होना चाहिए। इन टिप्पणियों का उद्देश्य किसी धर्म विशेष पर प्रश्न उठाना नहीं था, बल्कि संविधान में निहित समानता के सिद्धांत की ओर ध्यान आकर्षित करना था।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी स्वतंत्रता के बाद से समान नागरिक संहिता का निरंतर समर्थन किया है। संघ का मानना रहा है कि व्यक्तिगत कानूनों में समानता राष्ट्रीय एकात्मता और समान नागरिक अधिकारों को मजबूत करेगी। दूसरी ओर अनेक धार्मिक संगठनों, विधि विशेषज्ञों और सामाजिक कार्यकताओं ने यह भी कहा कि किसी भी परिवर्तन को व्यापक संवाद, विश्वास और संवेदनशीलता के साथ लागू किया जाना चाहिए। लोकतंत्र की यही विशेषता है कि बड़े सुधार केवल कानून बनाकर नहीं, बल्कि संवाद के माध्यम से स्थायी रूप से स्थापित होते हैं।

उत्तराखंड द्वारा समान नागरिक संहिता लागू करने के बाद अब मध्य प्रदेश इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार ने पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में समिति गठित की, व्यापक जनसुझाव आमंत्रित किए और उसके आधार पर विधेयक का प्रारूप तैयार किया। सरकार का कहना है कि लाखों सुझाव प्राप्त हुए तथा व्यापक स्तर पर परामर्श के बाद यह मसौदा तैयार किया गया।

प्रस्तावित प्रावधानों में बहुविवाह पर रोक, विवाह का अनिवार्य पंजीकरण, तलाक की विधिक प्रक्रिया, महिलाओं और पुरुषों के लिए समान उत्तराधिकार अधिकार तथा कुछ परिस्थितियों में लिव-इन संबंधों के पंजीकरण जैसी व्यवस्थाएँ शामिल हैं। अनुसूचित जनजातियों को फिलहाल इसके दायरे से बाहर रखा गया है। सरकार का तर्क है कि इसका उद्देश्य नागरिक अधिकारों में समानता स्थापित करना है, जबकि आलोचकों का मानना है कि इसके सामाजिक और सांस्कृतिक प्रभावों पर भी गंभीर चर्चा आवश्यक है। यहीं इस पूरे विमर्श का सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न सामने आता है क्या केवल कानून बना देने से समानता स्थापित हो जाएगी?

इतिहास बताता है कि सामाजिक परिवर्तन केवल विधायी निर्णयों से नहीं आते। बाल विवाह निषेध कानून, दहेज निषेध कानून, शिक्षा का अधिकार या घरेलू हिंसा विरोधी कानून–इन सभी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, लेकिन इनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समाज की मानसिकता में परिवर्तन भी आवश्यक था। समान नागरिक संहिता के साथ भी यही सत्य लागू होगा।

यदि यह कानून महिलाओं को अधिक सुरक्षा देता है, विवाह और उत्तराधिकार में समान अधिकार सुनिश्चित करता है, कानूनी प्रक्रियाओं को सरल बनाता है और नागरिकों को समान न्याय दिलाने में सहायक होता है, तो निस्संदेह यह भारतीय लोकतंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। लेकिन यदि इसके क्रियान्वयन में संवाद, संवेदनशीलता और विश्वास का अभाव रहा, तो अनावश्यक विवाद भी उत्पन्न हो सकते हैं। इसलिए इस कानून की सफलता उसकी धाराओं से अधिक उसके कार्यान्वयन और सामाजिक स्वीकार्यता पर निर्भर करेगी।

मध्यप्रदेश की पहल का एक और महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि यह बहस केवल राज्य की सीमाओं तक सीमित नहीं रहेगी। अन्य राज्य भी इस अनुभव का अध्ययन करेंगे। यदि यह मॉडल न्यायपूर्ण, पारदर्शी और प्रभावी सिद्ध होता है, तो यह देशव्यापी विमर्श को नई दिशा दे सकता है। यदि इसमें व्यावहारिक कठिनाइयाँ सामने आती हैं, तो उनसे भी सीख लेकर आगे की नीति को बेहतर बनाया जा सकेगा। लोकतंत्र की यही शक्ति है कि वह प्रयोगों से सीखता है।

भारतीय समाज की सबसे बड़ी विशेषता उसकी विविधता है। भाषा, संस्कृति, परंपरा और आस्था की इस विविधता को सुरक्षित रखते हुए समान नागरिक अधिकार सुनिश्चित करना आसान कार्य नहीं है। यही कारण है कि समान नागरिक संहिता पर चर्चा केवल राजनीतिक दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि संवैधानिक, सामाजिक और मानवीय दृष्टिकोण से भी होनी चाहिए। इस विषय पर मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन मतभेदों के बीच संवाद बना रहना लोकतंत्र की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

अंततः समान नागरिक संहिता का मूल्यांकन इस आधार पर होना चाहिए कि क्या यह संविधान की मूल भावना–न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को और अधिक मजबूत करती है। यदि यह कानून नागरिकों को समान अधिकार देने के साथ सामाजिक विश्वास भी अर्जित करता है, तो मध्यप्रदेश की यह पहल केवल एक राज्य का विधायी निर्णय नहीं रहेगी, बल्कि भारतीय लोकतंत्र के विकासक्रम में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में याद की जाएगी।

**(लेखक, राजनीतिक विश्लेषक हैं।)**

## आज का राशिफल

**मेष-** स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**वृष-** विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मिथुन-** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें।

**कर्क-** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**सिंह-** व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा।

**कन्या-** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**तुला-** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**वृश्चिक-** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**धनु-** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी।

**मकर-** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें।

**कुंभ-** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे।

**मीन-** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### नीट में झारखंड में दूसरा स्थान पाने वाले संजीत को विधायक प्रदीप प्रसाद ने किया सम्मानित



**हजारीबाग।** सदर प्रखंड के नगवां गांव निवासी स्वर्गीय मंटू मेहता के पुत्र संजीत कुमार ने नीट परीक्षा में झारखंड में दूसरा स्थान प्राप्त कर हजारीबाग सहित पूरे राज्य का नाम रोशन किया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर सदर विधायक प्रदीप प्रसाद मंगलवार को उनके आवास पहुंचे और मिठाई खिलाकर बधाई दी। उन्होंने संजीत के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनकी माता एवं परिजनों को भी शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि संजीत की सफलता साबित करती है कि प्रतिभा सुविधाओं की मोहताज नहीं होती। कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर सीमित संसाधनों में भी बड़ी उपलब्धि हासिल की जा सकती है। उन्होंने कहा कि वर्षों पहले संजीत के सिर से पिता का साया उठ गया था, लेकिन उनकी माता ने संघर्ष, त्याग और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ उनका पालन-पोषण किया। आज को यह सफलता उनकी माता के अथक परिश्रम और संस्कारों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि गांवों से निकलने वाले युवा आज अपनी प्रतिभा के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। संजीत कुमार की उपलब्धि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। यह सफलता बताती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और उसे पाने का संकल्प मजबूत हो, तो कोई भी बाधा सफलता के रास्ते में नहीं टिक सकती।

### 5 साल से आवास योजना की प्रतीक्षा कर रही लाचार महिला को जल्द मिले लाभ : मोहम्मद हकीम



**हजारीबाग।** खतियानी परिवार के केंद्रीय महासचिव मोहम्मद हकीम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम चपवा, पंचायत भेलवारा, सदर प्रखंड की निवासी मोसमात गंगिया देवी को आवास योजना का लाभ शीघ्र उपलब्ध कराने की मांग की है।
उन्होंने कहा कि सरकार की आवास योजना से क्षेत्र के अनेक जरूरतमंद परिवार लाभान्वित हुए हैं, लेकिन मोसमात गंगिया देवी अब तक इस योजना से वंचित हैं। उनका कहना है कि गंगिया देवी आर्थिक रूप से बेहद कमजोर और असहाय हैं तथा उनका पुश्तैनी मिट्टी-खपड़ैल का मकान पूरी तरह जर्जर हो चुका है। बरसात के मौसम में मकान कभी भी गिर सकता है, जिसके कारण वह पड़ोसियों के यहां शरण लेकर जीवनयापन करने को मजबूर हैं। मोहम्मद हकीम ने बताया कि गंगिया देवी के लिए उप विकास आयुक्त कार्यालय के पत्रांक 1363, दिनांक 16 अगस्त 2021 के क्रम संख्या 7 में आवास योजना का आवंटन दर्ज है। इसके बावजूद पांच वर्षों से उन्हें केवल आश्वासन ही मिलता रहा है और अब तक योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए गंगिया देवी को शीघ्र आवास योजना का लाभ उपलब्ध कराया जाए, ताकि उन्हें सुरक्षित आवास मिल सके और वे सम्मानपूर्वक जीवनयापन कर सकें।

### बादम चाकूबाजी कांड में मुख्य आरोपी गिरफ्तार, बड़कागांव पुलिस ने भेजा जेल



**बड़कागांव।** बड़कागांव थाना पुलिस ने बादम गांव में हुई चाकूबाजी की घटना में वांछित प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, ग्राम बादम में हुई चाकूबाजी की घटना के संबंध में बड़कागांव थाना कांड संख्या 119/26, दिनांक 3 जुलाई 2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। मामले के अनुसंधान के दौरान पुलिस लगातार छापेमारी और तकनीकी अनुसंधान कर रही थी। इसी क्रम में पुलिस ने प्राथमिकी अभियुक्त विवेक पांडेय (18 वर्ष), पिता विजय पांडेय, निवासी ग्राम बादम, थाना बड़कागांव, जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। बड़कागांव पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। हिंसात्मक एवं आपराधिक घटनाओं में शामिल लोगों के खिलाफ आगे भी सख्त और विधिसम्मत कार्रवाई जारी रहेगी।

### बरकनगांगो में हाथी के हमले से मौत, आश्रित को सरकारी नौकरी देने की उठी मांग

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के बरकनगांगो गांव में जंगली हाथी के हमले में एक व्यक्ति की मौत के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। घटना पर झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच ने गहरा दुख जताते हुए मृतक के परिजनों को हरसंभव सहायता देने की मांग की है। विचार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष एवं बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी बटेश्वर प्रसाद मेहता ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए राज्य सरकार, जिला प्रशासन और वन विभाग से तत्काल राहत उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि मृतक के आश्रित को सरकारी नौकरी दी जाए तथा वन विभाग बिना अनावश्यक कागजी प्रक्रिया में देरी किए अनुग्रह राशि का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करे। उन्होंने क्षेत्र में लगातार हाथियों के बढ़ते आतंक पर चिंता जताते हुए कहा कि ग्रामीणों की जान-माल की सुरक्षा के लिए वन विभाग को ठोस और प्रभावी कदम उठाने चाहिए। उनका आरोप है कि हाथियों को आबादी वाले क्षेत्रों से दूर रखने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं की जा रही है।

# प्रेम प्रसंग बना हत्या की वजह, डेंटल कॉलेज के सुपरवाइजर हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार

### शराब पिलाने के बाद मारपीट कर की हत्या, तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने दबोचा आरोपी



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**हजारीबाग।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र में डेंटल कॉलेज के सुपरवाइजर (स्टोर कीपर) विकास कुमार सिंह की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी पवन कुमार दास को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में हत्या की वजह प्रेम प्रसंग सामने आई है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मंगलवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 19 जुलाई को सूचना मिली थी कि डेंटल कॉलेज में कार्यरत विकास कुमार सिंह की हत्या कर दी गई है। सूचना के आधार पर मुफस्सिल थाना में कांड संख्या 117/26 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी अभियुक्त पवन कुमार दास को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह और विकास कुमार सिंह एक ही युवती से प्रेम करते थे। इसी कारण उसने विकास कुमार सिंह की हत्या की साजिश रची। पुलिस के अनुसार 18 जुलाई की रात आरोपी ने विकास कुमार सिंह को अधिक शराब पिलाई। नशे और नींद की हालत में उसे जमीन पर मुंह के बल पटक दिया और लात-घूंसों से हमला कर उसकी हत्या कर दी। आरोपी को यह भी पता था कि मृतक के सीने में मशीन लगी हुई थी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गिरिडीह जिले के सिहोडीह निवासी 35 वर्षीय पवन कुमार दास के रूप में हुई है। उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है।
इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक जितेंद्र भगत, सिद्धनाथ कुमार, सत्यम तथा मुफस्सिल थाना के सशस्त्र बल शामिल रहे। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### भाजपा सरकार युवा-विरोधी, 152 पेपर लीक से करोड़ों छात्रों का भविष्य बर्बाद : मनोज नारायण भगत



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता मनोज नारायण भगत ने केंद्र की भाजपा सरकार पर युवाओं और छात्रों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि मौजूदा सरकार देश के इतिहास की सबसे युवा-विरोधी सरकार साबित हुई है। उन्होंने कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था में गड़बड़ियों से करोड़ों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है।
मनोज नारायण भगत ने कहा कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पेपर लीक की घटनाओं की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं होने से स्पष्ट है कि सरकार युवाओं की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं है। उनका दावा है कि केंद्र सरकार के कार्यकाल में अब तक 152 से अधिक परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं, जिससे लगभग 7.5 करोड़ छात्र प्रभावित हुए हैं।
उन्होंने आरोप लगाया कि इतने बड़े मामलों के बावजूद मुख्य दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, जबकि मेहनत करने वाले अभ्यर्थियों का भविष्य दांव पर लग गया। उन्होंने कहा कि जब छात्र अपने अधिकारों और निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर आवाज उठाते हैं तो उनके साथ संवाद करने के बजाय पुलिस कार्रवाई की जाती है।
मनोज नारायण भगत ने कहा कि पेपर लीक के जिम्मेदार लोग खुलेआम घूम रहे हैं, जबकि अपने अधिकारों की मांग करने वाले छात्रों को परेशान किया जा रहा है।

## बूथ स्तर तक संगठन विस्तार पर झामुमो का फोकस, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद के लिए यासीन खान के नाम की अनुशंसा



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की जिला समिति की बैठक मंगलवार को जिला परिषद सभागार में जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव नीलकंठ महतो ने किया। इसमें संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, विभिन्न मोर्चों के गठन, सदस्यता अभियान और आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिले के सभी प्रखंड अध्यक्षों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान प्रखंड स्तर पर संगठन विस्तार में आ रही चुनौतियों की समीक्षा की गई तथा संगठन को अधिक सक्रिय और जनसरोकारों से जोड़ने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।
जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया ने कहा कि झामुमो की सबसे बड़ी ताकत उसकी जमीनी पकड़ और कार्यकर्ताओं की सक्रियता है। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन का विस्तार बूथ स्तर तक किया जाएगा तथा युवा, महिला और अल्पसंख्यक मोर्चा का गठन प्रत्येक बूथ पर सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और पार्टी की नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद के लिए मो. यासीन खान के नाम का प्रस्ताव रखा गया, जिसे उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से समर्थन देते हुए अनुशंसा पारित की। जिला सचिव नीलकंठ महतो ने कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने बताया कि बैठक में मिले सुझावों के आधार पर प्रत्येक प्रखंड में संगठन विस्तार अभियान चलाया जाएगा तथा कार्यकर्ताओं को नियमित प्रशिक्षण, संवाद और जनसंपर्क कार्यक्रमों से जोड़ा जाएगा। केंद्रीय सदस्य सुनील शर्मा ने कार्यकर्ताओं से आगामी पंचायत चुनाव में अधिक से अधिक भागीदारी निभाने की अपील की। बैठक में केंद्रीय सदस्य गौरव पटेल, सुनील शर्मा, यासीन खान, राजा मोहम्मद, जिला प्रवक्ता कुणाल यादव, सत्येंद्र मेहता, लखन लाल महतो, बीरबल मेहता, नारायण दास, आनंद मरांडी, विक्की धवन, श्वेता दुबे, अब्दुल्ला खान, श्रीनाथ महतो सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सोहराई और कोहबर कला को मिलेगा नया मंच, जिले में होगा सोहराई फेस्टिवल पखवाड़ा



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**हजारीबाग।** मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड द्वारा संचालित सोहराई महिला कला विकास सहयोग समिति का उद्घाटन मंगलवार को दीपूगढ़ा स्थित संस्कृति म्यूजियम परिसर में उपायुक्त हेमन्त सती ने किया। यह केंद्र जिले की पारंपरिक सोहराई एवं कोहबर कला के संरक्षण, संवर्धन और महिला कलाकारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित किया जाएगा।
उद्घाटन के बाद उपायुक्त ने केंद्र का निरीक्षण कर महिला कलाकारों द्वारा तैयार सोहराई और कोहबर कला की विभिन्न कलाकृतियों का अवलोकन किया। उन्होंने कलाकारों के कौशल की सराहना करते हुए कहा कि हजारीबाग की यह पारंपरिक कला विश्व स्तर पर अपनी अलग पहचान रखती है। उन्होंने बताया कि इन कलाओं के संरक्षण और प्रचार-प्रसार के लिए जिला प्रशासन जल्द ही सोहराई फेस्टिवल पखवाड़ा का आयोजन करेगा, जिससे स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का बेहतर अवसर मिलेगा।
इस दौरान महिला कलाकारों ने केंद्र में नियमित बिजली, सोलर लाइट और पहुंच मार्ग निर्माण की आवश्यकता बताई। उपायुक्त ने इन मांगों पर सहमति जताते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।
कार्यक्रम के बाद उपायुक्त ने संस्कृति म्यूजियम का भी भ्रमण किया। उन्होंने पाषाण युग, पूर्व पाषाण युग तथा प्राचीन भारतीय सभ्यता से संबंधित दुर्लभ पुरातात्विक सामग्री का अवलोकन किया। संग्रहकर्ता गुस्ताफ इमाम ने उन्हें संग्रहालय में संरक्षित पुरावशेषों और उनके ऐतिहासिक महत्व की जानकारी दी।
उपायुक्त ने हजारीबाग की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में आधुनिक संग्रहालय विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने यह भी घोषणा की कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सोहराई और कोहबर कला से जुड़े उत्कृष्ट कलाकारों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा, ताकि इस पारंपरिक कला को नई पहचान और प्रोत्साहन मिल सके।

### नगर निगम की हकीकत पहली बारिश में उजागर, डामोडीह-सिरसी की बदहाल सड़कों पर फूटा लोगों का गुस्सा



**भावेश मिश्रा**

**हजारीबाग।** कटकमदाग अंचल के नगर निगम क्षेत्र स्थित वार्ड संख्या 33 के डामोडीह-सिरसी में पहली ही तेज बारिश के बाद विकास के दावों की पोल खुल गई। जर्जर सड़कों पर जलजमाव होने से कई जगह सड़कें तालाब जैसी नजर आने लगी हैं। गहरे गड्ढों में पानी भर जाने से पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है, जबकि दोपहिया और चारपहिया वाहनों का आवागमन भी जोखिम भरा हो गया है। इसका सबसे अधिक असर स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और रोजाना आने-जाने वाले लोगों पर पड़ रहा है।
स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम में शामिल होने के बाद क्षेत्र के विकास की उम्मीद जगी थी, लेकिन आज स्थिति पहले से भी बदतर हो गई है। उनका आरोप है कि पंचायत क्षेत्र में रहने के दौरान छोटी-बड़ी समस्याओं का समाधान हो जाता था, लेकिन नगर निगम बनने के बाद न सड़क बनी, न नाली का निर्माण हुआ और न ही पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई। लोगों का कहना है कि क्षेत्र से टैक्स तो लिया जा रहा है, लेकिन बदले में मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही हैं।
ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करने वाले जनप्रतिनिधि चुनाव खत्म होते ही क्षेत्र की सुध लेना भूल जाते हैं। उनका कहना है कि विधायक, सांसद, महापौर और स्थानीय वार्ड पार्षद तक क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए गंभीर नहीं हैं। वर्षों से टूटी सड़कें, जलजमाव और बुनियादी सुविधाओं का अभाव लोगों की परेशानी का कारण बना हुआ है। इलाके में नाली नहीं होने के कारण बारिश का पानी सड़कों और घरों के आसपास जमा हो रहा है, जिससे संक्रमण और मच्छरजनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

### नवाबगंज रोड पर घंटों जाम, एंबुलेंस तक फंसी; बदहाल सड़क पर उठे जवाबदेही के सवाल



**भावेश मिश्रा**

**हजारीबाग।** शहर की सबसे व्यस्त सड़कों में शामिल नवाबगंज रोड की बदहाल स्थिति के कारण आनंदा चौक से पानी टंकी, छठ तालाब होते हुए नवाबगंज रोड तक लंबा जाम लग गया। जाम में दोपहिया और चारपहिया वाहनों के साथ टेंपो, ई-रिक्शा, स्कूली वाहन और एंबुलेंस तक फंस गई। लोगों ने सड़क की खराब स्थिति और निर्माण कार्य में हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार विभागों से जवाब मांगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए हैं। बरसात के कारण इनमें पानी भर जाने से वाहन चालकों को सड़क और गड्ढे का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे दुर्घटना का खतरा लगातार बना रहता है। खराब सड़क के कारण वाहनों की रफ्तार धीमी हो जाती है और थोड़ी सी भी भीड़ लगने पर लंबा जाम लग जाता है। जाम के दौरान ट्रैफिक पुलिस के जवान व्यवस्था संभालते नजर आए, लेकिन लोगों का कहना है कि जब तक सड़क की स्थिति नहीं सुधरेगी, तब तक केवल ट्रैफिक व्यवस्था से समस्या का समाधान संभव नहीं है। लोगों ने सवाल उठाया कि यदि सड़क निर्माण या मरम्मत कार्य चल रहा है तो उसकी समय-सीमा क्या है और यदि काम पूरा हो चुका है तो सड़क इतनी जल्दी खराब कैसे हो गई। जाम में फंसी एंबुलेंस और स्कूली वाहनों ने लोगों की चिंता और बढ़ा दी। नागरिकों का कहना है कि सड़क की बदहाली अब केवल असुविधा का विषय नहीं रह गई है, बल्कि यह जनसुरक्षा का भी गंभीर मुद्दा बन चुकी है। एक बुजुर्ग ने जाम में फंसे रहने के दौरान कहा, अब रोते-रोते थक गया हूं। समझ नहीं आता किस भगवान को याद करूं। अब अगर कोई उम्मीद है, तो जिला प्रशासन ही भगवान बनकर इस सड़क को बचा सकता है।

### छात्रों पर लाठीचार्ज लोकतंत्र के खिलाफ, संविधान सर्वोपरि : विनोद कुशवाहा



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**हजारीबाग।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट पेपर लीक मामले को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में झारखंड कांग्रेस के प्रदेश संयोजक विनोद कुशवाहा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण विरोध करना लोकतंत्र की आत्मा और प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है। छात्रों की आवाज को बल प्रयोग से दबाने का प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है।
विनोद कुशवाहा ने कहा कि नीट पेपर लीक के विरोध में छात्र कई दिनों से जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे थे। अपनी मांगों को लेकर आयोजित 'संसद चलो' मार्च के दौरान पुलिस द्वारा लाठीचार्ज और आंसू गैस का प्रयोग किए जाने की घटना चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि सरकार को छात्रों की बात सुनकर संवाद के माध्यम से समाधान निकालना चाहिए, न कि बल प्रयोग का सहारा लेना चाहिए।
उन्होंने कहा कि भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार देता है। ऐसे में छात्रों के साथ की गई कार्रवाई लोकतांत्रिक व्यवस्था की भावना के विपरीत है।
विनोद कुशवाहा ने पुलिस अधिकारियों और सरकारी कर्मचारियों से संवैधानिक दायित्वों का निष्पक्ष और संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि संविधान सर्वोच्च है और प्रत्येक सरकारी अधिकारी की पहली जिम्मेदारी संविधान और कानून के प्रति है। सत्ता स्थायी नहीं होती, लेकिन संवैधानिक मूल्यों का सम्मान हर परिस्थिति में होना चाहिए।
उन्होंने पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष समीक्षा कराने और कानून के दायरे में सभी पक्षों की जवाबदेही तय करने की मांग की।

**शिविर** पदमा में ड्राइविंग लाइसेंस शिविर सफल

# 50 से अधिक लोगों को मौके पर मिला लर्निंग लाइसेंस

### अब प्रखंड स्तर पर मिल रही लाइसेंस की सुविधा, जिला मुख्यालय के चक्कर से मिली राहत



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**पदमा (हजारीबाग)।** झारखंड सरकार के निर्देश पर मंगलवार को पदमा अंचल कार्यालय परिसर में विशेष ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। जिले में आयोजित यह तीसरा विशेष शिविर था। इससे पहले चुरचू और कटकमसांडी में भी ऐसे शिविर लगाए जा चुके हैं। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण और दूरदराज के लोगों को उनके प्रखंड स्तर पर ही ड्राइविंग लाइसेंस की सुविधा उपलब्ध कराना तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था।
शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आए आवेदकों के ऑनलाइन आवेदन लिए गए। इसके बाद फोटो, हस्ताक्षर और बायोमेट्रिक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कर ऑनलाइन लर्निंग टेस्ट कराया गया। टेस्ट में सफल 50 से अधिक आवेदकों को मौके पर ही लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस जारी किया गया।
लाभार्थियों ने बताया कि पहले लाइसेंस बनवाने के लिए जिला मुख्यालय के कई चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन अब प्रखंड स्तर पर ही यह सुविधा मिलने से समय और पैसे दोनों की बचत हो रही है। लोगों ने इस पहल के लिए सरकार और परिवहन विभाग के प्रति आभार जताया।
शिविर के दौरान जिला परिवहन कार्यालय की टीम ने आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, ऑनलाइन लर्निंग टेस्ट तथा स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने की पूरी जानकारी भी दी। इस अवसर पर पदमा के अंचलाधिकारी मोतीलाल हेंब्रम, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष चौधरी, मोटरयान निरीक्षक रवीना कुमारी, सड़क सुरक्षा प्रबंधक संतोष सिंह सहित जिला परिवहन कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने लोगों से बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन नहीं चलाने, यातायात नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवाओं को आमजन तक सरल और सुलभ बनाना तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। साथ ही भविष्य में जिले के अन्य प्रखंडों में भी ऐसे विशेष शिविर आयोजित किए जाने की जानकारी दी।
शिविर के सफल संचालन में मोटरयान निरीक्षक रवीना कुमारी ने पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई। ऑनलाइन आवेदन की प्रविष्टि अनिल कुमार और कैलाश पाण्डेय ने की। स्क्रूटनी और बायोमेट्रिक सत्यापन का कार्य अमन कुमार एवं सूरज कुमार सिंह ने संभाला। ऑनलाइन लर्निंग टेस्ट का संचालन जीवन प्रकाश, शारिक इकबाल और अरविंद तिवारी ने किया, जबकि लर्निंग लाइसेंस प्रिंट की जिम्मेदारी दीपक सोनी और ललन कुमार ने निभाई। सभी अधिकारियों और कर्मियों के समन्वित प्रयास से शिविर का सफल संचालन हुआ।

### एक साल से फरार महिला हत्या कांड का आरोपी गिरफ्तार, बड़कागांव पुलिस की बड़ी सफलता



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**बड़कागांव।** बड़कागांव थाना पुलिस ने वर्ष 2025 के चर्चित महिला हत्या कांड में बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक वर्ष से फरार चल रहे प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम पडरिया में एक महिला की हत्या के मामले में बड़कागांव थाना कांड संख्या 120/25, दिनांक 15 मई 2025 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1)/3(5) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद से आरोपी लगातार फरार था और गिरफ्तारी से बचने का प्रयास कर रहा था।
कांड के अनुसंधान के दौरान बड़कागांव पुलिस लगातार छापेमारी और गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई कर रही थी। इसी क्रम में पुलिस ने प्राथमिकी अभियुक्त निर्मल महतो, पिता स्व. दीनू महतो, निवासी ग्राम पडरिया, थाना बड़कागांव, जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर लिया।
गिरफ्तारी के बाद आरोपी से आवश्यक पूछताछ और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के सफल संचालन को लेकर स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण आयोजित



**मेहरमा।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफल, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से सोमवार को प्रखंड सभागार में निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी आलोक वरण केसरी की अध्यक्षता में स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिनव कुमार भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान अंतिम मतदाता सूची के सत्यापन, पात्र मतदाताओं की पहचान, आवश्यक दस्तावेजों के मिलान, घर-घर संपर्क अभियान, निर्धारित प्रपत्रों के सही संधारण तथा समयबद्ध प्रतिवेदन तैयार करने की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई। किसी भी प्रकार की शंका या समस्या होने पर संबंधित बीएलओ, पर्यवेक्षक अथवा निर्वाचन कार्यालय से समन्वय स्थापित कर उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिनव कुमार ने कहा कि बीएलओ एवं बीएलए-2 की बैठक के माध्यम से एएसडीडी सूची तैयार करने और उसे अंतिम रूप देने में स्वयंसेवकों की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश, अभिलेखों का संधारण, डेटा की शुद्धता तथा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, बीएलओ पर्यवेक्षक, बीएलओ तथा निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### समाजसेवी राजेश चौरसिया को सत्र न्यायाधीश ने किया सम्मानित



**दुमका।** समाजसेवा और स्वैच्छिक रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले समाजसेवी राजेश चौरसिया को उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए दुमका सिविल कोर्ट के सत्र न्यायाधीश सुधांशु कुमार शशि ने सम्मानित किया। यह सम्मान मानव सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व और रक्तदान के प्रति उनके लंबे समय से चल रहे समर्पित प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। राजेश चौरसिया वर्षों से जिले में जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। वे विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों और रक्तदाताओं के साथ समन्वय स्थापित कर दिन-रात जरूरतमंदों की सहायता के लिए तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और रक्तदान जैसा कार्य लोगों के जीवन को नई उम्मीद देता है। समाज में ऐसे लोगों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो बिना किसी स्वार्थ के दूसरों की सहायता के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। सम्मान प्राप्त करने के बाद राजेश चौरसिया ने इस उपलब्धि को सभी रक्तदाताओं, सहयोगियों और सामाजिक कार्यकताओं को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करना है, ताकि रक्त के अभाव में किसी भी मरीज की जान न जाए। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद को नया जीवन प्रदान कर सकता है।

### चंपा गांव में श्वेता कुमारी का सहिया पद पर सर्वसम्मति से चयन



**मेहरमा।** मेहरमा प्रखंड अंतर्गत शंकरपुर पंचायत के चंपा गांव के वार्ड संख्या -09 में रिक्त सहिया पद पर नियुक्ति के लिए मंगलवार को आमसभा आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया कविता कुमारी ने की। चयन प्रक्रिया स्वास्थ्य विभाग के निर्धारित दिशा-निदेर्शों के अनुरूप शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न हुई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहरमा की ओर से नियुक्त बीटीटी मो. लालू तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम की उपस्थिति में अभ्यर्थियों के दस्तावेजों और निर्धारित योग्यताओं का परीक्षण किया गया। सभी आवश्यक मानकों की समीक्षा के बाद सर्वसम्मति से श्वेता कुमारी, पति व्यास मुनि यादव, का सहिया पद के लिए चयन किया गया। यह प्रक्रिया प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विवेक कुमार सिंह के निदेर्शानुसार पूरी की गई। इसलिए चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता और निर्धारित मापदंडों का विशेष ध्यान रखा गया। आमसभा में ग्राम प्रधान सजन कुमार मिश्र, पंचायत समिति सदस्य प्रियंका कुमारी, रमेश प्रसाद सिन्हा, विभाष कुमार सिन्हा, शंकर यादव, सुरेंद्र मंडल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने सर्वसम्मति से चयन प्रक्रिया का समर्थन किया और नवचयनित सहिया को शुभकामनाएं दीं। ग्रामीणों ने विश्वास व्यक्त किया कि श्वेता कुमारी अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए गांव में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

### तालझारी डकैती कांड का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार



**दुमका।** दुमका पुलिस ने तालझारी थाना क्षेत्र के चर्चित डकैती कांड का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए सरैयाहाट थाना क्षेत्र के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर लूटे गए चांदी के आभूषण भी बरामद किए हैं। इस कार्रवाई को जिले में अपराध नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। पुलिस के अनुसार 21 फरवरी 2026 को तालझारी थाना क्षेत्र के सहारा गांव में डकैती की घटना हुई थी। घटना के बाद पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान और गुप्त सूचना के आधार पर लगातार छापेमारी अभियान चलाया। इसी क्रम में सरैयाहाट निवासी प्रदीप हाजरा और संजय राय को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों की निशानदेही पर लूटे गए चांदी के आभूषण, जिनमें पहुंची, पायल, लॉकेट और सिकड़ी शामिल हैं, बरामद किए गए। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने नोनीहाट में एक ज्वेलरी व्यवसायी से छिनतई तथा देवघर में डकैती के प्रयास में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। जांच में यह भी सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी संजय राय के विरुद्ध पहले से डकैती और आर्म्स एक्ट सहित दो गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपियों के आपराधिक इतिहास और गिरोह के नेटवर्क की भी जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि डकैती में शामिल गिरोह के अन्य फरार सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय थाना को दें, ताकि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके। पुलिस ने भरोसा दिलाया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### उपायुक्त ने जनहितकारी विकास परियोजनाओं के लिए संभावित भूमि का स्थल निरीक्षण किया

# विकास परियोजनाओं के लिए भूमि चयन में पारदर्शिता बरतें: उपायुक्त



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**गोड्डा।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने गोड्डा प्रखंड के रामनगर एवं बरमसिया गांव में विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं जनहितकारी विकास परियोजनाओं के लिए संभावित भूमि का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य विभिन्न विभागों की योजनाओं के लिए उपयुक्त भूमि का चयन सुनिश्चित करना था।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों से भूमि के रकबे, स्वामित्व, राजस्व अभिलेख, पहुंच मार्ग, भौगोलिक स्थिति, जल निकासी, विद्युत आपूर्ति तथा अन्य तकनीकी एवं प्रशासनिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि विकास योजनाओं के लिए ऐसी भूमि का चयन किया जाए जो सभी आवश्यक मानकों पर खरी उतरती हो तथा भविष्य की आवश्यकताओं को भी पूरा कर सके।

उपायुक्त ने कहा कि जिले में विकास कार्यों के समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उपयुक्त भूमि की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भूमि चयन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं नियमानुसार संपन्न की जाएगी, ताकि जनहित से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने अंचलाधिकारी, गोड्डा को निर्देश दिया कि चिन्हित भूमि से संबंधित सभी राजस्व अभिलेखों का शीघ्र सत्यापन कर आवश्यक प्रस्ताव एवं प्रतिवेदन निर्धारित समय-सीमा के भीतर तैयार किए जाएं। साथ ही सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर भूमि से संबंधित लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन करें। उपायुक्त ने स्थल की भौगोलिक परिस्थितियों का भी बारीकी से अवलोकन किया और अधिकारियों से कहा कि दीर्घकालिक विकास आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ही भूमि का चयन किया जाए। उन्होंने दोहराया कि जिला प्रशासन जनहित से जुड़ी सभी विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 को लेकर राजनीतिक दलों के बीएलए-1 के साथ जिला स्तरीय बैठक आयोजित



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**साहिबगंज।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण- 2026 अभियान के सफल संचालन तथा मतदाता सूची को त्रुटिरहित, पारदर्शी एवं अद्यतन बनाने के उद्देश्य से सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त दीपक कुमार दुबे की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बीएलए-1 के साथ जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित पक्षों से सक्रिय सहयोग की अपील की गई। उपायुक्त दीपक कुमार दुबे ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार 30 जून से 29 जुलाई 2026 तक विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत बूथ स्तरीय अधिकारी घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण एवं डिजिटाइजेशन का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं और मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने में प्रशासन का सहयोग करें। बैठक में जानकारी दी गई कि 22 जुलाई 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे जिले के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ, बीएलए-2 तथा ईएलसी सदस्यों की तृतीय बैठक आयोजित होगी। इस दौरान प्रारूप मतदाता सूची एवं एएसडीडीएफ सूची का संयुक्त सत्यापन किया जाएगा। जिन मतदाताओं से अब तक अद्यतन गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुए हैं, उनसे शीघ्र संपर्क कर प्रपत्र प्राप्त करने तथा संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही बैठक की कार्यवाही को समयबद्ध तरीके से ईसीआईनेट पोर्टल पर अपलोड करने के भी निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ, पारदर्शी और विश्वसनीय मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। उन्होंने सभी अधिकारियों, बीएलओ, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों से समन्वित प्रयास करते हुए अभियान को सफल बनाने की अपील की, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो और अपात्र नामों का नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके।

## श्रावणी मेला में 24 घंटे मिलेगी स्वास्थ्य सुविधा, मंत्री इरफान अंसारी ने तैयारियों की समीक्षा की



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**देवघर।** राजकीय श्रावणी मेला 2026 के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर एवं सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण, आपदा प्रबंधन तथा खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री इरफान अंसारी ने की। बैठक में मेला क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था, आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं तथा महामारी नियंत्रण की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि श्रावणी मेला के दौरान देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं और कांवरियों के लिए 24 घंटे निर्बाध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मेला अवधि में किसी भी श्रद्धालु को स्वास्थ्य संबंधी कठिनाई न हो तथा सभी व्यवस्थाएं पूरी तत्परता के साथ संचालित की जाएं। उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने बताया कि मेला क्षेत्र में कुल 35 स्वास्थ्य शिविर स्थापित किए जाएंगे। इनमें 32 केंद्र चौबीसों घंटे संचालित होंगे, जबकि तपोवन, खरगडीहा और त्रिकूट स्थित तीन केंद्र प्रतिदिन सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक सेवाएं देंगे। पुराने सदर अस्पताल में 50 तथा नए सदर अस्पताल में 100 बेड की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त विभिन्न स्थानों पर 10 और 5 बेड वाले अस्थायी स्वास्थ्य केंद्र भी बनाए गए हैं। आपात स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त इमरजेंसी बेड, 41 एम्बुलेंस, डायरिया वार्ड, 21 प्राथमिक उपचार केंद्र, पल्स पोलियो केंद्र, खाद्य गुणवत्ता की जांच के लिए उड़नदस्ता दल तथा दवाओं की निगरानी के लिए विशेष टीमें तैनात रहेंगी। मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य सरकार श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बैठक में देवघर विधायक सुरेश पासवान, पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर, उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, सिविल सर्जन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसआईआर - 2026 अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ हुए सम्मानित



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**देवघर।** विशेष गहन पुनरीक्षण - 2026 अभियान के अंतर्गत मतदाता सूची के शत-प्रतिशत इन्यूमरेशन फॉर्म वितरण एवं उनके सफल डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा करने वाले बूथ स्तरीय अधिकारियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। 15 - देवघर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित करते हुए उनके समर्पण, कार्यकुशलता और जिम्मेदारी की सराहना की। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, त्रुटिरहित और विश्वसनीय बनाने में बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर शत-प्रतिशत फॉर्म वितरण और उनका सफल डिजिटाइजेशन करना एक बड़ी उपलब्धि है, जो संबंधित अधिकारियों की मेहनत और कर्तव्यनिष्ठा को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके और किसी भी प्रकार की त्रुटि या विसंगति को समय रहते दूर किया जा सके। इस दिशा में बीएलओ की सक्रिय भूमिका लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाती है। रवि कुमार ने सभी निर्वाचन कर्मियों एवं बीएलओ का आह्वान किया कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार पूरी निष्ठा, निष्पक्षता और उत्तरदायित्व के साथ निर्वाचन संबंधी सभी कार्यों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण कार्य संस्कृति ही निर्वाचन प्रक्रिया की विश्वसनीयता को मजबूत करती है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों ने सम्मानित बीएलओ को बधाई देते हुए उनके उत्कृष्ट कार्य की सराहना की और आगामी निर्वाचन कार्यों में भी इसी समर्पण के साथ योगदान देने का आह्वान किया।

## डिजिटल पंचायत को मिलेगी नई गति, जीपीडीपी प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**देवघर।** झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग के तत्वावधान में ग्राम पंचायत विकास योजना को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं डिजिटल बनाने के उद्देश्य से पंचायत विलेज लेवल एंटरप्रेन्योर्स के लिए आयोजित दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में देवीपुर एवं देवघर प्रखंड के पंचायत वीएलई ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत विकास योजना को सहभागी, गुणवत्तापूर्ण और तकनीक आधारित बनाना था, ताकि ग्रामीण विकास योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम में 16 वें वित्त आयोग, डिजिटल पोर्टल के उपयोग तथा विषय-आधारित योजना निर्माण से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि पंचायत वीएलई ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं और उनकी सक्रिय भूमिका से ग्राम पंचायतों में पारदर्शी एवं जवाबदेह शासन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करने, विशेष ग्राम सभा के माध्यम से जनभागीदारी सुनिश्चित करने, पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स, रियल टाइम डेटा प्रविष्टि तथा डिजिटल पोर्टल के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी गई। कार्यशाला को सफल बनाने में जिला परियोजना पदाधिकारी सह मास्टर ट्रेनर राजेश कुमार साह, बीपीसी अजय कुमार पंडित, धीरज कुमार एवं संदीप सौरभ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। डिविजनल मैनेजर कुंदन कुमार सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण पंचायत वीएलई की कार्यक्षमता बढ़ाने के साथ-साथ ग्रामीण शासन व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी बनाएगा। समापन समारोह में जिला एवं प्रखंड स्तर के अधिकारी तथा सभी पंचायत वीएलई उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के सफल समापन पर विश्वास व्यक्त किया गया कि प्रशिक्षित वीएलई ग्राम पंचायत विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## सिद्धो कान्हू उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया एआई आधारित ऑटो अटेंडेंस सिस्टम



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**दुमका।** सिदो कान्हू उच्च विद्यालय, दुमका के रोबोटिक क्लब की ओर से डेटाबेस प्रबंधन प्रणाली विषय पर विशेष तकनीकी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), आधुनिक तकनीक और नवाचार के प्रति रुचि विकसित करना तथा उनकी तकनीकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान सीनियर सेकेंडरी के विद्यार्थियों मनीष रंजन, प्रिंस कुमार गुप्ता और सौरभ कुमार ने अपने द्वारा विकसित एआई आधारित ऑटो अटेंडेंस सिस्टम का सफल प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने बताया कि यह सॉफ्टवेयर कृत्रिम बुद्धिमत्ता की सहायता से स्वचालित रूप से उपस्थिति दर्ज करता है, जिससे विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं अन्य संस्थानों में समय की बचत होने के साथ पारदर्शी उपस्थिति व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने इसकी कार्यप्रणाली, तकनीकी विशेषताओं तथा भविष्य में इसके व्यापक उपयोग की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एआई तकनीक से जुड़े विभिन्न पहलुओं को समझा। उन्होंने कई तकनीकी प्रश्न पूछे, जिनका टीम ने सरल एवं प्रभावी ढंग से उत्तर दिया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी), दुमका के जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी मिथिलेश कुमार थे। उनका स्वागत विद्यालय के सचिव प्रदीप्त मुखर्जी तथा प्राचार्य देवप्रिय मुखर्जी ने शॉल एवं पौधा भेंटकर किया। मिथिलेश कुमार ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे नवाचार उनकी रचनात्मक सोच और तकनीकी दक्षता का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में रोबोटिक क्लब के मेंटर चंद्रकांत पंडित एवं रफत शाहीन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में प्राचार्य इंद्रजीत प्रसाद भगत ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे नवाचार आधारित कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

## हॉकी झारखंड के संयुक्त सचिव बनने पर सुरजीत झा का गोड्डा में भव्य स्वागत



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**गोड्डा।** हॉकी झारखंड के सावधिक चुनाव में संयुक्त सचिव पद पर निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद सोमवार को गोड्डा लौटने पर सुरजीत झा का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। स्थानीय गांधी मैदान से लेकर इंडोर स्टेडियम तक आयोजित कार्यक्रमों में खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। गांधी मैदान पहुंचते ही उनका पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया गया। इसके बाद हॉकी के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने पारंपरिक गार्ड ऑफ स्टिक्स के माध्यम से उनका स्वागत कर सम्मान व्यक्त किया। इंडोर स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में सुरजीत झा को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनके अग्रज सर्वजीत झा 'अन्तेवासी' तथा भाभी डॉ. नूतन झा ने भावपूर्ण संबोधन दिया। हॉकी गोड्डा के पदाधिकारियों संजीव झा, अमित राय, अखिल कुमार झा, उर्मिला कुमारी और आकाश कुमार के साथ जिला कुश्ती संघ के सचिव अमित कुमार सिंह ने सुरजीत झा के खेल प्रशासन में योगदान की सराहना करते हुए इसे गोड्डा तथा संताल परगना के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। कार्यक्रम का संचालन हॉकी गोड्डा के कोषाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने किया। मनीष कुमार सिंह ने बताया कि रांची के मोरहाबादी हॉकी स्टेडियम में भी संताल परगना सहित विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों ने सुरजीत झा का स्वागत किया था। वहीं वापसी के दौरान गिरिडीह में शिक्षक मिथिलेश कुमार के नेतृत्व में उनका अभिनंदन किया गया। इस उपलब्धि पर अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, जिला खेल पदाधिकारी डॉ. प्राण महतो तथा भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी के पूर्व कोच चंचल भट्टाचार्य सहित अनेक लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। सुरजीत झा ने इस सम्मान का श्रेय अपने बड़े भाई, भाभी तथा सभी सहयोगियों को देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। समारोह में जिला कबड्डी संघ के सचिव धर्मेंद्र झा, ब्रजेश कुमार मंडल, संतोष कुमार यादव, प्रसिद्ध गायक कुमार विकास, दिव्यांग क्रिकेटर राजेंद्र प्रसाद, डी डांस एकेडमी के निदेशक प्रेमचंद महतो, कुश्ती कोच राहुल कुमार, उनके शिष्य-शिष्याएं तथा बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे। अंत में हॉकी गोड्डा के संयुक्त सचिव अमरेंद्र सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### श्रावणी मेला को लेकर सेप्टेज ट्रीटमेंट प्लांट का औचक निरीक्षण, 24 घंटे संचालन के निर्देश

**देवघर।** विश्व प्रसिद्ध राजकीय श्रावणी मेला 2026 की तैयारियों को लेकर देवघर नगर निगम पूरी तरह सक्रिय है। मेले के दौरान शहर की स्वच्छता एवं बेहतर नागरिक सुविधाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर आयुक्त सुलोचना मीना ने सेप्टेज ट्रीटमेंट प्लांट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लांट की कार्यप्रणाली, संसाधनों और तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया तथा संबंधित एजेंसी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त के साथ सहायक नगर आयुक्त गौरव कुमार, सहायक अभियंता सूरज उरांव, नगर प्रबंधक सतीश दास तथा प्लांट का संचालन कर रही एजेंसी के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### चैनपुर प्रखंड में 3231 साइकिल वितरण योजना का शुभारंभ



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के बीआरसी परिसर में सरकार की साइकिल वितरण योजना के तहत प्राप्त 3231 साइकिलों के वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय, प्रमुख प्रभा देवी तथा उपप्रमुख सुनील सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे, यही सांसद बी.डी. राम तथा हम सभी का प्रयास है। प्रमुख प्रभा देवी ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के सभी पात्र छात्र-छात्राओं को योजना का लाभ दिलाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उपप्रमुख सुनील सिंह ने बताया कि पहले चरण में 161 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिलों का वितरण किया गया है, जिससे उनका मनोबल बढ़ेगा और शिक्षा के प्रति उनका उत्साह भी बढ़ेगा। कार्यक्रम में समाजसेवी बबलू चौरसिया, अरुण पांडेय, बबलू पांडेय, प्रदीप दुबे, बीपीओ नीरज सिन्हा, बीआरपी मोहम्मद जुबेर, राकेश कुमार, प्रधानाध्यापक नंद कुमार पासवान सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे

### जमीन विवाद में मारपीट का आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना की पुलिस ने जमीन विवाद में मारपीट कर एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल करने के मामले में नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।पाटन थाना कांड संख्या 113/2026, दिनांक 09 जुलाई 2026, धारा 115(2), 126(2), 118(2), 109 एवं 3(5) बीएनएस के तहत दर्ज मामले के प्राथमिक अभियुक्त अनुज यादव (40 वर्ष), पिता सुराती यादव, निवासी ग्राम आरेदाना, थाना पाटन, जिला पलामू को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।पाटन थाना प्रभारी अनिल विद्यार्थी ने बताया कि आरोपी पर जमीन विवाद को लेकर मारपीट करने तथा दूसरे पक्ष के व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर देने का आरोप है। मामले की जांच जारी है तथा पुलिस आगे की विधिसम्मत कार्रवाई कर रही है।

### जहरीला जंतु के काटने से बिहार के 22 वर्षीय युवक की मौत

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के भजनिया गांव में रेलवे ट्रैक के नजदीक जहरीला जंतु के काटने से बिहार के एक युवक की मौत हो गई।मृतक की पहचान बिहार के लखीसराय निवासी कृष्णा मांझी उम्र 22 वर्ष के रूप में की गई है।इस घटना के बारे में बताया जा रहा है कि युवक रेलवे ठेकेदार के अंडर मोहम्मदगंज भजनिया में मजदूरी का काम करता था। बीती रात वह अन्य मजदूरों के साथ जमीन पर सोया हुआ था। इसी बीच रात के करीब 12:00 बजे एक जहरीला जंतु ने उसके गर्दन में काट लिया। घटना के बाद वहां पर मौजूद अन्य मजदूरों के द्वारा घायल कृष्णा मांझी को इलाज के लिए मोहम्मदगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद भी चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है।वहीं पुलिस के द्वारा घटना की जानकारी परिजनों को दे दी गई है।वहीं इस घटना के बाद से मोहम्मदगंज थाना प्रभारी नारायण सोरेन घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गए है।

### सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग की मौत बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल

**मेदिनीनगर।** नावाबाजार थाना क्षेत्र के तुकबेरा गांव निवासी सुदामा विश्वकर्मा उम्र 65 वर्ष की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि सुदामा विश्वकर्मा सोमवार की शाम किसी काम से बाना बाजार गए थे।इस बीच सड़क पर बाइक सवार युवक ने उन्हें टक्कर मार दी।जिससे सड़क पर गिरकर सुदामा विश्वकर्मा और मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा तीनों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया।जहां चिकित्सकों ने सुदामा विश्वकर्मा को मृत घोषित कर दिया।वहीं दोनो घायल युवकों का इलाज मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ही चल रहा है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर अस्पताल पुलिस चौकी के पुलिस पदाधिकारी और पुलिस जवान विकास कुमार अस्पताल पहुंचकर परिजनों से घटना के बारे में जानकारी लेकर शव का इंक्वेस्ट कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### चार माह से पेंशन नहीं मिलने पर दिव्यांगों में रोष, सरकार से अविलंब भुगतान की मांग

**गढ़वा।** श्री बंशीधर नगर के चेचरिया स्थित अनुमंडलीय दिव्यांग संघ कार्यालय में दिव्यांगजनों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पिछले चार माह से दिव्यांग पेंशन का भुगतान नहीं होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई। साथ ही पेंशन की स्थिति जानने के लिए सामूहिक रूप से बैंक जाने का निर्णय लिया गया।संघ के अनुमंडलीय अध्यक्ष कमलेश बिहारी ने बताया कि बैठक के बाद दिव्यांगजन सामूहिक रूप से सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की पुरैनी शाखा पहुंचे और पेंशन भुगतान की जानकारी ली। बैंक की ओर से बताया गया कि अब तक पेंशन की राशि प्राप्त नहीं हुई है।कमलेश बिहारी ने कहा कि लगातार चार माह से पेंशन का भुगतान नहीं होने के कारण दिव्यांगजनों के समक्ष गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है।

# उपायुक्त ने ईवीएम वेयरहाउस का किया मासिक निरीक्षण



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**मेदिनीनगर ।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने मंगलवार को जिला स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, रखरखाव तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों का गहनता से अवलोकन किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने ईवीएम वेयरहाउस का भौतिक सत्यापन करते हुए संपूर्ण परिसर का भ्रमण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान वेयरहाउस में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, विद्युत व्यवस्था, बैलेट यूनिट हॉल, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता एवं उनकी स्थिति की जांच की गई। साथ ही कमरों की सीलिंग, डबल लॉक प्रणाली तथा सुरक्षा संबंधी अन्य व्यवस्थाओं का भी बारीकी से निरीक्षण किया गया। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा एवं रखरखाव में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए तथा सुरक्षा व्यवस्था को हर समय चुस्त-दुरुस्त रखा जाए। नियमित रूप से सीसीटीवी, अग्निशमन उपकरण, विद्युत आपूर्ति तथा अन्य आवश्यक संसाधनों की जांच की जाती रहे, ताकि किसी भी प्रकार की तकनीकी या सुरक्षा संबंधी समस्या उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था और अभिलेखों के समुचित संधारण के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए गए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए ईवीएम की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से वेयरहाउस का नियमित निरीक्षण किया जाता है और सभी व्यवस्थाओं की समय-समय पर समीक्षा की जाती है।

### पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पुलिस अधीक्षक, पलामू के निर्देशानुसार मेदांता अस्पताल, रांची के सहयोग से पुलिस लाइन, पलामू परिसर में पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं स्वास्थ्य प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मेदांता अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों ने पुलिसकर्मियों का रक्तचाप, मधुमेह सहित विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी जांच की। साथ ही स्वस्थ जीवनशैली, तनाव प्रबंधन, संतुलित आहार तथा नियमित व्यायाम के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने शिविर में भाग लेकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया।इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा बेहतर कार्यक्षमता के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। पुलिस प्रशासन ने मेदांता अस्पताल की चिकित्सकीय टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर पुलिस बल के कल्याण एवं उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो सड़क पर उतरेंगे उपभोक्ता : दीपक राज



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों बिजली आपूर्ति व्यवस्था को लेकर उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि बरवाडीह पावर सब-स्टेशन से लोड शेडिंग के नाम पर घंटों बिजली काटी जा रही है, जिससे आम लोगों के साथ-साथ विद्यार्थियों, व्यवसायियों और ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पूरे प्रखंड क्षेत्र में प्रतिदिन लगभग 8 से 10 मेगावाट बिजली की आवश्यकता है, जबकि वर्तमान में मात्र 2 मेगावाट बिजली की आपूर्ति हो रही है। कम आपूर्ति के कारण विभाग द्वारा विभिन्न फीडरों में बारी-बारी से बिजली दी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सबसे बड़े क्षेत्र को कवर करने वाले हुटार फीडर को अपेक्षाकृत कम समय के लिए बिजली मिल रही है। एक-दो घंटे बिजली आपूर्ति के बाद कई घंटों तक बिजली गुल रहती है, जिससे लोगों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो रही है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि बिजली कटौती के दौरान अक्सर लाइन फॉल्ट या ब्रेकडाउन का हवाला दिया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार रात में खराबी दूर करने के लिए कोई कर्मी मौके पर नहीं पहुंचता, जबकि सुबह होते ही बिजली स्वतः बहाल हो जाती है। इससे विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। सोमवार की रात करीब 12 बजे से मंगलवार सुबह 4:30 बजे तक हुटार फीडर की बिजली पूरी तरह ठप रही, जबकि इसी दौरान अन्य फीडरों में बिजली आपूर्ति जारी रहने की बात उपभोक्ताओं ने कही। हुटार फीडर से जुड़े मस्जिद मोहल्ला, बभनडीह, चमरडीहा सहित आसपास के कई गांवों के लोग लगातार बिजली संकट से जूझ रहे हैं। मामले को लेकर सांसद प्रतिनिधि दीपक राज मंगलवार को विद्युत कार्यालय एवं पावर सब-स्टेशन पहुंचे और बिजली आपूर्ति रजिस्टर की जांच की। उन्होंने पीएचडी, टाउन और हुटार फीडर में बिजली आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली। जांच के दौरान हुटार फीडर में अन्य फीडरों की तुलना में कम बिजली आपूर्ति किए जाने की बात सामने आई। इस संबंध में विभागीय कर्मियों ने बताया कि ब्रेकडाउन के साथ-साथ ऊपर से मात्र 2 मेगावाट बिजली मिलने के कारण यह समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि अकेले हुटार फीडर की आवश्यकता लगभग 2 मेगावाट बिजली की है। दीपक राज ने कहा कि बरवाडीह प्रखंड की आवश्यकता के अनुरूप बिजली उपलब्ध कराना विभाग की जिम्मेदारी है। उन्होंने मांग की कि क्षेत्र के लिए कम से कम 5 मेगावाट से अधिक बिजली उपलब्ध कराई जाए तथा लोड शेडिंग और अनावश्यक बिजली कटौती की समस्या का तत्काल समाधान किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो सैकड़ों उपभोक्ताओं के साथ सड़क पर उतरकर विभाग के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा।

### सतरोनंत उच्च विद्यालय, सुल्तानी में 22 छात्राओं के बीच साइकिलों का वितरण



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज प्रखंड अंतर्गत सतरोनंत उच्च विद्यालय, सुल्तानी में मंगलवार को छात्राओं के बीच साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य मंजू देवी, सांसद प्रतिनिधि राजीव रंजन, कल्याण पदाधिकारी अजीत कुमार, बीपीएम शशिकांत पटेल तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार कुशवाहा ने संयुक्त रूप से छात्राओं को साइकिलें वितरित कीं। इस अवसर पर आठवीं कक्षा उत्तीर्ण 22 छात्राओं को साइकिलें प्रदान की गईं। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि शेष 60 छात्र-छात्राओं के बीच बुधवार को साइकिलों का वितरण किया जाएगा। साइकिल मिलने के बाद छात्राओं में विशेष उत्साह देखा गया। छात्राओं ने कहा कि अब उन्हें विद्यालय आने-जाने में काफी सुविधा होगी, जिससे वे नियमित रूप से पढ़ाई कर सकेंगी और समय की भी बचत होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि राज्य सरकार की साइकिल योजना का उद्देश्य विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों, खासकर छात्राओं, को शिक्षा से जोड़े रखना तथा विद्यालय की दूरी के कारण होने वाली कठिनाइयों को कम करना है। उन्होंने छात्राओं से मन लगाकर पढ़ाई करने, अपने लक्ष्य निर्धारित करने और जीवन में आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शिक्षक विपुल सिंह, संजीव कुमार, ब्रजेश चौबे, सौरव उपाध्याय, मृणाल कांति पाल, विनोद सिंह और बृज बिहारी राम के अलावा समाजसेवी शंभू सिंह, दिनेश पासवान, मुरारी यादव, दीपक यादव सहित अनेक अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह और उल्लास का वातावरण बना रहा।

# जमीन विवाद में दंपती से मारपीट, छह नामजद समेत कई लोगों पर आरोप

### पीड़ित ने हरिहरगंज थाना में दिया आवेदन, एक वर्ष से भूमि विवाद होने का किया दावा



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के बलरा गांव में जमीन विवाद को लेकर पड़ोसियों द्वारा एक दंपती के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना सोमवार शाम की बताई जा रही है। मारपीट में पति-पत्नी घायल हो गए। पीड़ित ने हरिहरगंज थाना में लिखित आवेदन देकर आरोपितों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के अनुसार, बलरा गांव निवासी ललन पासवान ने आरोप लगाया है कि सोमवार शाम गांव के पड़ोसी लक्ष्मी पासवान, उनके पुत्र सुशील पासवान और अमरजीत पासवान के अलावा बिरजू पासवान, सुदय पासवान, भानु पासवान, सुजीत पासवान तथा अन्य लोग लाठी-डंडे लेकर उनके घर पहुंचे और उन पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचीं उनकी पत्नी रीता देवी के साथ भी मारपीट की गई। घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। ललन पासवान का आरोप है कि यह विवाद लंबे समय से जमीन को लेकर चल रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले लगभग एक वर्ष से भूमि विवाद बना हुआ है। मामले के समाधान के लिए उन्होंने पूर्व में अंचलाधिकारी को भूमि की मापी कराने के लिए आवेदन भी दिया था, लेकिन अब तक मापी नहीं कराई गई। उनका कहना है कि इसी विवाद के कारण आरोपितों ने उनके साथ मारपीट की। घटना के बाद पीड़ित ने हरिहरगंज थाना पहुंचकर लिखित आवेदन सौंपते हुए दोषियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ग्रामीण विकास व महिला स्वावलंबन के मुद्दों पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मिले हृदयानंद मिश्र



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**पलामू।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कांग्रेस कोऑर्डिनेशन कमेटी के सदस्य हृदयानंद मिश्र ने सोमवार को राज्य की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से शिष्टाचार भेंट कर पलामू प्रमंडल के ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। मुलाकात के दौरान श्री मिश्र ने पलामू प्रमंडल की जर्जर ग्रामीण सड़कों के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण, ग्रामीण आधारभूत संरचना के विकास तथा विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विशेष रूप से आदिवासी एवं दलित बहुल क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, सिंचाई, संपर्क मार्ग तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास कार्यों में तेजी लाने का आग्रह किया।उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य का समग्र विकास तभी संभव है, जब ग्रामीण क्षेत्रों का संतुलित एवं न्यायपूर्ण विकास सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण तभी सार्थक होगा, जब ग्रामीण महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें, स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से रोजगार प्राप्त करें तथा उन्हें सम्मानजनक आजीविका के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हों। इस पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि एक महिला होने के नाते उनकी विशेष चिंता ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, स्वरोजगार, स्वयं सहायता समूहों के विस्तार तथा स्थायी आजीविका के अवसर सृजित करने की है। उन्होंने आश्वस्त किया कि पलामू प्रमंडल सहित झारखंड के सभी पिछड़े एवं दूरस्थ क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए विभाग पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है तथा प्राप्त सुझावों पर सकारात्मक पहल की जाएगी। हृदयानंद मिश्र ने मंत्री के सकारात्मक दृष्टिकोण की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को नई दिशा और गति प्रदान करेगा। इस अवसर पर पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उपाध्यक्ष सुरेश पाठक भी उपस्थित थे।

**कार्यक्रम** वन राखी मूवमेंट की स्वर्ण जयंती पर केरकी कुटिया में 625 पौधों का वितरण व पौधारोपण

# पेड़ समाज और प्रकृति के लिए अमूल्य धरोहर है



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**छतरपुर।** वन राखी मूवमेंट की स्वर्ण जयंती तथा केरकी कुटिया में पौधारोपण एवं निःशुल्क पौधा वितरण के 21 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रविवार को छतरपुर प्रखंड स्थित केरकी कुटिया शिव तपोभूमि में भव्य पौधारोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पर्यावरणविद् डॉ. कौशल किशोर जायसवाल ने ग्रामीणों के बीच 17 प्रजातियों के 625 देसी एवं विदेशी पौधों का निःशुल्क वितरण किया तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कुटिया परिसर में पौधारोपण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ० कौशल किशोर जायसवाल, छतरपुर पूर्वी के जिला परिषद सदस्य अमित कुमार जायसवाल, डाली बाजार पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल एवं अन्य अतिथियों ने सामूहिक रूप से पौधारोपण एवं वृक्षों पर रक्षासूत्र बांधकर किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भी पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। डॉ० कौशल किशोर जायसवाल ने बताया कि वर्ष 2005 में कुटिया के त्यागी जी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में केरकी कुटिया की भूमि पर पौधारोपण का लिखित समझौता हुआ था। उस बैठक में मनोज गुप्ता, कपिल सिंह, शिवनाथ सुरीला, नरेश यादव सहित कई लोग शामिल हुए थे, जो आज भी इस अभियान से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा। जिला परिषद सदस्य अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि उनके पिता डॉ० कौशल किशोर जायसवाल ने 21 वर्ष पूर्व अपने निजी खर्च से केरकी कुटिया की 27 एकड़ भूमि के चारों ओर ट्रेंच खुदवाकर व्यापक स्तर पर पौधारोपण कराया था, जो आज घने जंगल का रूप ले चुका है। मुखिया पूनम जायसवाल ने महिलाओं से पौधों की देखभाल अपने बच्चों की तरह करने की अपील करते हुए कहा कि जैसे बच्चे बड़े होकर परिवार का सहारा बनते हैं, वैसे ही पेड़ समाज और प्रकृति के लिए अमूल्य धरोहर हैं। जुबेर अंसारी ने कहा कि पलामू की धरती सौभाग्यशाली है, जहां डॉ० कौशल किशोर जायसवाल जैसे पर्यावरण योद्धा ने जन्म लिया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की। वहीं कपिल सिंह, शिवनाथ सुरीला, झामुमो नेता सनी कुमार, डोमन यादव सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि डॉ. कौशल के प्रयासों से क्षेत्र के उजड़े वन पुनः हरे-भरे हो गए हैं तथा उनके द्वारा वितरित पौधे आज ग्रामीणों के घरों में फल-फूल रहे हैं। कार्यक्रम में मनोज गुप्ता, कपिल सिंह, कृष्ण यादव, मोती साव, सुभाष बोस, संजय यादव, पूर्व मुखिया अफजाल अंसारी, कुलदीप सिंह, बिरजू सिंह, मुन्नी सिंह, कुटिया समिति के सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### जर्जर सड़क के कारण स्थानीय लोग व राहगीरों को हो रही है परेशानी



**संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के बैरिया चौक के पास सड़क की स्थिति काफी झज्जर हो गई है।जिसके कारण आए दिन राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों और राहगीरों का कहना है कि यह नगर निगम नहीं नरक निगम बन गया है।स्थानीय लोगों ने सड़क की जर्जर स्थिति को देखते हुए नगर निगम के प्रति नाराजगी जताई है।स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम प्रतिवर्ष बिजली पानी और सड़क के नाम पर लोगो से टैक्स वसूलती है।इसके बाद भी शहर की स्थिति बदहाल बनी हुई है। लोगों को सुविधा के नाम पर ठेंगा दिखाया जा रहा है।बैरिया चौक स्थित सड़क की स्थिति इतना खराब हो गई है की यहा कभी भी दुर्घटना हो सकती है। कारण यह है की गड्ढे में पानी भरा हुआ है जिसके कारण राहगीरों को पता ही नहीं चलता है की सड़क पर स्थित गड्ढा कितना गहरा है।यहां पर कभी भी दुर्घटना होने की संभावना है और यहां पर कई बार दुर्घटना हो भी चुकी है। स्थानीय लोगों ने नगर निगम से जल्द से जल्द इस सड़क की मरम्मत कराने का आग्रह किया है।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, बुधवार 22 जुलाई 2026 E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

# एफआईएच हॉकी पुरुष विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम घोषित, हरमनप्रीत सिंह होंगे कप्तान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने एफआईएच हॉकी पुरुष विश्व कप बेल्जियम एवं नीदरलैंड्स 2026 के लिए 20 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी। अनुभवी डिफेंडर और ड्रैग-फ्लिक विशेषज्ञ हरमनप्रीत सिंह टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह टीम में अनुभव की अहम भूमिका निभाएंगे। विश्व कप का आयोजन 15 से 30 अगस्त 2026 तक बेल्जियम और नीदरलैंड्स में होगा। भारत को पूल डी में इंग्लैंड, पाकिस्तान और वेल्स के साथ रखा गया है। भारतीय टीम अपने सभी लीग मुकाबले नीदरलैंड्स के एम्स्टलवीन में खेलेगी।



मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने टीम चयन पर संतोष जताते हुए कहा, यह एक संतुलित टीम है। इसमें बड़े टूर्नामेंट का अनुभव रखने वाले खिलाड़ियों के साथ शानदार फॉर्म में चल रहे युवा खिलाड़ियों का बेहतरीन मिश्रण है। इन युवाओं ने अपनी प्रतिष्ठा नहीं, बल्कि प्रदर्शन के दम पर टीम में जगह बनाई है। भारत अपने अभियान की शुरूआत 15 अगस्त को वेल्स के खिलाफ करेगा। इसके बाद 17 अगस्त को इंग्लैंड और 19 अगस्त को चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से मुकाबला होगा। भारत-पाकिस्तान मैच पूल चरण का सबसे बहुप्रतीक्षित मुकाबला माना जा रहा है। फुल्टन ने कहा, प्रेस, काउंटर और प्रदर्शन केवल हमारी रणनीति नहीं है, बल्कि यही इस टीम की सोच और प्रशिक्षण का आधार भी है। हम फिलहाल बहुत आगे नहीं सोच रहे हैं। हमारा लक्ष्य एक समय में एक मैच पर पूरा ध्यान देना है और हर मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ देना है।

उन्होंने आगे कहा, 1975 में भारत ने विश्व कप जीता था। उस ऐतिहासिक उपलब्धि के 50 साल बाद इस टीम के पास भारतीय हॉकी के इतिहास में अपना नया अध्याय लिखने का अवसर है और इसे लेकर हम सभी बेहद उत्साहित हैं।

**भारतीय टीम**

**गोलकीपर:** मोहित एचएस, सूरज करकेरा
**डिफेंडर:** जरमनप्रीत सिंह, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित, यशदीप सिवाच
**मिडफील्डर:** मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, नीलकांत शर्मा, राजिंदर सिंह, आदित्य अर्जुन लालगे
**फॉरवर्ड:** मनदीप सिंह, दिलप्रीत सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा।

## संक्षिप्त खबरें

### फीफा ने शुरू की स्पेन-अर्जेंटीना के खिलाड़ियों के बीच हुई झड़प की जांच



**नई दिल्ली।** फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) ने रविवार को खेले गए फीफा विश्व कप 2026 के फाइनल के बाद मैदान पर स्पेन और अर्जेंटीना के खिलाड़ियों व कोचिंग स्टाफ के बीच हुई हिंसक झड़प की अनुशासनात्मक जांच शुरू कर दी है। न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेले गए फाइनल में फेरान टोरेस ने अतिरिक्त समय (106वें मिनट) में गोल कर स्पेन को अर्जेंटीना पर 1-0 से जीत दिलाई और स्पेन ने अपना दूसरा पुरुष फीफा विश्व कप खिताब जीता। हालांकि मुकाबले के अंत में अर्जेंटीना खिलाड़ियों के अनुशासनहीन व्यवहार ने मैच की चमक फीकी कर दी। इससे पहले अतिरिक्त समय के अंतिम क्षणों में अर्जेंटीना के मिडफील्डर एंजो फर्नांडीज को स्पेन के पाउ कुबार्सी पर खतरनाक फाउल करने के कारण रेफरी स्लावको विनचिच ने दूसरा पीला कार्ड दिखाकर लाल कार्ड दे दिया था। मैच समाप्त होने के बाद सामने आए वीडियो में अर्जेंटीना के लिएंड्रो परेडेस और नाहुएल मोलिना को स्पेन के एरिक गार्सिया और रोद्री के साथ हाथापाई करते देखा गया। वहीं अर्जेंटीना के सहायक कोच रोबर्टो आयाला भी कथित तौर पर स्पेन के दानी ओल्मो पर हाथ उठाते नजर आए।

### राष्ट्रमंडल खेल 2026: 23 जुलाई से होगा आगाज, जानिए पूरा प्रतियोगिता कार्यक्रम

commonwealth games
GLASGOW 2026

**नई दिल्ली।** स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में 23 जुलाई से 2 अगस्त तक आयोजित होने वाले राष्ट्रमंडल खेल 2026 में 74 देशों और क्षेत्रों के 3,000 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। 11 दिनों तक चलने वाले इन खेलों में 11 खेलों की 215 पदक स्पर्धाओं में मुकाबले होंगे। प्रतियोगिता में ओलंपिक और विश्व चैंपियन खिलाड़ियों के साथ कई उभरते सितारे भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। खेलों की शुरुआत 23 जुलाई को बाउल्स और पैरा बाउल्स से होगी, जबकि समापन 2 अगस्त को ट्रैक साइक्लिंग, जूडो और नेटबॉल के पदक मुकाबलों के साथ होगा। एथलेटिक्स, तैराकी, मुक्केबाजी, भारोत्तोलन, 373 बास्केटबॉल और पैरा स्पर्धाएं आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

# फीफा विश्व कप 2026 के बाद नई रैंकिंग जारी

## स्पेन बना नंबर-1, अर्जेंटीना दूसरे स्थान पर खिसका

एजेंसी

**नई दिल्ली।** फीफा विश्व कप 2026 का खिताब जीतने के साथ ही स्पेन ने फीफा पुरुष फुटबॉल रैंकिंग में भी नंबर-1 स्थान हासिल कर लिया है। स्पेन ने फाइनल में अर्जेंटीना को अतिरिक्त समय में 1-0 से हराकर छह महीने बाद फिर से शीर्ष स्थान पर कब्जा जमाया और मौजूदा विश्व चैंपियन अर्जेंटीना को दूसरे स्थान पर धकेल दिया। विश्व कप फाइनल में फेरान टोरेस ने अतिरिक्त समय में विजयी गोल दागकर स्पेन को उसका दूसरा पुरुष विश्व कप खिताब दिलाया। इस उपलब्धि के साथ स्पेन अब पुरुष और महिला दोनों फीफा रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गया है। स्पेन की महिला टीम भी मौजूदा विश्व चैंपियन है।



**अर्जेंटीना दूसरे, फ्रांस तीसरे स्थान पर बरकरार**

लियोनेल मेसी की कप्तानी वाली अर्जेंटीना एक स्थान नीचे खिसककर दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। विश्व कप में चौथे स्थान पर रहने के बावजूद फ्रांस तीसरे स्थान पर कायम है, जबकि इंग्लैंड चौथे स्थान पर बना हुआ है।

**ब्राजील की टॉप-5 में वापसी, पुर्तगाल और जर्मनी को नुकसान**

यूईएफए नेशंस लीग चैंपियन पुर्तगाल, जिसे विश्व कप के प्री-क्वार्टर फाइनल में स्पेन ने बाहर किया था, दो स्थान फिसलकर सातवें नंबर पर पहुंच गया है। वहीं, इसी दौर में बाहर होने वाला ब्राजील एक स्थान की छलांग लगाकर छह महीने बाद फिर से शीर्ष-5 में लौट आया है और अब पांचवें स्थान पर है। चार बार का विश्व चैंपियन जर्मनी विश्व कप के राउंड ऑफ-32 में पैराग्वे से पेनाल्टी शूटआउट में हारकर बाहर हो गया था। इसका असर रैंकिंग पर भी पड़ा और जर्मनी दो स्थान नीचे खिसककर 12वें स्थान पर पहुंच गया। यह सितंबर 2025 के बाद उसकी सबसे खराब रैंकिंग है।

**मेजबान देशों में मेक्सिको ने लगाई सबसे बड़ी छलांग**

विश्व कप के सह-मेजबान देशों में मेक्सिको ने सबसे बड़ी प्रगति की। मेक्सिको चार स्थान ऊपर चढ़कर 10वें नंबर पर पहुंच गया। टीम प्री-क्वार्टर फाइनल तक पहुंची थी, जहां उसे अपने घरेलू मैदान एज्टेका स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा।फीफा के अनुसार, जून रैंकिंग चक्र के दौरान कुल 105 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले गए, जिनमें से 104 मुकाबले फीफा विश्व कप 2026 के थे। यह टूर्नामेंट अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में आयोजित हुआ।

**फीफा पुरुष रैंकिंग (विश्व कप 2026 के बाद शीर्ष-10)**

1. स्पेन
2. अर्जेंटीना
3. फ्रांस
4. इंग्लैंड
5. ब्राजील
6. मोरक्को
7. पुर्तगाल
8. बेल्जियम
9. नीदरलैंड्स
10. मेक्सिको

# विश्व कप फाइनल की हार के बाद भावुक हुए लियोनेल मेसी

## बोले-यह दर्द बहुत गहरा है

एजेंसी

**नई दिल्ली।** फीफा विश्व कप 2026 के फाइनल में स्पेन से अतिरिक्त समय में 0-1 की हार के एक दिन बाद अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी ने भावुक संदेश जारी करते हुए प्रशंसकों का आभार जताया। मेसी ने कहा कि इस हार का दर्द बहुत गहरा है और इस घाव को भरने में समय लगेगा, लेकिन टीम ने पूरे टूनामेंट में जो संघर्ष किया, उस पर उन्हें गर्व है।



न्यू जर्सी में खेले गए फाइनल में स्पेन ने अतिरिक्त समय में अर्जेंटीना को 1-0 से हराकर विश्व कप खिताब अपने नाम किया। मैच के बाद मेसी भावुक होकर रोते हुए नजर आए और उनके अंतरराष्ट्रीय भविष्य को लेकर भी अटकलें तेज हो गईं। इंस्टाग्राम पर स्पेनिश भाषा में लिखे अपने संदेश में मेसी ने कहा, यह दर्द बहुत गहरा है और इस घाव को भरने में समय लगेगा। लेकिन मैं उन सभी अच्छे पलों को भी संजोकर रखूंगा... वे मुकाबले जिन्हें हमने वापसी करते हुए जीता, जिनमें हमने अपना सब कुछ झोंक दिया। वे पल हमेशा हमारी यादों में रहेंगे। पूरे देश का समर्थन, और इस टीम की मेहनत व समर्पण ने हमें एक बार फिर दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में शामिल किया।

# बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित, कमिंस, हेजलवुड की वापसी

एजेंसी

**मेलबर्न।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को अगस्त में बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 13 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। कप्तान पैट कमिंस, तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन की चोट के बाद टीम में वापसी हुई है, जिससे ऑस्ट्रेलियाई टीम को बड़ी मजबूती मिली है।



हेजलवुड एशेज सीरीज के दौरान हैमस्ट्रिंग चोट से उबरते समय अकिलिस की चोट के कारण पूरी श्रृंखला से बाहर रहे थे। वहीं लियोन एडिलेड टेस्ट में हैमस्ट्रिंग चोट के बाद सर्जरी कराने के कारण लंबे समय से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेल पाए थे।

दूसरी ओर, पैट कमिंस निचली पीठ की स्ट्रेस इंजरी से वापसी करते हुए केवल एडिलेड टेस्ट में खेले थे। ऑस्ट्रेलिया के एशेज बरकरार रखने के बाद एहतियात के तौर पर उन्हें अंतिम दो टेस्ट मैचों में आराम दिया गया था।

कमिंस और हेजलवुड भारत और श्रीलंका में आयोजित टी20 विश्व कप से भी बाहर रहे थे, हालांकि दोनों ने अलग-अलग समय पर आईपीएल में वापसी की थी। लियोन ने एडिलेड टेस्ट के बाद अब तक कोई प्रतिस्पर्धी मुकाबला नहीं खेला है।मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के हवाले से कहा, राष्ट्रीय चयन समिति पैट, जोश और नाथन की वापसी का स्वागत करती है। पिछले कुछ महीनों में इन तीनों खिलाड़ियों ने स्पोर्ट्स साइंस और स्पोर्ट्स मेडिसिन टीम के साथ मिलकर अपनी-अपनी चोट से उबरने के लिए कड़ी मेहनत की है।

**नेसर और डॉगेट बाहर**

वरिष्ठ गेंदबाजों की वापसी के बाद एशेज में 15 विकेट लेने वाले माइकल नेसर और ब्रेंडन डॉगेट को टीम में जगह नहीं मिली है। हालांकि नेसर, डॉगेट और ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी मुख्य टीम के साथ अभ्यास कर रहे हैं और जरूरत पड़ने पर उन्हें टीम में शामिल किया जा सकता है। बेली ने कहा, यह 13 खिलाड़ियों की टीम है, लेकिन जरूरत पड़ने पर बदलाव के लिए अन्य खिलाड़ी भी पूरी तरह तैयार हैं। अगले 12 महीनों में लगातार क्रिकेट होने के कारण कई खिलाड़ियों को तीनों प्रारूपों में अवसर मिलेंगे।

**बल्लेबाजी क्रम में नहीं हुआ बदलाव**

ऑस्ट्रेलिया ने शीर्ष क्रम में कोई बदलाव नहीं किया है। एशेज में पदार्पण करने वाले जेक वेदराल्ड को एक और मौका मिला है और वह सलामी बल्लेबाज के रूप में ट्रैविस हेड के साथ पारी की शुरुआत करेंगे। उस्मान ख्वाजा के संन्यास के बाद हेड को ओपनिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है।खराब फॉर्म से जूझ रहे मार्नस लाबुशेन को भी टीम में बरकरार रखा गया है। एशेज में उन्होंने 259 रन बनाए थे और उनका औसत 28.78 रहा था। इससे पहले वेस्टइंडीज दौरे के दौरान उन्हें अंतिम एकादश से बाहर भी किया गया था। तेज गेंदबाजी आक्रमण में कमिंस और हेजलवुड के अलावा मिचेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड शामिल हैं। वहीं ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन और ब्यू वेबस्टर भी अंतिम एकादश में जगह बनाने के दावेदार हैं। रिजर्व विकेटकीपर जोश इंग्लिस भी मध्यक्रम में स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

**अगस्त में खेले जाएंगे दोनों टेस्ट**

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र के तहत दोनों टेस्ट मैच 13-17 अगस्त के बीच डार्विन और 22-26 अगस्त के बीच मैकाय में खेले जाएंगे। यह ऑस्ट्रेलिया के व्यस्त टेस्ट कार्यक्रम की शुरूआत होगी, जिसमें टीम अगले आठ महीनों में 14 टेस्ट मैच खेलेगी। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया भारत का दौरा करेगा और मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में इंग्लैंड के खिलाफ एक विशेष टेस्ट मैच भी खेलेगा। फिलहाल ऑस्ट्रेलिया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में 87.50 प्रतिशत अंक (पीसीटी) के साथ शीर्ष पर है। टीम ने अब तक आठ मैचों में सात जीत और एक हार दर्ज की है।

## व्यापार

# स्टॉक मार्केट में एसबीआई फंड्स की मजबूत शुरुआत, फायदे में आईपीओ निवेशक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में मजबूती के साथ एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 574 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग 6.27 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 610 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर इसकी लिस्टिंग 6.85 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 613.30 रुपये के स्तर पर हुई।




लिस्टिंग के बाद लिवाली के सपोर्ट से ये शेयर 624.90 रुपये तक चढ़ गया और बिकवाली का दबाव बनने पर ये टूट कर 598.20 रुपये के स्तर तक भी आया। पूरे दिन का कारोबार होने के बाद एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट के शेयर बीएसई पर 609.90 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 609.75 रुपये के स्तर पर बंद हुआ। इस तरह पहले दिन के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 35 रुपये से अधिक यानी लगभग 6.25 प्रतिशत का फायदा हो गया।

कंपनी का 9,812.91 करोड़ रुपये का आईपीओ 14 से 16 जुलाई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 41.73 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 140.11 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 22.51 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 3.76 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

# सब्सक्रिप्शन के लिए खुला मेटालिक टेक्नोफोर्ज का आईपीओ, 28 जुलाई को हो सकती है लिस्टिंग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की कंपनी मेटालिक टेक्नोफोर्ज का 49.96 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 23 जुलाई तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 24 जुलाई को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 27 जुलाई को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 28 जुलाई को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। पहले दिन दोपहर 11:30 बजे तक ये आईपीओ 16 प्रतिशत सब्सक्राइब हुआ है।



इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 72 रुपये से लेकर 77 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,600 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को दो लॉट यानी 3,200 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 2,46,400 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 64.88 लाख नए शेयर जारी हो रहे हैं।

इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 47.35 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 33.29 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 14.30 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इसके अलावा मार्केट मेकर के लिए 5.06 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इस इश्यू के लिए स्मार्ट हॉरिजन कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। वहीं श्रेणी शेयर्स लिमिटेड कंपनी का मार्केट मेकर है।

# अल्पाइन टेक्सवर्ल्ड ने निवेशकों को दिया झटका, फ्लैट लिस्टिंग के बाद लगा लोअर सर्किट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** फैब्रिक की डाइंग और प्रोसेसिंग के काम में लगी अल्पाइन टेक्सवर्ल्ड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट ने फ्लैट एंट्री कर अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 105 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई और एनएसई पर इसकी लिस्टिंग बिना किसी उतार चढ़ाव के 105 रुपये के स्तर पर ही हुई। लिस्टिंग के बाद हुई बिकवाली के कारण कंपनी के शेयर कुछ देर में ही गिर कर 99.75 रुपये के लोअर सर्किट लेवल पर पहुंच गए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 5.25 रुपये यानी पांच प्रतिशत का नुकसान हो गया।



कंपनी का 126.25 करोड़ रुपये का आईपीओ 14 से 16 जुलाई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से फीका रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.40 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 1.09 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में भी 1.09 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। जबकि रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 1.54 गुना सब्सक्राइब हो सका था।

### ममता बनर्जी को मदन मित्र की खुली चुनौती, बोले–

# 'एक महीने का समय दे रहे हैं, अभिषेक का साथ छोड़कर असली तृणमूल के साथ आइए'

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के भीतर जारी राजनीतिक खींचतान मंगलवार को और बढ़ गई है। ममता बनर्जी से अलग शहीद स्मरण कार्यक्रम के मंच से कमरहटी के विधायक मदन मित्र ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को खुली चुनौती दी। उन्होंने कहा कि अभिषेक बनर्जी ने एक घंटे का समय दिया है, लेकिन वह ममता बनर्जी को एक महीने का समय दे रहे हैं ताकि वह 'असली तृणमूल' का साथ दें।



मदन मित्र ने अपने संबोधन में कहा, 'ममता, आपको हम एक महीने का समय दे रहे हैं। आप अभिषेक का हाथ छोड़कर असली तृणमूल का हाथ पकड़िए।' उन्होंने यह भी कहा कि ममता बनर्जी के नेतृत्व में ही तृणमूल कांग्रेस इस मुकाम तक पहुंची, लेकिन आज पार्टी के तीन हिस्सों में बंटने की स्थिति पर सवाल भी उठाए।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से संयम बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि कोई पत्थर न फेंके और किसी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग न करे। ममता बनर्जी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'हम अपना गले का उत्तरीय बिछा रहे हैं, आप पैदल चली आइए। सिर्फ इतना कह दीजिए कि मुझसे गलती हुई। मैं गांधारी की तरह पुत्र प्रेम में अंधी हो गई थी।'

### पार्टी छोड़ने वालों की वापसी नहीं, अभिषेक ने ममता से की अपील

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी ने मंगलवार को पार्टी प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से अपील की है कि विधानसभा चुनाव में पार्टी की पराजय के बाद कठिन समय में संगठन छोड़ने वाले नेताओं को किसी भी परिस्थिति में दोबारा पार्टी में वापस नहीं लिया जाए। कोलकाता के बिरला तारामंडल के निकट आयोजित तृणमूल कांग्रेस के वार्षिक 21 जुलाई शहीद दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभिषेक बनर्जी ने कहा कि जो लोग पार्टी छोड़कर चले गए, उनका दोबारा स्वागत नहीं होना चाहिए।

### वित्तीय अनियमितता मामले में पश्चिम बंगाल में ईडी की बड़ी कार्रवाई

# कोलकाता-बनगांव के आठ ठिकानों पर छापेमारी

एजेंसी

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने वित्तीय अनियमितता और जालसाजी से जुड़े एक मामले की जांच के तहत मंगलवार को पश्चिम बंगाल में बड़ी कार्रवाई करते हुए कोलकाता और उत्तर 24 परगना जिले के बनगांव उपमंडल में आठ ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इस दौरान केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवान भी ईडी की टीम के साथ मौजूद रहे।

सूत्रों के अनुसार, जांच का केंद्र उन आरोपों पर है जिनमें लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का झांसा देकर उनसे बड़ी रकम वसूली गई। आरोप है कि इस तरीके से करीब 20 हजार लोगों से लगभग 165 करोड़ रुपये एकत्र किए गए।

बताया गया है कि इस मामले की शिकायत मिलने के बाद केंद्रीय वित्त मंत्रालय के अधीन जांच एजेंसी ईडी ने जांच शुरू की और मंगलवार को विभिन्न स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। हालांकि, एजेंसी के अधिकारियों ने जांच की संवेदनशीलता का हवाला देते हुए मामले पर विस्तृत टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

जानकारी के मुताबिक, जिन आठ स्थानों पर छापेमारी की गई, उनमें चार ठिकाने कोलकाता और चार बनगांव में स्थित हैं।

बनगांव में ईडी की टीम ने स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता अभिजीत विश्वास के आवास पर भी तलाशी ली। जांच एजेंसी उन्हें इस कथित वित्तीय अनियमितता और जालसाजी मामले का मुख्य साजिशकर्ता मान रही है।



हालांकि, जब ईडी की टीम सुबह उनके घर पहुंची, तब वह वहां मौजूद नहीं थे। परिवार के सदस्यों ने अधिकारियों को बताया कि अभिजीत विश्वास अधिकांश समय बनगांव से बाहर रहते हैं और बहुत कम घर आते हैं। पड़ोसियों ने भी इस दावे की पुष्टि की।

उधर, पश्चिम बंगाल की शुभेंदु अधिकारी सरकार भ्रष्टाचार के मामलों में सख्त रुख अपनाने की बात पहले ही स्पष्ट कर चुकी है। हाल ही में लागू पश्चिम बंगाल सार्वजनिक सुरक्षा एवं असामाजिक गतिविधि नियंत्रण अधिनियम, 2026 में भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में कड़ी कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। इस कानून के तहत भारतीय न्याय संहिता, 2023 के प्रावधानों का उपयोग करते हुए दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों की संपत्ति जब्त करने का अधिकार राज्य सरकार को प्राप्त है।

फिलहाल ईडी की तलाशी और जांच की कार्रवाई जारी है। मामले में आगे और खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### पेपर लीक और छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, प्रधानमंत्री का पुतला दहन



सीवान। दिल्ली में संसद मार्च के दौरान छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज और पेपर लीक के मुद्दे के विरोध में मंगलवार को सीवान में कांग्रेस कार्यकताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। सरदार पटेल चौक से जेपी चौक तक आक्रोश मार्च निकाला गया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। हाथों में कांग्रेस के झंडे और बैनर लिए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, छात्र और युवा मार्च में शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने 'लाठी-गोली की सरकार नहीं चलेगी', 'पेपर लीक की सरकार नहीं चलेगी', 'धर्मेंद्र प्रधान को बर्खास्त करो', 'युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ बंद करो' तथा 'देश के युवाओं से टकराना बंद करो' जैसे नारे लगाए। जेपी चौक पर आयोजित सभा में कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की। कांग्रेस के सीवान जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने कहा कि दिल्ली में छात्रों पर हुई कार्रवाई लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने आरोप लगाया कि 23 दिनों से अनशन पर बैठे छात्रों से सरकार का कोई प्रतिनिधि मिलने नहीं पहुंचा। उनका कहना था कि जब छात्र लोकतांत्रिक तरीके से संसद की ओर मार्च कर रहे थे, तब उन पर लाठीचार्ज और आंसू गैस का प्रयोग किया गया। उन्होंने दावा किया कि इस कार्रवाई में बिहार के कई छात्र भी घायल हुए हैं तथा छात्रों की आवाज अब राष्ट्रीय स्तर का आंदोलन बन चुकी है। किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अशोक कुमार सिंह ने कहा कि देश में लगातार हो रही पेपर लीक की घटनाओं से युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। कांग्रेस नेता विश्वनाथ यादव ने बिहार की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं का उल्लेख करते हुए राज्य की शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा व्यवस्था में वैचारिक हस्तक्षेप किया जा रहा है, जिसे तत्काल रोका जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो कांग्रेस इस मुद्दे पर व्यापक जन आंदोलन चलाएगी। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि युवाओं और छात्रों से जुड़े मुद्दों को लेकर उनका आंदोलन आगे भी जारी रहेगा।

### मुकेश श्रीवास्तव के हत्यारों की अविलंब गिरफ्तारी हो : हैप्पी यादव



सीवान। दरौली विधानसभा क्षेत्र के खेढ़ाय गांव निवासी मुकेश श्रीवास्तव की निर्मम हत्या के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। घटना के बाद भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष डॉ० चंद्र विजय प्रकाश यादव उर्फ 'हैप्पी यादव' पीड़ित परिवार से मिलने उनके आवास पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी और घटना की जानकारी प्राप्त की। हैप्पी यादव ने प्रशासन से मामले का तत्काल संज्ञान लेकर हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने कहा कि पुलिस बिना किसी शिथिलता के कार्रवाई करते हुए अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करे, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि न्याय में देरी होने से आम जनता में असंतोष बढ़ता है। उन्होंने पीड़ित परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाते हुए कहा कि दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### विद्युत विभाग के जेई और निजी सहयोगी घुस लेते गिरफ्तार

**भागलपुर।** निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की विशेष टीम ने मंगलवार को नौलखा कोठी परिसर में छापेमारी कर बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर और उनके एक निजी सहयोगी को घुस लेते रंगे हाथ धर दबोचा। बताया जा रहा है कि विद्युत विभाग के जेई अमित कुमार अपने एक सहयोगी सौरभ कुमार के माध्यम से एक उपभोक्ता से चार हजार रुपये की रिश्वत की रकम वसूल रहे थे। निगरानी की टीम ने जाल बिछाकर जैसे ही रिश्वत की राशि का लेन-देन पूरा कराया, वैसे ही जेई अमित कुमार और उनके सहयोगी सौरभ कुमार को मौके पर ही रंगे हाथ धर लिया। इस कार्रवाई के बाद मौके पर हड़कंप मच गया और निगरानी की टीम दोनों आरोपितों को कागजी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद कानूनी कार्रवाई के लिए अपने साथ लेकर रवाना हो गई।

### मुख्यमंत्री ने जीविका के 2,446 नवचयनित अभ्यर्थियों को बांटे नियुक्ति पत्र

# नियुक्ति सिर्फ नौकरी नहीं, सामाजिक बदलाव की जिम्मेदारी : सम्राट चौधरी

एजेंसी

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को शास्त्रीनगर स्थित ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) के विभिन्न पदों पर चयनित 2,446 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान उन्होंने पांच नवचयनित अभ्यर्थियों को प्रतीकात्मक रूप से नियुक्ति पत्र सौंपकर सभी चयनित उम्मीदवारों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह नियुक्ति केवल सरकारी नौकरी पाने का अवसर नहीं है, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े गरीब और वंचित परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि जीविका आज केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि महिलाओं के आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और सामाजिक परिवर्तन का व्यापक जनआंदोलन बन चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दो दशकों में जीविका ने बिहार में महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। इसकी सफलता आज देश और दुनिया के लिए प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता प्रत्येक गरीब परिवार को जीविका से जोड़कर उन्हें आजीविका और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान में बिहार में 10 लाख 49 हजार 411 स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं, जिनके माध्यम से एक करोड़ 81 लाख से अधिक महिलाएं जीविका से जुड़कर आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बन रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में 30 लाख से अधिक महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं, जो देश में सर्वाधिक संख्या है। यह उपलब्धि बिहार की महिलाओं की मेहनत, आत्मविश्वास और सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम है।

सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार की समृद्धि का रास्ता गांवों से होकर गुजरता है। यदि गांव मजबूत होंगे, महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी और गरीब परिवार आर्थिक रूप से सशक्त होंगे, तभी विकसित भारत और समृद्ध बिहार का लक्ष्य हासिल किया जा सकेगा। उन्होंने जीविका से जुड़ी महिलाओं से आग्रह किया कि वे समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2006-07 में राज्य की अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी बेहद सीमित थी, लेकिन आज जीविका के माध्यम से महिलाओं का आर्थिक योगदान बढ़कर लगभग 1.36 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। उन्होंने इसे बिहार में महिलाओं की बढ़ती आर्थिक भागीदारी, वित्तीय सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता का मजबूत प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ निरंतर संवाद और उनके सुझावों के आधार पर राज्य सरकार ने कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं, जिनका सकारात्मक प्रभाव ग्रामीण समाज में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

समारोह को ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष जीविका की उपलब्धियों और उसके सामाजिक-आर्थिक प्रभाव पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, जीविका के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में नवचयनित अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

### टीबी मुक्त भारत अभियान

# सीवान के 357 गांवों में 17.38 लाख लोगों की होगी स्क्रीनिंग

एजेंसी

**सीवान।** जिले में टीबी मुक्त भारत अभियान को नई गति देने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक स्क्रीनिंग अभियान की तैयारी पूरी कर ली है। अभियान के तहत जिले के सभी 19 प्रखंडों के 357 गांवों का चयन किया गया है, जहां कुल 17,38,732 लोगों की टीबी स्क्रीनिंग की जाएगी। अभियान का उद्देश्य टीबी के छिपे हुए मरीजों की समय रहते पहचान कर उनका शीघ्र उपचार शुरू करना है, ताकि संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ा जा सके। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए जिले को पांच हैंड हेल्ड एआई आधारित अल्ट्रा पोर्टेबल एक्स-रे मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं। इन मशीनों के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर लोगों की जांच करेंगी.साथ ही जांच कार्य को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए दो लैब टेक्नीशियन की भी पदस्थापना की गई है। इसके अलावा जिले की ओपन आरटी-पीसीआर लैब में बिना लक्षण वाले संभावित टीबी मरीजों की जांच भी शुरू कर दी गई है। इससे ऐसे संक्रमित लोगों की पहचान संभव होगी, जिनमें बीमारी के स्पष्ट लक्षण नहीं हैं, लेकिन संक्रमण मौजूद है।

प्रखंडवार चयनित गांवों में सबसे अधिक 39 गांव पचरुखी से शामिल किए गए हैं, जहां 1,46,119 लोगों की स्क्रीनिंग होगी। इसके अलावा सीवान सदर प्रखंड के 30 गांवों में 2,61,847, हुसैनगंज के 27 गांवों में 1,48,235, बड़हरिया के 32 गांवों में 1,43,026, गोरेयाकोठी के 28 गांवों में 1,31,880, महाराजगंज के 30 गांवों में 1,30,095 तथा दरौंदा के 30 गांवों में 1,19,417 लोगों की जांच की जाएगी. शेष प्रखंडों के चयनित गांवों में भी चरणबद्ध तरीके से स्क्रीनिंग अभियान चलाया जाएगा। सिविल सर्जन डॉ. श्रीनिवास प्रसाद ने बताया कि, टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत चयनित गांवों में विशेष स्क्रीनिंग अभियान चलाया जाएगा।

एआई आधारित पोर्टेबल एक्स-रे मशीन और ओपन आरटी-पीसीआर लैब जैसी आधुनिक तकनीकों के माध्यम से बिना लक्षण वाले संभावित मरीजों की भी पहचान की जा सकेगी। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक संदिग्ध व्यक्ति की समय पर जांच कर उसे तत्काल उपचार से जोड़ा जाए। जनभागीदारी और जागरूकता के माध्यम से ही टीबी मुक्त सीवान और टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

स्वास्थ्य विभाग ने सभी प्रखंडों की टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं. विभाग का लक्ष्य है कि अभियान के दौरान अधिक से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग कर संभावित टीबी मरीजों की शीघ्र पहचान की जाए और उन्हें समय पर उपचार उपलब्ध कराया जाए।

# बिहार विधानसभा से सात महत्वपूर्ण विधेयक ध्वनिमत से पारित

एजेंसी

**पटना।** बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को सरकार ने विभिन्न विभागों से जुड़े सात महत्वपूर्ण विधेयक सदन में पेश किए। विस्तृत चर्चा के बाद सभी विधेयकों को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इनमें जुआ प्रतिषेध, माल एवं सेवा कर (जीएसटी), भूमि दाखिल-खारिज, नर्सेज पंजीकरण, चिकित्सा तथा चीनी उपक्रमों से जुड़े संशोधन विधेयक प्रमुख हैं। सभी विधायी कार्य पूरे होने के बाद विधानसभा की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

दिनभर चली कार्यवाही के दौरान प्रश्नकाल और अन्य विधायी कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न हुए। इस दौरान विपक्ष ने राज्य की कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार और अन्य समसामयिक मुद्दों को लेकर सरकार के खिलाफ जोरदार हंगामा किया। हालांकि, विरोध के बीच भी सदन की कार्यवाही जारी रही और सरकार अपने सभी प्रस्तावित विधेयकों को पारित कराने में सफल रही। मंगलवार को विधानसभा से पारित प्रमुख विधेयकों में बिहार जुआ प्रतिषेध विधेयक, 2026, बिहार माल एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2026, भूमि दाखिल-खारिज (संशोधन) विधेयक, 2026, बिहार नर्सेज पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026, बिहार चीनी उपक्रम अर्जन (संशोधन) विधेयक, 2026, बिहार चिकित्सा (संशोधन) विधेयक, 2026 तथा एक अन्य विभागीय संशोधन विधेयक शामिल हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी विधायी कार्य संपन्न होने के बाद सदन की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

# पूर्व भाजपा विधायक के यहां से गांजा की बरामदगी, केयरटेकर गिरफ्तार

**अररिया (एजेंसी)।** नरपतगंज के पूर्व भाजपा विधायक जयप्रकाश यादव के कुसियारगांव स्थित फार्महाउस से पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर 158 किलो गांजा का खेप बरामद किया। हालांकि पुलिसिया कार्रवाई के दौरान कामत का केयरटेकर मौके से फरार हो गया था,लेकिन बाद में पुलिस ने केयरटेकर अवधेश ऋषिदेव को भी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

जानकारी मंगलवार को सदर एसडीपीओ सुशील कुमार सिंह ने मंगलवार को अपने कार्यालय में आयोजित उर्स वार्ता में दी।सदर एसडीपीओ ने बताया कि मामले को नगर थाना में कांड संख्या 381/26 एनडीपीएस के सुसंगत धाराओं में दर्ज किया गया है। सदर एसडीपीओ सुशील कुमार सिंह ने बताया कि अररिया पूर्णिया मुख्य सड़क एनएच 27 में



कुसियारगांव के पास स्थित यह फार्म हाउस नरपतगंज के पूर्व भाजपा विधायक जयप्रकाश यादव है और जिसके देखभाल की जिम्मेवारी अवधेश ऋषिदेव को दी गई थी। नगर थाना पुलिस के द्वारा गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की गई।छापेमारी में 158 किलो गांजा के साथ केयरटेकर अवधेश ऋषिदेव को गिरफ्तार किया गया है।

# बिहार में मुख्यमंत्री आवास, सचिवालय और स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

एजेंसी

**पटना।** बिहार में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नाम ई-मेल के जरिए बम धमाके की धमकी मिलने से सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया है। धमकी में मुख्यमंत्री आवास, मुख्यमंत्री सचिवालय, दानापुर के चार स्कूलों तथा गयाजी के प्रधान डाकघर और पासपोर्ट कार्यालय को आरडीएक्स से उड़ाने की बात कही गई है। घटना के बाद पटना और गयाजी में पुलिस, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड को सक्रिय कर दिया गया है। सभी संवेदनशील परिसरों की गहन तलाशी ली जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह 7:57 बजे ग्रामीण विकास विभाग के आधिकारिक ई-मेल पर एक धमकी भरा संदेश प्राप्त हुआ। ई-मेल में दावा किया गया कि 21 जुलाई को दोपहर 3:11 बजे पहले बिहार सचिवालय में विस्फोट किया जाएगा और इसके बाद रात 9:11 बजे मुख्यमंत्री कार्यालय तथा मुख्यमंत्री आवास को बम से उड़ा दिया जाएगा। ई-मेल मिलते ही विभाग के संयुक्त सचिव रवि कुमार ने तत्काल संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी।

धमकी ऐसे समय आई है जब बिहार विधानमंडल का मानसून सत्र चल रहा है। इसे देखते हुए पुलिस मुख्यालय ने सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी है। सचिवालय, मुख्यमंत्री सचिवालय, ग्रामीण विकास विभाग तथा अन्य सरकारी परिसरों में बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की मदद से व्यापक सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इसके अलावा दानापुर के चार स्कूलों में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है और वहां भी जांच की जा रही है।

धमकी भरे ई-मेल में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का नाम लेते हुए कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ई-मेल भेजने वाले ने स्वयं को खालिस्तान समर्थक बताया है और दावा किया है कि संजय वर्मा नामक व्यक्ति बिहार में छिपा हुआ है तथा उसने खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या करवाई थी। पुलिस इन दावों की भी जांच कर रही है, हालांकि अभी तक इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इसी क्रम में गयाजी के प्रधान डाकघर और क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय को भी आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी मिली है। बताया गया कि यह धमकी ई-मेल के माध्यम से कई डाकघरों को भेजी गई थी। गयाजी स्थित प्रधान डाकघर के वरीय डाकपाल प्रणव कुमार झा ने बताया कि यह ई-मेल पटना सर्किल स्तर से प्राप्त हुआ, जिसमें संभावित हमले का उल्लेख किया गया है।

प्रणव कुमार झा ने बताया कि ई-मेल में दावा किया गया है कि दक्षिण भारतीय अभिनेत्री निवेदा पेशुराज की पैगंबर मोहम्मद पर कथित टिप्पणी से नाराज होकर क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय और डाकघर को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी दी गई है। उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी तत्काल पुलिस और संबंधित सुरक्षा एजेंसियों को दे दी गई है। फिलहाल डाकघर और पासपोर्ट कार्यालय में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और सभी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

गयाजी के नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी एसपी) अभिनव ने मीडिया से बातचीत में बताया कि धमकी की सूचना मिलते ही पुलिस लाइन से बम निरोधक दस्ते को मौके पर भेजा गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस हर पहलू की गंभीरता से जांच कर रही है और धमकी भेजने वाले की पहचान करने के लिए साइबर विशेषज्ञों की भी मदद ली जा रही है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल किसी भी स्थान से विस्फोटक सामग्री मिलने की पुष्टि नहीं हुई है। सुरक्षा एजेंसियां ई-मेल की तकनीकी जांच, आईपी एड्रेस की पड़ताल और अन्य डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर धमकी भेजने वाले तक पहुंचने का प्रयास कर रही हैं। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की है।

## संक्षिप्त खबरें

### मीनाक्षी नटराजन पहुंचीं हाई कोर्ट, राज्यसभा चुनाव में नामांकन निरस्त होने के फैसले को दी चुनौती



**भोपाल/जबलपुर।** मध्य प्रदेश से राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार रहीं वरिष्ठ नेता मीनाक्षी नटराजन ने अपना नामांकन रद्द किए जाने के फैसले को जबलपुर स्थित मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। नटराजन ने तय 45 दिनों की वैधानिक सीमा के भीतर याचिका दायर कर निर्वाचन आयोग के फैसले को गलत ठहराया है। मीनाक्षी नटराजन मंगलवार को जबलपुर पहुंचीं और उच्च न्यायालय में चुनाव याचिका दाखिल की। जबलपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए उन्होंने नियमानुसार निर्धारित 45 दिनों की समय-सीमा के भीतर यह याचिका दायर की है। नटराजन का आरोप है कि रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा उनका नामांकन पत्र बिना किसी ठोस और वैध कानूनी आधार के निरस्त किया गया था। जिस मामले का संज्ञान तक नहीं लिया गया था, उसे ही आधार बनाकर उनकी आपत्तियों को खारिज कर दिया गया। उन्होंने कहा कि पहले चुनावों में 'वोटों की चोरी' के आरोप लगते थे, लेकिन इस बार तो पूरी की पूरी 'सीट ही चुरा' ली गई है। नटराजन ने भरोसा जताया कि उन्हें उच्च न्यायालय से न्याय जरूर मिलेगा।

### उच्चाधिकार समिति ने अरावली संरक्षण पर जनता से मांगे सुझाव

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित उच्चाधिकार समिति ने अरावली पहाड़ियों और पर्वत श्रृंखलाओं से जुड़े मामलों पर जनता, विशेषज्ञों और अन्य हितधारकों से सुझाव एवं अभ्यावेदन आमंत्रित किए हैं। समिति को 31 अगस्त 2026 तक अपनी व्यापक रिपोर्ट उच्चतम न्यायालय को सौंपनी है। उच्चतम न्यायालय ने 25 मई 2026 को स्वतः संज्ञान रिट याचिका (सिविल) संख्या 10/2025 में पारित आदेश के तहत इस उच्चाधिकार समिति का गठन किया था। समिति को अरावली क्षेत्र से जुड़े पर्यावरण, जैव विविधता, खनन, आजीविका और अन्य संबंधित मुद्दों की विस्तृत जांच का दायित्व सौंपा गया है। समिति ने दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात सहित अन्य राज्यों के हितधारकों, पर्यावरणविदों, संरक्षणवादियों, गैर-लाभकारी संगठनों, खनन पट्टा धारकों, परियोजना प्रस्तावकों, ग्रामीणों, किसानों, खदान श्रमिकों, स्थानीय समुदायों तथा विषय में वैध हित रखने वाले सभी व्यक्तियों और संस्थाओं से सुझाव मांगे हैं।

### सोनम वांगचुक की पत्नी ने दिल्ली हाई कोर्ट का आभार जताया



**नई दिल्ली।** पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे अंगमो ने मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के उस फैसले पर आभार जताया जिसमें उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने वांगचुक को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल से मेदांता अस्पताल में भर्ती कराने का आदेश दिया है। गीतांजलि ने एक्स पर लिखा, 'वांगचुक को हमारी पसंद के अस्पताल मेदांता में भर्ती करने के पक्ष में आदेश देने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय का दिल से धन्यवाद। बेहद मुश्किल हालात के बावजूद समय में मिली इस जीत के लिए अधिवक्ता अखिल सिब्बल, बहुली शर्मा और उनकी टीमों का भी दिल से शुक्रिया।' उल्लेखनीय है कि जंतर-मंतर पर अनशन पर बैठे सोनम वांगचुक को 21वें दिन दिल्ली पुलिस ने अस्पताल में भर्ती करा दिया था। यह आंदोलन शिक्षा प्रणाली में अनियमितता और नीट पेपर लीक को लेकर जारी है जिसका नेतृत्व सोशल मीडिया अभियान कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) कर रही है।

### सिक्किम सुरंग हादसे पर प्रधानमंत्री ने जताया शोक, दो-दो लाख की सहायता की घोषणा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिक्किम के नामची जिले में निमार्णाधीन सुरंग के ढहने की घटना में लोगों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से हादसे में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के निकटतम परिजन को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। इसके अलावा, प्रत्येक घायल को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस दुखद घटना से वह बेहद व्यथित हैं और इस कठिन समय में उनकी संवेदनाएं प्रभावित परिवारों के साथ हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि घायलों को हरसंभव चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

### अमित शाह ने मुख्यमंत्री को 'नामची' भूस्खलन पर हरसंभव सहायता का दिया आश्वासन




**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग से बातचीत कर नामची जिले में निमार्णाधीन सुरंग के पास हुए भूस्खलन के बाद की स्थिति और जारी राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी ली। शाह ने मुख्यमंत्री से कहा कि केंद्र सरकार इस कठिन समय में सिक्किम के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। उन्होंने बचाव अभियान को सफल बनाने तथा प्रभावित लोगों की सहायता के लिए केंद्र की ओर से हरसंभव मदद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। गृह मंत्री ने राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी एजेंसियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि फंसे लोगों को जल्द सुरक्षित बाहर निकाला जाएगा और प्रभावित परिवारों को हर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

### उपराष्ट्रपति ने सुरंग हादसे पर जताया दुख

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने सिक्किम के नामची जिले में बन रही सुरंग में हुए हादसे में लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने मंगलवार को एक्स पर लिखा, 'इस जिले में बन रही सुरंग में हुए हादसे में लोगों की मौत पर गहरा दुख हुआ। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। मैं प्रार्थना करता हूं कि जिन्होंने अपनों को खोया है उन्हें हिम्मत और साहस मिले, जो लोग फंसे हुए हैं उन्हें सुरक्षित निकाला जा सके और घायल लोग जल्द ठीक हो जाएं।' उल्लेखनीय है कि नामची जिले के समरदुंग, झोलुंगे में बन रही सुरंग के पास अचानक भूस्खलन होने के मलबे से निकासी द्वार बंद होने के कारण कई मजदूर अंदर फंस गए। तलाशी अभियान में सात मजदूरों की मौत की पुष्टि हुई है।

### भारत–अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में शंभू व खनौरी बॉर्डर पर जुटे पंजाब के हजारों किसान

# पुलिस ने बैरीकेड लगाकर दिल्ली कूच से रोका, बॉर्डर पर स्थिति बनी तनावपूर्ण

एजेंसी



**चंडीगढ़।** भारत-अमेरिका ट्रेड डील का विरोध के लिए पंजाब के अलग-अलग जिलों से दिल्ली कूच कर रहे किसानों को शंभू बॉर्डर पर रोक लिया गया। मंगलवार को भारी बारिश के बावजूद किसानों ने शंभू बॉर्डर पर ही धरना शुरू कर दिया। पुलिस बेरिकेडिंग तोड़कर हरियाणा के रास्ते दिल्ली जाने का प्रयास कर रहे कई किसानों को पुलिस ने हिरासत में भी लिया।

पंजाब व हरियाणा के कई जिलों में किसान नेताओं को घरों में नजरबंद करके पुलिस का पहरा लगा दिया गया है। किसान सुबह ही दिल्ली में किसान घाट जाने के लिए पटियाला-अंबाला के बीच बने शंभू बॉर्डर और संगरूर-जींद के बने खनौरी बॉर्डर पहुंच गए। इसका पता चलते ही हरियाणा पुलिस ने दोनों बॉर्डर पर बैरिकेडिंग कर उन्हें सील कर दिया। ऐसे में किसान आगे नहीं जा सके। हरियाणा की तरफ से दोनों बॉर्डरों पर भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। बॉर्डर पर जेसीबी मशीनें, वज्र वाहन तथा आंसू गैस की टीमें तैनात कर दी गई है।

पंजाब के विभिन्न जिलों से आने वाले किसान शंभू तथा खनौरी बॉर्डर पर जमा हो गए हैं। वहां पर पक्का मोर्चा लगाने की तैयारी की जा रही है। किसान मजदूर मोर्चा के संयोजक सरवण पंधेर इसकी अगुआई कर रहे हैं। शंभू बॉर्डर बंद किए जाने से जालंधर-दिल्ली नेशनल हाईवे पर गाड़ियों की आवाजाही ठप हो गई है। इसे देखते हुए हरियाणा पुलिस ने ट्रैफिक डायवर्ट कर दिया है।

इसी बीच हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा से किसान नेताओं की मीटिंग हुई, जिसके बाद किसान नेता सरवण पंधेर ने कहा कि कृषि मंत्री राणा की तरफ से कहा गया है कि गिरफ्तार किए गए किसान नेताओं को जल्द ही रिहा कर दिया जाएगा। पंधेर ने कहा कि किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी की रिहाई के बाद आंदोलन की आगे की रणनीति तय की जाएगी। इस दौरान अमेरिका भारत ट्रेड डील पर भी वार्ता होगी। इससे पहले किसान आंदोलन की वजह से हरियाणा-पंजाब का शंभू बॉर्डर 13 महीने (करीब 401 दिन) बंद रहा था। 13 फरवरी, 2024 को सील होने के बाद हाई कोर्ट के आदेश पर इसे 20 मार्च, 2025 को खोला गया। अब इसे फिलहाल दोबारा बंद किया गया है।

### किसान आंदोलन के चलते हरियाणा व पंजाब पुलिस ने दिल्ली मार्ग पर डायवर्ट किए रूट

**सोनीपत में भी पुलिस ने बॉर्डर किया सील, हजारों यात्री हुए परेशान**

चंडीगढ़। पंजाब के किसानों का दिल्ली कूच करने के बाद हरियाणा के एक दर्जन जिलों में पुलिस अलर्ट हो गई है। बॉर्डर जाम होने के कारण हजारों यात्रियों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने अमेरिका-भारत फ्री ट्रेड डील के विरोध में दिल्ली में महापंचायत बुलाई है। हरियाणा व पंजाब के किसान दिल्ली कूच करना चाहते हैं। किसानों के कूच को देखते हुए सोनीपत के कुंडली-सिंघु बॉर्डर पर करीब 4 किमी लंबा जाम लगा है। हरियाणा पुलिस वज्र वाहन तैनात कर वाहनों की सघन जांच कर रही है। जांच के बाद ही दिल्ली की ओर प्रवेश दिया जा रहा है। कुरुक्षेत्र में प्राइवेट बस से दिल्ली जा रहे किसानों को पुलिस ने ज्योतिसर चौकी के पास लगे नाके पर रोक लिया। बस में करीब 30 किसान थे, जिनको पुलिस ने हिरासत में लिया है। इनमें भारतीय किसान यूनियन पिहोवा के प्रवक्ता प्रिंस वड़ैच भी शामिल है। हिसार एरिया में दिल्ली पुलिस ने बहादुरगढ़-द्वारका बाईपास पर बैरिकेड लगा दिए है। निजी वाहन सख्त चेकिंग के बाद ही पास हो रहे हैं। शंभू बॉर्डर पर किसानों के बैठने से अमृतसर-दिल्ली, चंडीगढ़-दिल्ली राष्ट्रीय मार्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। बरसात के मौसम में यात्रियों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। हरियाणा के कुरुक्षेत्र, कैथल, सोनीपत आदि जिलों में पुलिस ने किसान नेताओं को हिरासत में लिया है।

### मप्र में बिजली कंपनी के इंजीनियर के ठिकानों पर लोकायुक्त का छापा

# आय से 258 फीसदी ज्यादा संपत्ति का हुआ खुलासा

एजेंसी

**इंदौर।** लोकायुक्त ने मंगलवार सुबह मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री (फाइनेंस) शिवराम सेमिल के नौ ठिकानों पर एक साथ छापामार कार्रवाई की। प्रारंभिक जांच में सेमिल के पास वैध आय की तुलना में करीब 258 फीसदी अधिक संपत्ति का खुलासा हुआ है। लोकायुक्त ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

लोकायुक्त टीम आज सुबह करीब 5.30 बजे सेमिल के इंदौर, पीथमपुर, धार और मुरैना स्थित कुल नौ ठिकानों पर छापे मारे। यह कार्रवाई लोकायुक्त एसपी राजेश सहाय के नेतृत्व में की गई। शुरूआती जांच में सेमिल के घर से 4 किलो चांदी, 300 ग्राम गोल्ड और 3 लाख कैश मिला है। इसके अलावा बेटे-बहू और दामाद के नाम पर करोड़ों की फैक्टरी, आलीशान बंगले, प्लॉट्स के दस्तावेज बरामद हुए हैं।

**● बेटे, बहू, दामाद के नाम करोड़ों की फैक्टरी, आलीशान बंगले, प्लॉट्स के दस्तावेज बरामद**



शिवराम सेमिल इन दिनों इंदौर स्थित पोलोग्राउंड कार्यालय में पदस्थ हैं। लोकायुक्त के अनुसार सेमिल ने अपने 33 वर्ष के सेवाकाल में वैध आय से कहीं अधिक संपत्ति अर्जित की है। जांच के दौरान इंदौर की सिलिकॉन सिटी स्थित सी-44 पर करीब एक करोड़ बीस लाख रुपये लागत का तीन मंजिला आलीशान मकान मिला। वहीं पीथमपुर सेक्टर-3 में पुत्र शुभम के नाम से शुभम इलेक्ट्रिकल नामक ट्रांसफार्मर निर्माण फैक्टरी मिली, जिसकी अनुमानित लागत एक करोड़ पच्चीस लाख रुपये आंकी गई है।

जांच में यह भी सामने आया कि पुत्रवधू और अन्य परिजनों के नाम से कर्निश पावरजोन फर्म पंजीकृत है, जिसकी शेयर पूंजी पचास लाख रुपये है। फर्म के नाम पर पीथमपुर में दो औद्योगिक भूखंड खरीदे गए हैं, जिनमें से एक पर पुरानी फैक्टरी संचालित है जबकि दूसरे पर नई फैक्टरी का निर्माण चल रहा है। इस पर अब तक करीब एक करोड़ रुपये खर्च होना पाया गया है।

लोकायुक्त को धार जिले के उज्जैनी औद्योगिक क्षेत्र में दामाद और पुत्र के नाम से संचालित 'एसएस इलेक्ट्रिकल्स' फर्म भी मिली। यहां तीन औद्योगिक भूखंडों पर लगभग एक करोड़ पचास लाख रुपये का निवेश सामने आया है। इसी क्षेत्र में कृष्णा पावर के नाम से एक अन्य भूखंड पर फैक्टरी निर्माण भी जारी मिला, जिस पर अब तक करीब दस लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है। जांच के दौरान रिश्तेदार के नाम से संचालित 'ए-वन इलेक्ट्रिकल' फैक्टरी भी मिली है, जिसमें करोड़ों रुपये के निवेश की जांच की जा रही है।

## मध्य प्रदेश विधानसभा में यूसीसी विधेयक पारित



एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा में मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को समान नागरिक संहिता (यूनिफॉर्म सिविल कोड-यूसीसी) विधेयक पारित हो गया है। इस बीच सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोंकझोंक, हंगामा और नारेबाजी हुई। कांग्रेस के विरोध के बावजूद विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कार्यवाही जारी रखते हुए बिल को पास घोषित कर दिया।

विधानसभा में आज मंत्री गौतम टेटवाल ने मध्य प्रदेश समान नागरिक संहिता विधेयक 2026 पर चर्चा के लिए सदन में प्रस्ताव पेश किया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने इसे प्रवर समिति के पास भेजने की मांग की, लेकिन सरकार ने इसे मंजूर नहीं किया। इसके बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोंकझोंक शुरू हो गई। कांग्रेस विधायक यूसीसी के विरोध में नारेबाजी

**● प्रवर समिति के पास भेजने की मांग खारिज**

करने लगे जबकि भाजपा विधायक और मंत्री बिल पर चर्चा कराने की मांग करते रहे। हंगामे के कारण विधानसभा की कार्यवाही पहले 10 मिनट और फिर 15 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी।

इसके बाद यूसीसी पर चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक बाला बच्चन ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाए। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, विधायक आतिफ अकील और आरिफ मसूद ने विधेयक को प्रवर समिति के पास भेजने, संविधान के अनुच्छेद 29 के तहत अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करने और इसे राजनीतिक एजेंडा बताते हुए विरोध दर्ज कराया लेकिन इसके बावजूद सरकार ने बिल को सदन से पास करा लिया।

## राहुल गांधी ने प्रदर्शन में घायल छात्रों से अस्पताल जाकर की मुलाकात, जाना हाल

एजेंसी



**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मंगलवार को दिल्ली के डॉ. राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल पहुंचे और जंतर-मंतर से संसद मार्च के दौरान घायल हुए छात्रों से मुलाकात की। उन्होंने घायलों का हालचाल जाना और डॉक्टरों से उनके उपचार की जानकारी ली। राहुल गांधी के साथ कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल और सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने अस्पताल में भर्ती छात्रों से बातचीत कर उनकी स्थिति की जानकारी ली। कांग्रेस के आधिकारिक एक्स हैंडल पर कहा गया कि राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और केसी वेणुगोपाल ने प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्रवाई और लाठीचार्ज में घायल हुए छात्रों से मुलाकात की। छात्रों का भविष्य दांव पर लगाया जा रहा है और आवाज उठाने पर उन पर लाठियां बरसाई जा रही हैं। सरकार को पेपर लीक मामले की जिम्मेदारी लेनी चाहिए और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि सोमवार को जंतर-मंतर से संसद की ओर मार्च कर रहे प्रदर्शनकारियों को रोकने के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई थी। इस दौरान पुलिस कार्रवाई में कई छात्र घायल हुए थे, जिन्हें उपचार के लिए विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

## आरएमएल अस्पताल में घायल युवाओं से मिले जेपी नड्डा, बेहतर इलाज के दिए निर्देश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा मंगलवार को अचानक कॉकरोच जनता पार्टी के संसद' मार्च के दौरान हुई झड़प और पुलिस कार्रवाई में घायल युवाओं का हाल जानने के लिए डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में स्वास्थ्य मंत्री ने घायल युवाओं से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने आरएमएल अस्पताल में डॉक्टरों के साथ बैठक की। उन्होंने डॉक्टरों की टीम से इलाज की जानकारी ली और सभी घायलों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके बाद वे लेडी हार्डिंग अस्पताल भी पहुंचे।

उल्लेखनीय है कि जंतर-मंतर से संसद की ओर मार्च के दौरान हुई झड़प में कई छात्र घायल हुए थे, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया



है। आर एम एल अस्पताल में 65 और लेडी हार्डिंग अस्पताल में 82 घायलों का इलाज चल रहा है। इन अस्पतालों में घायलों से मिलने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के नेता भी पहुंचने की खबर है।

# बेंगलुरु में आईएसआईएस भर्ती और फंडिंग नेटवर्क से जुड़े मामले में ईडी की आठ ठिकानों पर छापेमारी, अबतक चार आरोपित गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन आईएसआईएस के लिए भर्ती और फंडिंग से जुड़े धनशोधन मामले में शनिवार को बेंगलुरु में आठ स्थानों पर छापा मारा है। यह कार्रवाई राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की प्राथमिकी के आधार पर दर्ज प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) के तहत की गई।

ईडी के बेंगलुरु क्षेत्रीय कार्यालय अनुसार, मामला बेंगलुरु स्थित 'इकरा वेलफेयर ट्रस्ट', 'गाइडेंस फॉर मैनकाइंड' और उनसे जुड़े अन्य व्यक्तियों से संबंधित है। एनआईए ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की धारा 17 (आतंकवाद के लिए धन जुटाना), धारा 18 (आतंकी गतिविधियों की तैयारी) और धारा 18-बी (आतंकी संगठन के लिए भर्ती) के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। जांच में अब तक चार आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस मामले में एनआईए ने इरफान नासिर, अहमद अब्दुल कादर, मोहम्मद तौकीर महमूद, जुहाब हमीद शकील मन्ना और मोहम्मद शिहाब के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल भी कर दिया है।




आरोपपत्र के अनुसार सभी आरोपित प्रतिबंधित आतंकी संगठन आईएसआईएस/ आईएसआईएल/ दाएश से जुड़े थे। उन्होंने बेंगलुरु के मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाकर आईएसआईएस में शामिल कराने की साजिश रची। जांच में सामने आया कि 'इकरा कैंप' नामक व्यक्तित्व विकास कार्यशाला और उससे जुड़े साप्ताहिक 'कुरान सर्किल' के माध्यम से युवाओं की पहचान कर उन्हें कट्टरपंथ की ओर प्रेरित किया गया।

आरोपितों ने धन जुटाने और उसे विभिन्न माध्यमों से स्थानांतरित करने के अलावा युवाओं की तुर्किये के रास्ते सीरिया तक अवैध यात्रा की व्यवस्था की, ताकि वे आईएसआईएस में शामिल होकर सीरियाई सरकार के खिलाफ लड़ सकें। आरोपपत्र में इसे भारत सरकार के सहयोगी देश सीरिया के खिलाफ युद्ध जैसी गतिविधियों में शामिल होना बताया गया है।

एनआईए की जांच में सामने आया कि समूह ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) विरोधी प्रदर्शनों से जुड़े भावनात्मक मुद्दों का इस्तेमाल कर मुस्लिम समुदाय को भड़काने तथा सुरक्षित सोशल मीडिया मंचों के जरिए आईएसआईएस की विचारधारा फैलाने का प्रयास किया।ईडी के अनुसार, आरोपितों ने व्यक्तियों, ट्रस्टों और अपनी बचत से धन एकत्र कर युवाओं की भर्ती और उनकी विदेश यात्रा के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई। तलाशी के दौरान बरामद दस्तावेजों और डिजिटल साक्ष्यों की जांच की जा रही है। मामले में आगे की जांच जारी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित।
प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* (*पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न०8340571405, 9955023741